* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
26 सितंबर, 2023
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 336

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा



राहुल गांधी ने स्लीपर कोच में बिलासपुर से रायपुर 117 किमी का सफर किया, लोगों से उनकी समस्याएं जानीं









## पीएम ने मध्यप्रदेश में कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित किया

# कुनीति, कुशासन और भ्रष्टाचार कांग्रेस शासन की पहचान: मोदी

- प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए पर निशाना साधा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस के शासन की कुनीति, कुशासन और करोड़ों का भ्रष्टाचार पहचान थी। आजादी के बाद मध्यप्रदेश में लंबे समय तक कांग्रेस का ही शासन रहा। इस दौरान कांग्रेस ने साधन संपन्न मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया। गैर कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टी, हजारों करोड़ों के घोटाले का इतिहास रचनेवाली पार्टी, वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति करनेवाली पार्टी को जरा भी मौका मिल गया, तो मध्यप्रदेश को बहुत बड़ा नुकसान होगा। कांग्रेस एक बार फिर मध्यप्रदेश को बीमारू बना देगी। प्रधानमंत्री सोमवार को जयपुर में कार्यकर्ता महाकुंभ सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार उपलब्धियों को गिनाया, तो कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए पर जम कर बरसे।



### मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार को लगभग 20 साल पूरे हो चुके

प्रधानमंत्री ने युवाओं को भाजपा के लिए वोट करने की अपील करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार को लगभग 20 साल पूरे हो चुके हैं, यानि जो युवा इस बार के चुनावों में पहली बार वोट डालेंगे, उन्होंने भाजपा की सरकार को ही देखा है। ये युवा सौभाग्यशाली हैं कि इन्होंने मध्यप्रदेश में कांग्रेस का बुरा शासन और बुराइयां देखी नहीं हैं। इसके बारे में ये युवा अपने माता-पिता और दादा-दादी से पूछें, तो आपको पता चलेगा कि कांग्रेस के राज में कितना भ्रष्टाचार था। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का जनसैलाब, ये उमंग, ये उत्साह, ये कार्यकर्ता का महाकुंभ, महासंकल्प बहुत कुछ कहता है। ये दिखाता है कि मध्य प्रदेश के मन में क्या है।

### मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी

प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है। जब मोदी गारंटी देता है, तो वो जमीन पर उतरती है। घर-घर पहुंचती है। प्रधानमंत्री ने शौचालय निर्माण, महिलाओं, किसानों, छोटे कारोबारियों, गरीबों समेत सभी वर्गों के हित में सरकार द्वारा उठाये गये कदम, शुरू की गयी योजनाओं आदि का जिक्र किया।

### कांग्रेस जंग लगा हुआ लोहा है

मोदी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ एक परिवार का गौरवगान करने में जुटी रही है। कांग्रेस, भारत में भ्रष्ट व्यवस्था को पोषित करने में ही जुटी रही है। कांग्रेस न खुद बदलना चाहती है और न ही देश को बदलने देना चाहती है। देश समृद्धि की तरफ बढ़ने के लिए घोर परिश्रम कर रहा है, लेकिन कांग्रेस देश को 20वीं शताब्दी में ले जाना चाहती है। कांग्रेस, जंग लगा हुआ वो लोहा है, जो बारिश में रखे-रखे खत्म हो जाता है। अब कांग्रेस में न देखने का सामर्थ्य बचा है और न ही देशहित को समझने का। वह लोगों को बहकाने की कोशिश करेंगे, लेकिन उनकी बातों में नहीं आना है। विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि हाल ही में संसद में हमने महिला आरक्षण कानून पास किया है। ये नारी शक्ति वंदन बिल काफी पहले ही पास हो जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। हालांकि, इस बार घमंडिया गठबंधन की हिम्मत नहीं हुई कि इस बिल के खिलाफ जायें।

# निलंबित आइएएस पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली बेल

## अब अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मनी लांड्रिंग की आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच में सुनवाई हुई। पूजा सिंघल की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने बहस की। वहीं इडी की ओर से एएसजी (असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल) एस वी राजू ने पक्ष रखा। पूजा सिंघल के अधिवक्ता ने कोर्ट से बेल देने का आग्रह किया, जिसका इडी के अधिवक्ता ने पुरजोर विरोध किया। इसके बाद शीर्ष अदालत ने जमानत अर्जी पर अगली सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तिथि निर्धारित कर दी।

गौरतलब है कि इसी वर्ष 12 अप्रैल को पूजा सिंघल ने रांची इडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था। तब से वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं। वहीं 11 मई को झारखंड के खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले में इडी ने पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था। उनके पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम बेल दी थी।

# शिबू सोरेन लोकपाल मामला : दिल्ली हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दिल्ली हाइकोर्ट में झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले में सुनवाई पूरी हो गयी है। इस मामले से जुड़े सभी पक्षों की पूरी बहस सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। पूर्व की सुनवाई में अदालत ने डीए (आय से अधिक संपति) मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के सामने कार्यवाही पर रोक लगा दी थी, जिसे फैसला आने तक बरकरार रखा गया है। दरअसल, भारत के लोकपाल की ओर से शिबू सोरेन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले की जांच की जा रही है। इस जांच के खिलाफ झामुमो सुप्रीमो और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने दिल्ली हाइकोर्ट का रुख किया था।

शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआइ को प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अदालत ने शिबू सोरेन की याचिका पर सुनवाई की। शिबू सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने पक्ष रखा। वहीं लोकपाल की ओर से सॉलिसिटर जेनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता पक्ष रखा है।

## न्यूज रील्स

### रक्षामंत्री ने स्वास्तिक बना कर वायुसेना को सी-295 सौंपा

गाजियाबाद। गाजियाबाद में एयरफोर्स के हिंडन एयरबेस पर सोमवार को भारत की ड्रोन शक्ति का प्रदर्शन हुआ। देशभर की कंपनियां अपने हाइटेक ड्रोन लेकर पहुंचीं। इस दौरान किसी ड्रोन ने आसमान से ही संदिग्ध चीज को कैप्चर किया तो किसी ड्रोन ने आतंकियों के डमी ठिकानों पर बम गिरा कर उसे नेस्तनाबूद किया। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सी-295 एयरक्राफ्ट की चाबी भी वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी को सौंपी। उन्होंने रोली से एयरक्राफ्ट पर स्वास्तिक बनाया। एयरक्राफ्ट को रक्षा सूत्र बांधा।

### 1500 रुपये के लिए महादलित महिला को नंगा कर पीटा

पटना। पटना में एक महादलित महिला की नग्न अवस्था में बेरहमी से पिटाई कर दी गयी। दबंग ने अपने बेटे से महिला के मुंह पर पेशाब भी करवाया। महिला का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि पंचायत के दबंग प्रमोद सिंह से मेरे पति ने 1500 रुपए कर्ज लिया था। यह पैसा लौटा भी दिया गया था। इसके बावजूद नंगा कर मारपीट की।

### नीतीश कुमार बोले एनडीए में जाने की बात फालतू

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि एनडीए में जाने की सब फालतू बात है। इसमें मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है। मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है, विपक्ष को एकजुट करना। वह मीडिया के सवाल का जवाब दे रहे थे। उधर, पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार एक राजनीतिक बोझ बन गये हैं। अब वे नाक भी रगड़ लेंगे तो एनडीए में उनकी एंट्री नहीं होने जा रही है।

## सांसद राहुल गांधी ने बिलासपुर में लांच की 'आवास न्याय योजना'

# देश में दो रिमोट कंट्रोल, भाजपा चोरी-छिपे दबाती : राहुल गांधी

- प्रधानमंत्री और भाजपा पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिलासपुर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को बिलासपुर में आवास न्याय योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने जिस रिमोट कंट्रोल से योजना का शुभारंभ किया, उसे दिखाते हुए भाजपा और प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि भाजपा रिमोट कंट्रोल को चोरी-छिपे दबाती है। हमने कैमरा के सामने में रिमोट कंट्रोल दबाया। पीएम नरेंद्र मोदी चोरी चुपके कंट्रोल दबाते हैं, जैसे रिमोट दबता है एक तरफ अडानी को मुंबई का एयरपोर्ट मिल जाता है। जब दोबारा दबाते हैं अडाणी को रेलवे का कांट्रैक्ट मिल जाता है। फिर दबाते हैं इंफ्रास्ट्रक्चर मिल जाता है। देश में दो रिमोट कंट्रोल चल रहा है। यह एक मेरा, जो सबके सामने चलता है। हम इसे दबाते हैं तो किसानों के खाते में पैसा चला जाता है। 2500 क्विंटल धान में मिलता है। अंग्रेजी स्कूल खुलते हैं, लेकिन भाजपा दबाती है तब पब्लिक सेक्टर प्राइवेट हो जाता है। आपका जल, जंगल, जमीन उनके छुपे बटन से अडानी के हवाले हो जाता है। रिमोट क्रंटोल दूसरी तरफ भी रिमोट कंट्रोल है।

राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी जहां भी जाते हैं ,ओबीसी वर्ग की बात करते हैं। कांग्रेस पार्टी के पास हर जाति के लोगों का डाटा है। केंद्र सरकार के पास भी है, लेकिन नरेंद्र मोदी वह डाटा देश को नहीं दिखाना चाहते। हिंदुस्तान की सरकार को सांसद नहीं चलाते हैं। सरकार को सेक्रेटरी और कैबिनेट सेक्रेटरी चलते हैं।

# भारत ने एशियाड क्रिकेट में पहली बार जीता गोल्ड

- वीमेंस फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराया

एजेंसी



**हांगझोऊ।** भारत ने एशियन गेम्स के वीमेंस क्रिकेट इवेंट में गोल्ड मेडल जीत लिया है। सोमवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 19 रन से हराया। यह भारत का एशियन गेम्स के क्रिकेट इवेंट में पहला मेडल है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने किसी एशियन गेम्स में हिस्सा नहीं लिया था। भारतीय टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 116 रन बनाये। श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 97 रन ही बना सकी। भारत के लिए तितास साधु ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिये।

*(विस्तृत खबर पेज-10 पर)*

### भारत 11 पदकों के साथ छठे स्थान पर

हांगझोऊ । भारतीय दल ने हांगझोऊ में एशियाई खेल 2023 की शुरूआत शानदार अंदाज में की है। भारत ने पहला पदक 24 सितंबर को जीता था और उसके बाद से जीत का सिलसिला जारी है। भारत के लिए हांगझोऊ में महिला शूटिंग टीम ने 24 सितंबर को पदक का खाता खोला था। एशियाई खेलों का आधिकारिक आगाज होने के बाद पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों ने देश को पांच पदक दिलाये। दूसरे दिन शूटिंग टीम ने भारत को पहला और महिला क्रिकेट टीम ने दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। भारत के पदकों की कुल संख्या 11 हो चुकी है। वह छठे स्थान पर है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No.1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,800 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# मिशन 2024 को साधने के लिए सक्रिय हुआ संघ

## ■ संघ प्रमुख के यूपी प्रवास से पहले भाजपा के साथ तय की गयी रणनीति

## ■ हर कीमत पर मोदी की हैट्रिक जीत सुनिश्चित करने के लिए बना रोडमैप

## ■ दलितों-पिछड़ों के साथ महिलाओं पर विशेष फोकस देने का हुआ फैसला

आजाद सिपाही विशेष

**आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा की लगातार तीसरी जीत और मोदी की हैट्रिक ताजपोशी के लिए दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक-सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मोर्चा संभाल लिया है। सर संघचालक डॉ मोहन भागवत के हाल में उत्तरप्रदेश प्रवास से ठीक पहले संघ और भाजपा ने इस मुद्दे पर मैराथन मंथन किया। बैठक में मिशन 2024 को लेकर दलितों-पिछड़ों में पैठ बढ़ाने, वैचारिक संगठनों की सुनवाई, संगठन और सरकार के बेहतर तालमेल, थाना-तहसील स्तर पर प्रभावी सुनवाई सहित तमाम विषयों पर चर्चा हुई। इसके अलावा संघ और पार्टी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर भी मंथन किया गया। बैठक में उन चुनावी राज्यों पर खास ध्यान देने का फैसला किया गया, जहां इस साल के अंत और अगले साल लोकसभा चुनाव के फौरन बाद चुनाव होनेवाले हैं। बैठक के तुरंत बाद संघ प्रमुख भी यूपी प्रवास पर पहुंचे, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत हिंदी पट्टी के दूसरे राज्यों के सीएम भी उनसे अलग-अलग मिलने पहुंचे। इन बैठकों के दौरान अगले चुनाव में हर कीमत पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने और नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की रणनीति तैयार की गयी। संघ प्रमुख ने गैर-भाजपा शासित राज्यों को अलग श्रेणी में रख कर वहां के लिए अलग से रोडमैप तैयार करने पर जोर दिया। संघ और भाजपा के बीच हुए इस महामंथन के बाद से राजनीतिक तापमान बढ़ने लगा है। इस बढ़े हुए राजनीतिक तापमान का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा पूरे देश में चुनावी पिच को मजबूत करेंगे। वहीं विपक्षी गठबंधन को भी चारों ओर से घेरेंगे। यह रणनीति संघ और भाजपा के बीच हुई कई दौर की बैठकों के बाद तय की गयी है। बैठकों में सामाजिक सरोकार के साथ राष्ट्रवाद के मुद्दों को आगे बढ़ाने पर भी मंथन हुआ। बैठकों का पहला चरण संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत के यूपी प्रवास से ठीक पहले आयोजित किया गया, जबकि बाद में यूपी समेत हिंदी पट्टी के भाजपा शासित राज्यों के सीएम और संघ प्रमुख के बीच बैठक हुई।

### कई मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई

संघ और भाजपा के बीच संपन्न बैठक के बाद से ही राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। इन बैठकों में मोदी सरकार और भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के कामकाज पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में अवैध घुसपैठ और सरकारी जमीनों पर मस्जिद और मजार बनाने का मुद्दा भी उठाया गया। इसके अलावा विद्यालयों की मान्यता, विद्यालयों के भूमि आवंटन कराने से जुड़े मुद्दे, धर्मांतरण, लव जिहाद और उद्यमियों से जुड़े मुद्दे भी बैठक में रखे गये। बैठक में जो रणनीति तय की गयी है, उसके अनुसार, भाजपा अब उन क्षेत्रों पर अधिक फोकस करेगी, जहां पिछले चुनाव में उसकी स्थिति कमजोर थी। संघ और इसके अनुषांगिक संगठनों को ऐसे क्षेत्रों में गतिविधियां बढ़ाने और मोदी सरकार की उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी दी गयी है। इसके अलावा यह फैसला भी किया गया है कि दलितों और पिछड़े वर्ग के बीच पकड़ मजबूत करने के लिए भी संघ और भाजपा के संगठन मिल कर काम करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब संघ, इसके सभी अनुषांगिक संगठन, भाजपा और इससे जुड़े मोर्चे पूरी तरह चुनावी तैयारी में जुट जायेंगे। यदि कहीं कोई दिक्कत है, तो उसका आपसी बातचीत से समाधान किया जायेगा। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर निर्माण, प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास सहित राष्ट्रवाद के अन्य मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाने पर भी मंथन हुआ। बैठक में भाजपा और सरकारों को संघ के अनुषांगिक संगठनों के साथ समन्वय और संपर्क बढ़ाने को कहा गया। उनसे जमीनी फीडबैक प्राप्त कर व्यवस्था में सुधार करने और उन संगठनों से जुड़ी शिकायतों और समस्याओं का समाधान भी करने को कहा गया।



### महिलाओं के लिए खुलेगा संघ का दरवाजा

बैठक में गांव-गांव तक दलित और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी बात हुई। इसके अलावा आनेवाले समय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद समेत अन्य संगठनों में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। किसान संघ, शिक्षक संघ, हिंदू जागरण मंच, विद्या भारती और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में प्रमुख पदों पर महिलाओं की नियुक्ति की जा सकती है। बैठक के दौरान यह भी तय हुआ कि संघ हर जिले में महिला सम्मेलन का आयोजन करेगा। उसके इस काम में भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और हिंदू जागरण मंच समेत अन्य संगठन सहयोग करेंगे। यह एक बड़ा कदम साबित हो सकता है, क्योंकि अभी तक संघ की व्यवस्था में महिलाओं का सीधा हस्तक्षेप नहीं था। बस राष्ट्र सेविका समिति के दरवाजे ही उनके लिए खुले थे। संघ के लोगों का दावा है कि अब सहयोगी संगठनों के भी प्रमुख पदों पर महिलाओं को जिम्मेदारी दी जायेगी।

### संघ की पुरानी छवि से बाहर निकलने की कोशिश

देश में जहां एक तरफ महिला आरक्षण की चर्चा हो रही है, वहीं शुरू से ही संघ पर महिला विरोधी होने के आरोप लगते आये हैं। केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण विधेयक पेश करने के बाद अब संघ अपनी पुरानी छवि को तोड़ कर बाहर निकलने की जद्दोजहाद में जुट गया है। बैठक में तय हुआ है कि संघ खुद ही महिला विरोधी छवि को तोड़ेगा। कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों का आरोप है कि संघ की शाखा में केवल पुरुष ही दिखाई देते हैं। बैठक के बाद से अब ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले समय में अब शाखाओं में महिलाएं भी दिखाई देंगी। यहां तक कि विश्व हिंदू परिषद, किसान संघ, शिक्षक संघ, हिंदू जागरण मंच, विद्या भारती और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में प्रमुख पदों पर भी महिलाओं की नियुक्ति की जा सकती है।

### टिकट वितरण के लिए फीडबैक एकमात्र आधार

बैठक में तय किया गया है कि इस बार संसदीय चुनाव में टिकट वितरण का एकमात्र आधार जमीनी फीडबैक होगा, जो पिछले छह महीने से लगातार जारी है। जिन मौजूदा सांसदों की रिपोर्ट खराब या थोड़ी भी कमजोर होगी, उन्हें टिकट नहीं मिलेगा, बल्कि उनके विकल्प के रूप में नये चेहरों को प्राथमिकता दी जायेगी। संघ से जुड़े लोग ही स्थानीय पार्टी नेताओं के साथ वैकल्पिक नाम का सुझाव देंगे। ऐसे मौजूदा सांसदों का टिकट काटने से पहले स्थानीय राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखा जायेगा।

### राजनीतिक गतिविधियां बढ़ाने का निर्देश

बैठक के दौरान भाजपा को राजनीतिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए कहा गया। इसके तहत बड़ी रैलियों की बजाय छोटी-छोटी सभाओं पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया गया। इन सभाओं में स्थानीय स्तर पर प्रभावशाली लोगों को सम्मानित करने, विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित करने और स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक आयोजनों पर फोकस करने को कहा गया।

---

# करम पूजा के लिए फूल लाने गये युवक की डूबने से मौत, मातम में बदली खुशियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह में एक बार फिर से करम पूजा की खुशियां मातम में पसर गयी हैं। इस बार करम पूजा के लिए तालाब से फूल लाने गये एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना इलाके के गंभरा निवासी विजय यादव (34 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बारे में

**हरियाणा में काम करता था विजय, करम पर्व मनाने आया था**

बताया गया कि विजय यादव हरियाणा में रह कर काम करता था। कल ही करम पर्व मनाने के लिए गंभरा गांव आया और सोमवार को गांव के तालाब स्थित मंदिर गया हुआ था। तालाब में पानी अधिक रहने के कारण विजय तालाब में डूब गया। जब इसकी जानकारी आस-पास के लोगों को मिली, तो किसी तरह उसे तालाब से बाहर निकाल कर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

# नल जल योजना कर्मी को मुखिया पति ने पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**ठेका कंपनी के कर्मियों ने मुखिया से किया दुर्व्यवहार और फाड़े कपड़े, मामला दर्ज**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर थाना अंतर्गत जामिद पंचायत के ठेसापीढ में नल जल योजना का काम करा रहे ठेका कंपनी सिद्धार्थ इंटरप्राइजेज के मजदूर महमूद शेख के साथ मुखिया पति ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घायल मजदूर को ठेका कंपनी के अन्य कर्मचारियों ने चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। घायल कर्मचारी की स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया है। घटना के संबंध में मजदूर महमूद शेख ने बताया कि जामिद पंचायत की मुखिया कुंती सरदार के पति हरीश मुंडा रविवार शाम 6 बजे अपने दो-तीन साथियों के साथ आये और बिना कोई कारण बताये सीधे मारपीट करने लगे।

**मुखिया का पति पिछले कुछ दिनों से कर रहे थे परेशान: शब्बीर आलम**

ठेका कंपनी के कर्मचारी शब्बीर आलम ने बताया कि जामिद पंचायत की मुखिया कुंती सरदार के पति हरीश मुंडा पिछले कुछ दिनों से पंचायत में काम करने से हमें परेशान कर रहे थे। वे नल जल योजना के काम को बंद करने की बात कहते थे।

# करम पर्व पर विशेष : अपन करम भइयक धरम



डॉ रीझू नायक

अपन करम भइयक धरम अर्थात अपना कर्म भाई का धर्म बहन कहती है। बहनों के प्रति भाइयों को भी कर्तव्य धर्म का बोध कराता है करम परब। झारखंडियों को पूर्वजों द्वारा विरासत में मिला है।

यह पर्व भाई-बहन के अप्रतिम प्यार, प्रकृति बचाव-लगाव संबंध, समाज में एक दूसरे के साथ भाईचारा, समता, समरसता, सद्भावना, रीझ रंग का अद्वितीय और अनोखा पर्व करम पर्व है।

कुंआरी बहनें नौ दिनों तक जावा की सेवा कर पानी, धूप दीपक से जगाती हैं। भागो एकादशी को गांव के पाहान अखरा में विधिवत पूजा करते हैं। कुंवारी करमितीन जावा को करम बाबा को समर्पित करती हैं। युवतियां अपने भाई के धर्म के लिए सुविधा के लिए अपना कर्म, धर्म समझ कर करती हैं। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। कर्म ही धर्म है, धर्म ही करम है, कर्म ही जीवन है, कर्म ही आनंद है, कर्म ही त्याग तपस्या है। ऐसा आदिवासी और सदनों के जीवन दर्शन हैं।

यह पर्व झारखंड में आदिवासी और सदान सभी मिल कर मनाते हैं। करम पेड़ कर्म का प्रतीक है।



यही असाधारण बातों को मान कर झारखंडी समाज चलते आ रहा है। करम पर्व एक ओर भाई बहन के अगाध प्रेम को प्रगाढ़ करता है। दुनिया में कहीं नहीं है कि बहन धर्म करे, अच्छा कर्म करे और उल्टा फल भाई को मिले। दूसरी तरफ अखरा संस्कृति को जीवित करता है। राजा, रंक, अमीर गरीब, भाई बहन, माता-पिता, चाचा चाचा, दादा दादी सब नाच गान करते हैं, बिना भेदभाव के, समानता और समरसता के भाव अखरा संस्कृति में अनादि काल से चली आ रही है। करम पर्व में ही अनेक राग रागिनी, गीत संगीत नृत्य करते हैं। पहर पहर नृत्य गीत वादन होते हैं। आदिवासी और सदानों का मुख्य पर्व करम एक पहचान है। अस्तित्व है। प्रकृति संस्कृति गौरवपूर्ण है। रीति रिवाज, गीत नृत्य, वादन, जो अनमोल धरोहर है। इस अनमोल धरोहर को अक्षुण्ण रखने की आवश्यकता है। इसे बनाये और बचाये रखने के साथ सुरक्षित, संरक्षित और परिष्कृत करने की आवश्यकता है, ताकि आनेवाली भावी पीढ़ी अखरा संस्कृति और करम पर्व, गीत नृत्य से रूबरू हो सके। सारे आदिवासी और सदान, सभी कलाकार होते थे। सभी लोग गायन, वादन, नर्तन में से किसी न किसी में निपुण होते थे। लेकिन वर्तमान परिवेश में स्थिति बदली है। गायन वादन की जगह ऑडियो वीडियो ने स्थान ले रखा है, जो संस्कृति की विकृति है। आज की पीढ़ी न गायन, न वादन में रुचि रखती है। दूसरे के गीत संगीत और फुहड़ता, अश्लीलता पर निर्भर हो रहे हैं, जबकि झारखंडी संस्कृति में अश्लीलता का कोई स्थान नहीं है। यह अपार चिंता का विषय है। पूर्वजों का दिया अद्भुत अखरा संस्कृति की ओर चलें, शुरूआत करें और अपनी संस्कृति पर नाज करें।

अन दिना करम जंगले पहाड़े
गोई आइज करम, आइज करम अंगने दुवारे
गोई आइज करम...!

**(लेखक : सहायक प्राध्यापक, स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची हैं।)**

# एनआइए ने आतंकी उमर से पूछताछ की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आइएसआइएस) झारखंड मॉड्यूल मामले में एनआइए (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) ने गिरफ्तार आतंकी से पूछताछ की है। रांची की एनआइए ब्रांच ने आतंकी राहुल सेन उर्फ उमर से पांच दिनों तक पूछताछ की है।

**14 सितंबर को छह राज्यों के नौ ठिकानों पर एनआइए ने की थी छापेमारी**

गौरतलब है कि बीते 14 सितंबर को आइएसआइएस झारखंड मॉड्यूल मामले का भंडाफोड़ करने के लिए एनआइए ने छह राज्यों के नौ ठिकानों पर छापेमारी की थी। एनआइए ने छह राज्यों में जिन स्थानों पर छापेमारी की थी, उसमें बिहार का सीवान, उत्तरप्रदेश का जौनपुर, आजमगढ़ और महाराजगंज, मध्यप्रदेश का रतलाम, पंजाब का लुधियाना, गोवा का दक्षिण गोवा, कर्नाटक का यादगीर और महाराष्ट्र का मुंबई शामिल था। छापेमारी के दौरान एजेंसी ने देश में आतंक फैलाने की साजिश में शामिल राहुल सेन उर्फ उमर उर्फ उमर बहादुर को गिरफ्तार किया था। उसके पास से इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल डिवाइस (लैपटॉप, पेन ड्राइव), कई आपत्तिजनक सामग्री, एक चाकू, एक पर्दा और आइएसआइएस से संबंधित कई दस्तावेज बरामद किये थे।

### आइएसआइएस के झारखंड मॉड्यूल का ऐसे हुआ खुलासा

आइएसआइएस झारखंड मॉड्यूल का खुलासा इस साल जुलाई में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के एक छात्र फैजान की गिरफ्तारी के बाद हुआ था। छात्र फैजान मूल रूप से लोहरदगा जिले का रहने वाला है। वह एएमयू परिसर के पास रहने के दौरान आइएसआइएस से जुड़े कट्टरपंथी व्यक्तियों के संपर्क में आया था, जिसके बाद 23 साल के उमर को आइएसआइएस के दुष्प्रचार के प्रसार सहित आतंकी साजिश में सक्रिय भूमिका के लिए रतलाम से गिरफ्तार किया गया था। एनआइए की जांच में खुलासा हुआ कि 19 साल के फैजान ने आइएसआइएस को आतंकवादी गतिविधियों में सहायता करने और बढ़ावा देने के इरादे से सोशल मीडिया के जरिये अपने सहयोगियों और अज्ञात अन्य लोगों के साथ झारखंड आतंकी मॉड्यूल की साजिश रची थी। इस साजिश का उद्देश्य आइएसआइएस की ओर से भारत में हिंसक आतंकी हमले करना, भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाना और प्रतिबंधित संगठन के लिए काम करने के लिए युवाओं की भर्ती करना था। इसी मामले की जांच रांची की एनआइए ब्रांच कर रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 32.0 °C | 22.0 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.44 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.39 बजे | |



# पेसा कानून को दिया गया अंतिम रूप

## ग्रामसभा को आदिवासियों की जमीन वापसी का अधिकार मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकार ने सभी आपत्तियों और सुझावों पर तर्कसंगत फैसला करते हुए पेसा रूल-2022 को अंतिम रूप दे दिया है। पेसा रूल में ग्रामसभाओं को शक्तिशाली और अधिकार संपन्न बनाने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत ग्रामसभा की बैठकों की अध्यक्षता मानकी, मुंडा आदि पारंपरिक प्रधान ही करेंगे। ग्रामसभा की सहमति के बिना जमीन का अधिग्रहण नहीं किया जा सकेगा। ग्रामसभा का फैसला ही अंतिम होगा। आदिवासियों की जमीन खरीद-बिक्री मामले में भी ग्रामसभा की सहमति की बाध्यता होगी। ग्रामसभा गांव में विधि-व्यवस्था बहाल करने के उद्देश्य से आइपीसी की कुल-36 धाराओं के तहत अपराध करनेवालों पर न्यूनतम 10 रुपये से अधिकतम 1000 रुपये तक का दंड लगा सकेंगी। दंड की अपील पारंपरिक उच्च स्तर के बाद सीधे हाइकोर्ट में किया जायेगा। पेसा रूल में पुलिस की भूमिका निर्धारित करते हुए किसी की गिरफ्तारी के 48 घंटे के अंदर गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी ग्रामसभा को देने की बाध्यता तय की गयी है। ग्रामसभा को आदिवासियों की जमीन वापस कराने का अधिकार भी दिया गया है।

### 31 अगस्त तक सरकार ने मांगी थी आपत्तियां और सुझाव

राज्य सरकार द्वारा जारी पेसा रूल के प्रारूप पर 31 अगस्त तक आपत्तियां और सुझाव मांगे गये थे। इसके आलोक में कई संगठनों ने रूल के प्रारूप पर आपत्तियां दर्ज करायी थीं। साथ ही कई सुझाव भी दिये थे। सरकार ने उन आपत्तियों और सुझावों को अस्वीकार कर दिया है, जो हाइकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और पेसा अधिनियम, झारखंड पंचायत राज अधिनियम-2001 के प्रावधानों के विपरीत थे। साथ ही नियम संगत सुझावों को स्वीकार करते हुए पेसा रूल-2022 को अंतिम रूप दिया है। इसमें कुल 17 अध्याय और 36 धाराएं हैं। सरकार ने जिन महत्वपूर्ण सुझावों को स्वीकार किया है, उसमें ग्रामसभा के लिए अलग कोष, लाभुकों के चयन का अधिकार, परंपराओं के संरक्षण, परंपराओं का पालन, विभाग द्वारा बनायी जानेवाली योजनाओं को लागू करने से पहले ग्रामसभा की सहमति के अलावा मजदूरों को बाहर ले जाने से पहले उनकी विस्तृत जानकारी ग्रामसभा को देना सहित अन्य मुद्दे शामिल हैं।

### ग्रामसभा में कोष स्थापित करने का प्रावधान

पेसा रूल में ग्रामसभा में कोष स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। इसे अन्न कोष, श्रम कोष, वस्तु कोष, नकद कोष के नाम से जाना जायेगा। नकद कोष में दान, प्रोत्साहन राशि, दंड, शुल्क, वन उपज से मिलने वाली रॉयल्टी, तालाब, बाजार आदि के लीज से मिलनेवाली राशि रखी जायेगी। ग्रामसभा में बक्से में बंद कर अधिकतम 10 हजार रुपये ही रखे जायेंगे। इससे अधिक जमा हुई राशि को बैंक खाते में रखा जायेगा।

### जमीन अधिग्रहण और पुनर्वास में ग्रामसभा की सहमति जरूरी



पेसा रूल में ग्रामसभा को जमीन पर भी अधिकार दिया है। इसके तहत जमीन अधिग्रहण और पुनर्वास के मामलों में ग्रामसभा की सहमति की बाध्यता तय की गयी है। ग्रामसभा को आदिवासियों की जमीन वापसी का अधिकार भी दिया गया है। अगर कोई ग्रामसभा अपने क्षेत्राधिकार में आदिवासियों की जमीन को गलत ढंग से लेने या उसकी नासमझी का फायदा उठा कर लेने का मामला पाती है, तो वह जमीन उसके असली मालिक को वापस करा देगी। जमीन के असली मालिक के जीवित नहीं होने की स्थिति में उसके वारिसों को जमीन वापस की जायेगी। जमीन वापसी के मामले में किसी तरह की परेशानी होने पर ग्रामसभा ऐसे मामलों को उपायुक्त को सौंप देगी। पेसा रूल में ग्रामसभा की अनुमति के बिना अनुसूचित जनजातियों की किसी भी तरह की जमीन के हस्तांतरण पर पाबंदी लगायी गयी है। आदिवासियों की जमीन के हस्तांतरण से पहले उपायुक्त द्वारा ग्रामसभा से अनुशंसा लेने की बाध्यता तय की गयी है।

### ग्रामसभा को दंड लगाने से संबंधित अधिकार का उदाहरण : आइपीसी की धारा, अपराध रकम

160 दंगा-फसाद -100 रुपये तक
265 खोटे बाट का इस्तेमाल करना- 500 रुपये तक
277 जलस्त्रोतों को प्रदूषित करना- 500 रुपये तक
289 जीव जंतुओं के साथ उपेक्षापूर्ण बर्ताव- 500 रुपये तक
249 अश्लील काम और अश्लील गाना -200 रुपये तक
298 धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना -500 रुपये तक
374 जबरन काम कराना -1000 रुपये तक
379 चोरी करने पर -1000 रुपये तक
417 छल-कपट के लिए - 500 रुपये तक
429 जीव जंतु को मारने या विकलांग करने पर - 500 रुपये तक
500 मानहानि के लिए - 500 रुपये तक
504 लोक शांति भंग करने पर -200 रुपये तक

### आपत्ति दर्ज कराने का भी दिया गया है अधिकार

पेसा रूल के प्रावधानों के सामाजिक, धार्मिक और प्रथा के प्रतिकूल होने की स्थिति में ग्रामसभा को इस पर आपत्ति दर्ज करने का अधिकार होगा। इस तरह के मामलों में ग्रामसभा प्रस्ताव पारित कर उपायुक्त के माध्यम से राज्य सरकार को भेजेगी। सरकार 30 दिनों के अंदर एक उच्चस्तरीय समिति बनायेगी। यह समिति 90 दिनों के अंदर सरकार को अपनी रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट के आधार पर सरकार फैसला करेगी और ग्रामसभा को सूचित करेगी।

### योजना के लाभुकों का चयन भी ग्रामसभा ही करेगी

ग्रामसभाएं ही संविधान के अनुच्छेद-275(1) के तहत मिलनेवाले अनुदान और जिला खनिज विकास निधि (डीएमएफटी) से की जानेवाली योजनाओं का फैसला करेंगी। योजना के लाभुकों का चयन ग्रामसभा के माध्यम से किया जायेगा। विभाग द्वारा चलायी जाने वाली योजनाओं के लिए ग्रामसभा के विचार-विमर्श करना होगा।

पारंपरिक प्रधान करेंगे ग्रामसभा की बैठकों की अध्यक्षता

पेसा रूल के तहत ग्रामसभा की बैठकों की अध्यक्षता मानकी, मुंडा, मांझी, परगना, दिउरी, डोकलो, सोहरो, पड़हा राजा जैसे पारंपरिक प्रधान करेंगे। पंचायत सचिव ग्रामसभा सचिव के रूप में काम करेंगे। बैठकों में कोरम पूरा करने के लिए 1/3 सदस्यों की मौजूदगी जरूरी है। कोरम पूरा करने के लिए निर्धारित इस संख्या में 1/3 महिलाओं की उपस्थिति भी जरूरी है। ग्रामसभा की बैठक में अभद्र व्यवहार करने, अनुशासन तोड़नेवाले सदस्य को बैठक से निष्कासित करने का अधिकार सभा के अध्यक्ष को दिया गया है।

### प्राकृतिक स्रोतों का प्रबंधन करेगी ग्रामसभा

ग्रामसभा अपनी पारंपरिक सीमा के अंदर प्राकृतिक स्रोतों का प्रबंधन करेगी। ग्रामसभा को वन उपज पर अधिकार दिया गया है। साथ ही वन उपज की सूची में पादक मूल के सभी गैर-इमारती वनोत्पाद को शामिल किया गया है। वन उपज की सूची में बांस, झाड़-झंखाड़, ठूंठ, बेंत, तुसार, कोया, शहद, मोम, लाह, चार, महुआ, हर्रा, बहेरा, करंज, सरई, आंवला, रुगड़ा, तेंदू, केंदू पत्ता, के अलावा औषधीय पौधों और जड़ी-बूटी को शामिल किया गया है। ग्रामसभा को लघु खनिजों का अधिकार दिया गया है। ग्रामसभाएं सामुदायिक संसाधनों का नियंत्रण समुदाय के पारंपरिक पद्धति और प्रथाओं से करेंगी। हालांकि, इस दौरान विल्किसन रूल्स, छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, संताल परगना काश्तकारी अधिनियम सहित अन्य कानूनों का ध्यान रखा जायेगा।

# मुख्यमंत्री ने करम पर्व की दी शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रकृति पूजा करम पर्व के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री सोरेन सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, 'प्रकृति-पूजा करम पर्व के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। सदियों से चली आ रही झारखंड की हमारी समृद्ध संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है करम पर्व। प्रकृति के साथ मानव जीवन की एकरूपता तथा भाई-बहन के परम स्नेह और सम्मान को दर्शाता यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाये। आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं।'

# पेसा कानून को अंतिम रूप देना क्रांतिकारी कदम है : बंधु तिर्की

**जमीन से जुड़े हजारों लोगों के संघर्ष के बाद अब करम पर्व पर लाखों चेहरे पर मुस्कान, खुशी लौटने का भरोसा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड सरकार द्वारा पेसा कानून को अंतिम रूप देना वैसा क्रांतिकारी कदम है, जो प्रदेश के जमीनी हालात और यहां के गांवों की तस्वीर बदलने के साथ ही ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान लौटाने में सफल होगा। करम पर्व के अवसर पर झारखंडवासियों को दिये गये पेसा कानून के उपहार के लिए सकारात्मक, मजबूत और निर्णायक कदम उठाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि राजीव गांधी के कारण ही पंचायती राज कानून लागू हुआ था, जिससे ग्रामीणों को उनका अधिकार मिला और पेसा कानून भी कांग्रेस की ही देन है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही पांचवीं अनुसूची के तहत आनेवाले क्षेत्रों के लिए 1996 में पेसा कानून बनाया था। इसके बाद सभी संबंधित राज्यों को इससे संबंधित कानून एक साल के अंदर बनाना था, पर भाजपा शासित राज्यों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की।




## भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाया



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी जयनगर मंडल की बैठक सेहवाडीह में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी और संचालन मंडल महामंत्री यमुना यादव ने किया। कार्यक्रम में जयनगर प्रखंड प्रभारी रवि मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के सपनों का भारत गढ़ रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय चिंतक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जन संघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद विचारधारा दी। वह एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे। जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। मौके पर मुखिया संजय साव, सेनिशिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, वासुदेव धोबी, महेश पांडेय, जयप्रकाश सिंह, राजु साव, मंटू पंडित, विजय यादव, राजेंद्र राम, परमानंद गिरि, सुरेश राणा, रंजीत यादव, सरजू शर्मा, सदानंद मोदी, संतोष मोदी, केदार मोदी, सुरेंद्र साव, लखन यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जहरीले कीट काटने से महिला गंभीर

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** सोमवार को जंगल में पत्ता तोड़ने गई महिला की जहरीले कीट के काटने से स्थिति गंभीर हो गई है। पीड़ित महिला शांति देवी (60 वर्ष, पति लक्ष्मण सिंह) मीरगंज पंचायत ग्राम डॉटी निमाटांड़ निवासी के रूप में पहचान की गयी है। जंगल गये लोगों के द्वारा किसी प्रकार पीड़ित महिला को उसके निवास स्थान डॉटी नीमा टांड़ लाया। परिजनों की मदद से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया जहां डॉक्टर केडी चौधरी ने इलाज किया। महिला की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।

## प्रकृति का पर्व करम पूजा मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मना



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रकृति का पर्व करम पूजा मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ सोमवार को मनाया गया। प्रखंड के मरकच्चो दसारो, सिमरिया, चोपनाडीह, बरियारडीह, खेशमी, नावाडीह, दरदाही, बिचारिया नई टांड, पपलो, जामु समेत कई ग्रामीण इलाकों में करम पूजा की धूम रही। सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मरकच्चो में करम पूजा का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी, प्रीति कुमारी, काजल कुमारी, राखी कुमारी, गायत्री कुमारी, कल्याणी कुमारी, ज्योति कुमारी, अनु कुमारी, फुल कुमारी, निशु कुमारी, संगीता कुमारी, भारती कुमारी, प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी, रानी कुमारी समेत सैकड़ों छात्राओं ने करमा पूजा के साथ-साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसके साथ झूमर का भी आयोजन किया गया। कस्तूरबा की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत झूमर में आदिवासी सभ्यता, संस्कृति और प्रकृति के प्रति प्रेम की झलक दिखी। वार्डन उषा टोपनो ने कहा कि आज झारखंड ही नहीं देश के कई राज्यों में करम पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म संस्कृति और परंपरा से आदिवासियों ने समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। वहीं विद्यालय की लेखा पाल हुस्न आरा ने कहा कि करमा पर्व आदिवासियों की संस्कृति विरासत को बचा के रखा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्डन उषा टोपनो ने जबकि संचालन छात्रा निशा कुमारी ने किया।

## सफाई मित्रों के बीच टी-शर्ट का वितरण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत कोडरमा के कार्यपालक पदाधिकारी शशि शेखर सुमन द्वारा सफाई मित्रों के बीच टी-शर्ट का वितरण किया गया। इसके साथ ही नगर पंचायत कोडरमा कार्यालय परिसर में मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी का सेल्फी प्वाइंट लगाया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी शशि शेखर सुमन ने मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी के सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी ली और नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने शहर को हमेशा साफ-सुथरा रखें। मौके पर नगर प्रबंधक अभिषेक प्रकाश व सफाई मित्र मौजूद रहे।

## कोडरमा में कचरा का निस्तारण सही तरीके से नहीं: बसंत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने नगर पंचायत के क्रियाकलाप पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए पूछा है कि एक तरफ स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर बोना काली दुर्गा मंडप और प्रधानमंत्री आवास कालोनी निकट नगर पंचायत का कचरा क्यों गिराया जा रहा है। जिस जमीन पर यह कचरा गिराया जा रहा है वह मुक्ता अग्रवाल और सहाना परिवार की है। हद तो तब है कि डोमचांच नगर पंचायत का कचरा भी उसी स्थान पर गिराते हुए रास्ते को भी अवरुद्ध किया जा रहा है, और जिस गति से यह गिराया जा रहा है इससे प्रतीत होता है कि यह दुर्गा मंडप के पास तक पहुंच जायेगा। कचरा गिराने से यह स्थान प्रदूषित हो रहा है एवं दुर्गंध के कारण आसपास रहने वालों को परेशानी हो रही है, जबकि कचरा निस्तारण प्लांट चंद्रोडीह में लगाया जा रहा है जो 3 किलोमीटर की दूरी पर है और वहीं कचरा भी जमा किया जा रहा। एक तो कोडरमा मुख्यालय में बाजार के साथ ही प्रत्येक स्थानों पर गंदगी फैली है जिसकी नियमित सफाई भी नहीं हो पा रही है। बसंत ने नगर पंचायत प्रशासक से सफाई के साथ ही कचरा को चंद्रोडीह कचरा निस्तारण प्लांट निकट गिराने की मांग की है।

## कोडरमा में शब्दावली प्रतियोगिता का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** कोडरमा रेलवे स्टेशन में राज्य भाषा क्रियान्वयन समिति के तत्वावधान में राज्य भाषा पखवाड़ा को लेकर हिंदी शब्दावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें स्टेशन प्रबंधक, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), वाणिज्य विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्टेशन मास्टर विकास कुमार, द्वितीय स्थान स्टेशन मास्टर पिंटू कुमार व तृतीय स्थान ट्रेन मैनेजर मनीष कुमार को घोषित किया गया। सभी विजेताओं को क्रियान्वयन समिति के पदाधिकारी ने पुरस्कृत किया। वहीं अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसमें मुख्य रूप से मुकेश कुमार, जय कुमार, सतेन्द्र कुमार, अभिषेक कुमार, राजीव कुमार, मनीष कुमार, कमलेश कुमार, अनिल कुमार, विनय कुमार आदि का नाम शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधन समिति के पदेन अध्यक्ष सह कोडरमा स्टेशन प्रबंधक शंभू शंकर ने कहा कि हिंदी हम सबों को जोड़ने का कार्य करती है। समिति के सचिव सह स्टेशन प्रबंधक संतोष कुमार ने कहा कि हिंदी मातृ भाषा है। हिंदी के विकास से ही राष्ट्र का विकास संभव है। यातायात निरिक्षक अरविंद कुमार सुमन ने इस अवसर पर कहा कि समय समय पर निकलने वाले संरक्षा बुलेटिन, संरक्षा परिपत्र, रेड बुलेटिन, यल्लो बुलेटिन की जानकारी अवश्य होनी चाहिए ताकि संरक्षा में कोई त्रुटि ना रहे। उन्होंने कहा कि संरक्षा सर्वोपरि है। इसका कोई विकल्प नहीं है। ऐसे में ट्रेन दुर्घटना होने के साथ साथ ही जान माल की हानि भी होती है। साथ ही संबंधित व्यक्ति पर विभागीय कार्यवाही कर दंडित किया जाता है।

### अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने किया राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

# सुलह के माध्यम से हर समस्या का समाधान खोजा जायेगा : सुनील

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन हजारीबाग जिला की ओर से राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन हिंदी दिवस पखवाड़ा सह मानव सेवा परमो धर्मः विषय के साथ आयोजित की गयी। कार्यशाला की अध्यक्षता हजारीबाग जिला अध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी ने किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सर्वोच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता एस-एस तोमर और महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय सचिव सीमा सिंह, विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह और प्रदेश महासचिव संजय सुमन तथा झारखंड प्रभारी डॉक्टर नंदकिशोर सुलभ उपस्थित थे। कार्यशाला में पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधि सचिव, विभिन्न प्रदेशों के पदाधिकारी, बिहार के पटना, गया, नालन्दा सहित चतरा, रामगढ़, लातेहार, बरही और राज्य और देश के कोने-कोने से पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। सभी सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के बैनर तले एक साथ मानव सेवा का प्रण लेते हुए उसके निरंतर रक्षा करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा की जहां कहीं मौलिक अधिकारों का हनन होगा वहां हम जैसे मानवाधिकार के सदस्य 24X7 हमेशा तत्पर रहते हैं और रहेंगे। साथ ही पारदर्शिता के साथ समस्या का निवारण करेंगे। चाहे हम सभी को किसी भी स्तर की लड़ाई लड़नी पड़े। उन्होंने कहा की पहले सुलह के माध्यम से हर एक समस्या का समाधान खोजा जायेगा नहीं तो फिर कानूनी तरीके से सुप्रीम कोर्ट तक उसका समाधान निकालने का कोशिश करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने झारखंड प्रदेश के गरीब, असहाय, महिला, भाई, बहनों के लिए लड़ाई लड़ने की बात कही। कार्यशाला में जिला अध्यक्ष सुनील चौधरी, महासचिव दीपक कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष विभा सिंह प्रिती उपाध्याय, सहित पूरे भारत से सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रकृति और भाई बहन के प्रेम का प्रतीक करम धूमधाम से संपन्न

# भाइयों की लंबी उम्र के लिए बहनों ने मांगी दुआएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** भादो शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाये जाने वाला प्रकृति पर्व करम जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। करम पर्व के रूप में साल या केंदु का डालियां मंदिरों और आंगन में गाड़कर आराधना की गयी। इसके साथ ही महिलाओं और यूवतियों ने उपवास रखा। वही पूजा कर रहे पुजारी ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर कथा सुनाई। जिसमें प्रसाद के रूप में फूल, फल, चुरा, खीर, चावल, दूध, जावा, अंकुरित बीज आदि चढ़ाए गये। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पाहन के द्वारा कर्म धर्म की कथा सुनायी गयी। त्योहार को लेकर उनका उत्साह देखते बन रहा था। कलात्मक रूप से सजाये गये बर्तन में कुछ दिन पूर्व डाले गये जव से बना अंकुरित पौधा को ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों ने अपने बालों में गूथ कर झूमती नाचती दिखी। ग्रामीण क्षेत्रों में करम पर्व पर बुजुर्गों द्वारा पारंपरिक रूप से करम गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। पूजा के बाद करम डाल को खेतों में ले जाकर उसके चारों ओर महिलाओं ने झूमर नृत्य किया। करम पर्व कोडरमा प्रखंड के जरगा, चंदवारा के बेंदी सहित झुमरीतिलैया के तिलैया बस्ती, इंदरवा बस्ती, गुमो आदि जगहो पर करम धूमधाम से मनाया गया।

# नमो टूर्नामेंट समापन मैच के मुख्य अतिथि होंगे भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** सदर विधायक मनीष जायसवाल के सौजन्य से बड़कागांव प्रखंड में खेले जा रहे हैं नमो फुटबॉल टूर्नामेंट अंतिम चरण में पहुंच गया है। कल का रोमांचक मैच का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह नमो फुटबॉल मैच के संरक्षक अनिल मिश्रा तथा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद ने किक मारकर किया। रविवार को 10 वां दिन शिवाडीह के खेल मैदान में चार टीमो को खेलने का अवसर मिला जिसमे सैकड़ों खेलप्रेमियों ने रोमांचक खेल का लुफ्त उठाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अनिल मिश्रा ने कहा कि 14 सितंबर से सदर विधायक मनीष जायसवाल के सौजन्य व प्रेरणा से शुरू हुआ यह नमो फुटबॉल टूर्नामेंट मैच अब अंतिम पड़ाव तक पहुचनेवाला है। उन्होंने कहा कि 28 सितम्बर को नमो फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का समापन दिन होगा इस मौके पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मबीर सिंह तथा कई बिधायक व स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित पार्टी नेता उपस्थित होंगे। मिश्रा ने कहा कि इनदिनों प्रखंड व आसपास में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट मैच की गूंज सुनाई दे रही है। युवाओं को जोड़ने व खेल के प्रति उत्साहित करने के लिए नमो टूर्नामेंट काफी कारगर सिध्द हुआ है। मिश्रा ने कहा कि युवाओं का उत्साह को देखते हुए आनेवाले महीनों में अन्य खेलों का भी मैच कराया जायेगा जिससे युवाओं को जीवन के इस दौर में अच्छा प्लेटफॉर्म मिल सके। मिश्रा ने कहा कि प्रखंड में कई प्रतिभावान खिलाड़ी है इन्हें प्रशिक्षण मिले तो आगे भी बेहतर कर अपने गांव का नाम रोशन कर सकते हैं। इस मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष सह मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, टूर्नामेंट के कोषाध्यक्ष भवानी दांगी, सचिव विजय यादव, मीडिया प्रभारी संजय राणा, पूर्व मुखिया भीखन महतो, आजसू प्रखंड सचिव मनोज प्रसाद दांगी, रेफरी शहंशाह, सुखदेव महतो राजू रंजन के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

## दूधी नदी पर बना पुल टूटा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के चंदवारा प्रखंड के दूधी नदी पर बना पुल टूट गया है, जिससे दर्जनों गांवों की जिला मुख्यालय और प्रखंड मुख्यालय से दूरी बढ़ गयी है। बता दें कि पिछले तीन दिनों से कोडरमा जिले में लगातार बारिश हो रही है। दूधी नदी में तेज बहाव होने के कारण पुल का पिलर क्षतिग्रस्त हो गया और पुल के बीच का हिस्सा टूटकर नदी में गिर गया। इसके साथ ही दूधी नदी में पानी का तेज बहाव भी देखा जा रहा है। इधर सुरक्षा को लेकर टूटे हुए पुल के दोनों छोर पर बैरिकेडिंग कर दी गयी है ताकि लोगों की आवाजाही ना हो सके। ज्ञात हो कि पुल टूटने के कारण चंदवारा प्रखंड के कांको, बड़की धामराय, छोटकी धामराय, मझगवां, तिलैया डैम, कांटी और सिमरिया समेत दर्जनों गांव का संपर्क आपस में टूट गया है। इसके अलावा जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय और स्कूल कॉलेज जाने के लिए लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। स्थानीय मुखिया सरयू वर्मा ने बताया कि पुल टूट जाने के कारण लोगों की आवाजाही बाधित हो गई है।

# जीवन में उसी के सामने झुको जिसके जीवन में तप हो: सुयश सागर

आजाद सिपाही संवाददाता






**झुमरीतिलैया।** जैन धर्म का सर्वश्रेष्ठ पर्व दसलक्षण पर्यूषण का सातवां दिन भक्तजनों ने उत्तम तप धर्म के रूप में मनाया। कोडरमा जिले वासियों को धर्म और ज्ञान की गंगा का सोपान कराते हुए जैन मुनि श्री 108 सुयश सागर गुरुदेव ने अपनी अमृतवाणी मे कहा कि इच्छाओं का त्याग करना ही तप धर्म है, शांति से दुख सहन करना सबसे बड़ा तप है। बिना तप के कोई शुद्ध नहीं होता। जीवन में उसी के सामने झुको जिसके जीवन में तप हो, जमीन के अंदर पैर के नीचे दबने वाली मिट्टी भी आग में तपने के बाद मूर्ति का आकार लेकर पूजनीय हो जाती है। तप विशुद्धि के साथ और वाणी संयम के साथ किया जाता है, मोक्ष मार्ग की प्राप्ति के लिए अंतः करण को स्वच्छ करते हुए संयम के साथ तप किया जाता है। विश्व में जैन धर्म की पहचान तप, त्याग, तपस्या से है। जैन दर्शन भगवान बनने की बात करता है, भेद विज्ञान से भगवान मिलते हैं। समाज के मंत्री ललित सेठी, कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र झाझरी, पार्षद पिंकी जैन, मीडिया प्रभारी राजकुमार अजमेरा, नवीन जैन ने सभी 10 लक्षण व्रतधारियों के कठिन तप उपवास की अनुमोदना की।

मुनि सुयश सागर ने अपने हाथों से सभी वृत्तियों को विश्व शांति धारा के लाखों मंत्रो का पूजित जल मस्तक पर लगाने के लिए दिया। 10 लक्षण व्रत धारण कर रहे प्रेम झाझंरी, बिना झाझंरी, शोभा पाटनी, नीलम सेठी, खुशबू सेठी, निशु शेट्टी, आशा गंगवाल, शिखा गंगवाल, राजीव छाबड़ा, विनीत सेठी, सिद्धार्थ सेठी, रौनक कासलीवाल, अमित गंगवाल, सुमित सेठी, आशीष छाबड़ा, सिद्धम छाबड़ा, राहुल छाबड़ा आदि वृत्तियों को गुरुदेव ने निर्विघ्न उपवास के लिए आशीर्वाद दिया।

## पेलावल विकास मंच ने मनाया 18वां स्थापना दिवस



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** ओल्ड एज होम हजारीबाग में पेलावल विकास मंच का 18वां स्थापना दिवस बुजुर्गों के साथ मनाया गया। साप्ताहिक बैठक में उपस्थित मंच के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से ओल्ड एज होम में पेलावल विकास मंच का स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार मंच के सदस्यगण ओल्ड एज होम पहुंचकर बुजुर्गों की सेवा में नाश्ता वगैरह परोसने का काम शुरू किये। मंच के संस्थापक सह अध्यक्ष एम हक भारती ने बुजुर्गों को प्राकृतिक पर्व और पीवीएम के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी तथा सभी बुजुर्गों से मंच के लिए आशीर्वाद की याचना की। इस अवसर पर मंच के उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर,सचिव अमित कुमार पासवान, उप सचिव इंजमामुल हक भारती, उप कोषाध्यक्ष महेश विश्वकर्मा, वरिष्ठ सदस्य चंद्रशेखर शर्मा, अब्दुल हकीम, मो.आदिल, मो.शाकिब, मो.आरिफ और अध्यक्ष एम हक भारती की अगुआई में बुजुर्गों के साथ कुछ समय बिताकर आनंदित हुए।

## बरकट्ठा सार्वजनिक दुर्गापूजा की बैठक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** दुर्गापूजा को सफल बनाने हेतु बरकट्ठा स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा समिति और शोभा समिति की संयुक्त बैठक रामखेलावन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कि गयी। साथ ही पुजा को शांतिपुर्ण मनाने को लेकर समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पुजा समिति के अध्यक्ष लगातार तीसरी बार रामखेलावन यादव को बनाया गया। उपाध्यक्ष जीवलाल साव सचिव दुर्गानंद झा और कोषाध्यक्ष महादेव नायक का चयन किया गया। वहीं शोभा समिति के लिए अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष त्रिलोकी राणा, सचिव दुर्गा साव और कोषाध्यक्ष महेश मंडल को बनाया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने सरकार के गाइडलाइंस के तहत दुगार्पुजा मनाने की बात कही। बैठक में पुर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, इंद्रजीत प्रसाद, उमेश यादव, संजय साव, दिलीप दास, संजय गुप्ता, रामजी मंडल, त्रिवेणी यादव, मिथलेश भारती, बजरंग साव, चंदन मोदी, विजय यादव, महेश चंद्र वंशी, किशोर साव, भुनेश्वर मोदी, इंद्रदेव मोदी, महादेव मोदी, राहुल गुप्ता, रामेश्वर यादव, पितांबर नायक, श्याम सुंदर यादव, बिनोद साव, सरयु साव, गोली मोदी, रुपेश गुप्ता, परमेश्वर यादव, मधु दास, रतन गुप्ता, मंटु राम, विकी कुमार, मनोज ठाकुर समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा पूर्वी मंडल ने मनायी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**इचाक (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी इचाक पूर्वी मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी। मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जयनंदन मेहता ने कहा की हम सबों को पंडित दिनदयाल उपाध्याय के आदर्शों से सीख लेने की जरूरत है। साथ ही कहा की उनके पद चिन्ह पर चलने का सभी संकल्प ले। मौके पर बिरजू मेहता, उमेश मेहता, सुखदेव मेहता, कृष्णा मेहता, सुखदेव मेहता, बालेश्वर मेहता, लक्ष्मण कुमार मेहता, सकलदेव कुमार मेहता, उपेंद्र मेहता, सत्येंद्र पांडे, नरेश रजक, सुनील तलवार, प्रवीण महतो, काली महतो, लखन मेहता, बंशी मेहता, चंद्र शर्मा, वासुदेव प्रसाद मेहता, पंकज मेहता, मदन कुमार मेहता, करण कुमार, भीम कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

## पांच योजनाओं का मुखिया ने किया उद्घाटन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंदूर पंचायत में 15वें वित आयोग की राशि से मुखिया सरोज देवी ने पांच योजनाओं का उद्घाटन सोमवार को किया। इसमें एक पानी टंकी, दो नाली निर्माण, दो फाइबर ब्लॉक कार्य किया। मुखिया ने कहा कि पहले इन मुहल्लों में जाने के कच्चिया रास्ता था। लोगों को नाली की गंदी पानी से लांघ कर जाना पड़ता था। अब यह समस्या दूर हो गई, मुखिया ने कहा कि पंचायत के हर गली-मुहल्ला में विकास कार्य होगा, पंचायत के अंतर्गत आनेवाले सभी गांव, मुहल्ला, टोला के लोग पंचायत मुख्यालय पहुंचकर अपनी समस्याएं रखे। उस पर पहल करना मेरा काम है। पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य से भी राय मशवरा कर योजनाओं को पूरा कराया जा रहा है। इसके अलावा जितनी भी योजनाएं अधूरी है उसको जल्द पूरा करायेंगे। मुखिया पति कृष्णा प्रसाद उर्फ पंडित जी ने कहा कि सरकार की जो भी योजनाएं आयेगी उसे पूरा इमानदारी पूर्वक करायेंगे। शुरू से ही मेरा प्रयास है जनता मेरे लिए सर्वपरी है। सिंदूर पंचायत की जनता चाहेगी वहीं विकास कार्य किया जा रहा है। सर्वसम्मति से आमसभा में पारित कर योजनाओं को कराया जा रहा है। मौके पर कृष्ण प्रसाद (पंडि जी) पंचायत सचिव तिलानाथ महतो, चमेली दवी, राकेश मेहता, नेमीचंद, बंगाली प्रसाद, सूरज कुमार, नंदकिशोर मेहता, अजीत यादव, बसंत यादव, अंजू देवी, आरती पाठक सहित अन्य ग्रामीण महिलाएं पुरूष शामिल थे।

## भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखर राष्ट्रवादी, अंत्योदय एकात्मक मानववाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रखर प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107 में जयंती भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के विभिन्न पंचायतों शक्ति केंद्रों में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के देख-रेख में मनाया गया, जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए उन्हें याद किया और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, महामंत्री दिनेश करमाली, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मीडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर, उमेश दांगी, हरली मुखिया कविता कुमारी, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, ओबीसी मोर्चा भुपाल स्वर्णकार, एस सी मोर्चा अध्यक्ष जागेश्वर तुरी, पुर्व मुखिया महेंद्र महतो, अशोक महतो, बिगेश्वर महतो, मंत्री बिनोद महतो, दिनेश कुमार, सुरेश कुमार दांगी, नंदलाल महतो, जागेश्वर महतो, हीरालाल साव, मुकुटधारी महतो, गणेश कुमार, सच्चिदानंद पांडे, सुमित्रा देवी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एसपी ने लिया ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** एसपी अनुदीप सिंह ने सोमवार की संध्या शहर की ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। वे तिलैया थाना से पैदल पूर्णिमा टॉकीज तक गये और जगह-जगह ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने स्टेशन के पास बसों को नही लगाने, प्रमुख चौक चौराहो को अतिक्रमण मुक्त करने, वेंडिंग जोन में ही वाहन की पार्किंग करने, सड़क के दोनों ओर एक गाड़ी खड़ी करने की जगह रखने सहित अन्य निर्देश दिये। उन्होंने ट्रैफिक के पुलिस कर्मियों के द्वारा प्रतिदिन एक ही चालान काटने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसकी गति बढ़ाने का निर्देश ट्रैफिक इंस्पेक्टर सावन लकड़ा को दिया। मौके पर इंस्पेक्टर रामनारायण ठाकुर, तिलैया थाना के एसआइ सोनी प्रताप, एएसआइ शांति भूषण, प्रमोद सिंह के अलावा पुलिस बल के जवान और नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 26 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनायी गयी जयंती



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा नगर मंडल के किशुनपुर बूथ संख्या 460 और 461 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी जनसंघ के संस्थापक थे तथा साथ ही एक महान विचारक भी थे। वे एकात्म मानववाद के प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में लंबे समय तक अपना योगदान देते हुए आरएसएस के प्रांत प्रचारक भी रहे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनता पार्टी को सीचने का काम किया। आज भाजपा पूरे दुनिया का सबसे बड़ा पार्टी है । इनकी कड़ी मेहनत व प्रयास से आज भाजपा इतना बड़ा मुकाम हासिल किया है कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गयी। आज भाजपा ने देश को एक 56, इंच का सीने वाला यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया, जो पूरी दुनिया में भारत को एक नई पहचान दिलायी जो प्रतिदिन नई नई ऊंचाइयों को छू रही है। हम चंद्रमा व सूर्य पर पहुंच रहे है। मौके पर भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश पासवान, जिला मीडिय प्रभारी परशुराम शर्मा, नगर अध्यक्ष विद्यासागर आर्य, महामंत्री मंजीत राणा, अमरजीत राम, बसंत राणा, चेतलाल प्रसाद, राजकुमार राणा, लुरक साव, शानू भुइंया समेत अन्य शामिल थे।

## मां और पत्नी को जिंदा जला कर मारने वाला नामजद आरोपी गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** अपनी मां एवं पत्नी को जिंदा जलाकर मार डालने वाला कुलदीप दांगी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर इटखोरी थाना ले आया गया है। इस संबंध में जिला मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक केदार राम ने बताया कि पिछले 14 सितंबर को इटखोरी थाना क्षेत्र के पीतिज गांव में एक युवक कुलदीप दांगी ने आपसी घरेलू विवाद के कारण अपनी मां दिव्या देवी तथा पत्नी सविता देवी के शरीर पर केरोसिन तेल छिड़क कर आग लगाकर जिंदा जला कर मार डाला था और फरार हो गया था। मृतिका सविता देवी के पिता परमेश्वर दांगी द्वारा कुलदीप दांगी के विरूद्ध इटखोरी थाना में हत्या का मामला दर्ज कराया गया था । इसके बाद से ही पुलिस उसे सरगर्मी से तलाश रही थी। इसी बीच पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक केदार राम के नेतृत्व में इटखोरी पुलिस ने बिहार के गया रेलवे स्टेशन से प्राथमिकी में नामजद अभियुक्त कुलदीप दांगी को गिरफ्तार किया। कुलदीप दांगी ने पुछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस टीम में पुलिस उपाधीक्षक केदार राम के अलावा इटखोरी थाना प्रभारी तथा पुलिस के जवान शामिल थे।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक




**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डाहा-बिहिया हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल मे रविवार को अखिल भारतवर्षीय यादव प्रांतीय महासभा झारखंड के तत्वावधान में बैठक आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता बोधन यादव तथा संचालन सुबेदार यादव ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अर्जुन यादव तथा विशिष्ट अतिथि रूपन यादव, रामजी यादव उर्फ भोला यादव भी शामिल हुए। बैठक में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा शताब्दी समारोह पांच नवंबर को चतरा के बाबा घाट मैदान में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया गया तथा सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा किया गया। बैठक में लडाई झगड़ा से बचने, शादी-विवाह के मौके पर नाजायज खर्च करने तथा बच्चों के शिक्षा पर जोर दिया गया। साथ ही प्रखंड के सभी पंचायतों के गांव-गांव में भ्रमण कर इस कार्यक्रम का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर बोधन यादव, सीतेश्वर यादव, शशिभूषण प्रसाद यादव, विनोद कुमार यादव, उमेश यादव, अनिल यादव, विजय यादव, नन्द किशोर यादव, उपेन्द्र यादव, लखन यादव, नागेन्द्र यादव, प्रताप यादव, कामता यादव, नागेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, कारू यादव, भोला यादव, महेश यादव, सुबेदार कुमार यादव (सेना सेवानिवृत्त) श्रवण यादव, उमेश यादव, अर्जुन यादव, विमलेश यादव, रामजीत यादव, अरबिंद यादव, मिथलेश यादव, लालजी यादव, अजित अगरकर, कुंदन यादव, चंदेश्वर यादव,मोसाफिर यादव, सुभाष यादव, अरविन्द यादव, पंकज यादव, मुंशी यादव, सुरेश यादव, ओमकार यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## सांसद जयंत सिन्हा की पहल से पतरातू प्रखंड में बिछेगा सड़कों का जाल: सुमन सिंह



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद के सार्थक प्रयास से रामगढ़ जिले सहित पूरे पतरातू प्रखंड में डीएमएफटी फंड और जिला योजना अनाबद्ध निधि से सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि (डीएमएफटी) मद के सुमन सिंह ने कहा कि सड़क बन जाने से आमलोगों के जन-जीवन में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी और खुशहाली आयेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास का मूलभूत पैमाना सड़कें ही तय करती है। रामगढ़ जिला की जनता के खुशहाली के लिए चतुर्दिक विकास को ले सांसद जयंत सिन्हा सतत प्रयत्नशील हैं। सिंह ने बताया कि पतरातू प्रखंड के लपंगा पंचायत अंतर्गत भुरकुंडा स्टेशन समीप बाचल होटल से कोल कंपनी होते हुए पटेलनगर बैंक मोड़ तक, पटेलनगर अमरेश सिंह के घर से शंकर सिंह के घर तक, मतकमा बस्ती से देवरिया चारीटुंगरी तक 15 किमी सड़क का निर्माण होगा। वहीं रिभर साइड सुरेंद्र सिंह के खटाल से शंकर तुरी के घर तक, रिभर साईड बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थल से जुबिली कॉलेज मोड तक, भुरकुंडा छठ मंदिर से नलकारी नदी तक, जवाहर नगर मुख्य पथ से पंचायत भवन जवाहर नगर तक, बुधबाजार दोतल्ला पंचायत इकबाल खान के घर से पंचायत भवन तक, चिकोर में आरईरोड से चिकोर पंचायत भवन तक, सांकी गांव के बुच टोला झांगू बेदिया के घर से बेदिया के घर तक सहित सांकी, लपंगा, घुटुवा, डुडगी, लबगा, पीरी, पालू, चैनगड़ा, मतकमा, तालाटांड, तेलियातु, हरिहरपुर, बीचा, बीरीडीह, देवरिया बस्ती, कंडेर, बरकाकाना, सौंदा बस्ती आदि क्षेत्रों में पीसीसी पथ का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जोयगा।

## लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा का राज नर्सिंग होम में ह्रदय रोग जांच शिविर आज



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पारस एचइसी रांची और लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के संयुक्त तत्वावधान में 26 सितंबर मंगलवार को मेन रोड भुरकुंडा स्थित ट्रेकर स्टैंड के समीप राज नर्सिंग होम में ह्रदय रोग जांच शिविर लगाया जायेगा। शिविर में ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुंवर अभिषेक आर्य द्वारा परामर्श दिया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए राज नर्सिंग होम के प्रोपराइटर डॉ राजेंद्र महतो ने बताया कि शिविर में कोई भी व्यक्ति जिसे सीने में दर्द, बेचैनी, घबराहट, सांस की तकलीफ और पसीना आना, कंधे, पीठ और जबड़े का दर्द, दम घुटना, चक्कर आना, उल्टी आना, कमजोरी, पैदल चलने एवं सीढ़ी चढ़ने में सांस का फूलना आदि की समस्या हो तो इस शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार की सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक चलने वाला यह शिविर क्षेत्रवासियों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। महतो ने बताया कि जांच कराने के लिए इच्छुक महिला-पुरूष मो. नंबर 6287797405 पर जितेंद्र कुमार से संपर्क कर सकते हैं। शिविर को सफल बनाने के लिए क्लब की अध्यक्ष लायन माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजु देवी, क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन राजेन्द्र महतो, पूर्व सचिव विजयंत कुमार, पूर्व कोषाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, अशोक सिन्हा संजय सिंह सहित क्लब के तमाम लोग जुटे हैं।

### दसलक्षण पर्व के सातवें दिन विधि विधान के साथ हुई उत्तम तप धर्म की पूजा

# आत्म शुद्धि के लिए इच्छाओं को रोकना तप है: दीपक शास्त्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय में दसलक्षण पर्व के सातवें दिन सोमवार को उत्तम तप धर्म की पूजा पूरे विधि विधान के साथ किया गया। सर्व प्रथम जलाभिषेक का सौभाग्य श्री दिगंबर जैन मंदिर में दीपक शास्त्री, अशोक रापड़िया, विकास रापड़िया, सौरव अजमेरा, गौरव अजमेरा, हीरालाल पाटनी, राजेन्द्र पाटनी, अशोक काला, अमित काला, राजेन्द्र चूड़ीवाल, राजेश चूड़ीवाल और रांची रोड श्री पारसनाथ जिनालय में हरकचंद अजमेरा, विवेक अजमेरा को मिला। वही, शांतिधारा करने का सौभाग्य राजेन्द्र चूड़ीवाल, राजेश चूड़ीवाल, प्रतीक चूड़ीवाल व हरकचंद अजमेरा, विवेक अजमेरा को मिला। जबकि, महाआरती करने का सौभाग्य दीपक शास्त्री को मिला।

उत्तम तप धर्म पर प्रकाश डालते हुए पंडित दीपक शास्त्री ने बताया कि आत्म शुद्धि के लिये इच्छाओं का रोकना तप है। मानसिक इच्छायें सांसारिक बाहरी पदार्थों में चक्कर लगाया करती हैं, अथवा शरीर के सुख साधनों में केन्द्रिय रहती हैं।

अतः शरीर को प्रमादी न बनने देने के लिये बहिरंग तप किये जाते हैं और मन की वृत्ति आत्म-मुख करने के लिये अन्तरंग तपों का विधान किया गया है। दोनों प्रकार के तप आत्म शुद्धि के अमोध साधन हैं। उत्तम त्याग धर्म की पूजा आज मौके पर समाज के अध्यक्ष मानिकचंद जैन, सह सचिव नरेन्द्र छाबड़ा, मंदिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल ने बताया कि मंगलवार को उत्तम त्याग धर्म की पूजा किया जायेगा। कार्यक्रम की जानकारी मिडिया प्रभारी राहुल जैन ने दिया।

### लगातार दूसरी बार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बने अमित साहू, मिली बधाई

# अधूरे कार्यों को जल्द करूंगा पूरा: अमित साहू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** अमित साहू को फेडरेशन झारखंड के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार मनोनीत किया गया है। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव में उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर अमित साहू ने जितेंद्र प्रसाद डब्लू को करारी शिकस्त देते हुए लगातार दूसरी बार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर काबीज हुए। विगत दिनों रांची के मोराबादी स्थित फुटबॉल मैदान में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का कार्यकारिणी समेत दो क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का भी चुनाव संपन्न हुआ। इस गमहागमही चुनाव में



उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर अमित साहू ने जितेंद्र प्रसाद डब्लू को मात दी है। ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद अमित साहू ने कहा कि वे लगातार उद्योग व्यापार के समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहे हैं। आगे भी तत्पर रहेंगे। एक साल में जो कार्य अधूरे रह गये हैं उसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारे इस ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभी पदाधिकारी का एवं सम्मानित सदस्यों का भरपूर योगदान रहा। साहू ने कहा कि रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के के साथ कदम से कदम मिलाकर व्यवसायिक और औद्योगिक गतिविधियों को आगे ले जाने का निरंतरण कार्य करेंगे। साहू को ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, श्याम सुंदर परशुरामपुरिया, आनंद अग्रवाल, अनूप कुमार सिंह, बाबू साहब, प्रदीप सिंह, विमल बुधिया, पंकज प्रसाद तिवारी, वर्तमान अध्यक्ष विनय अग्रवाल, सचिन मानूं चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी, समेत रामगढ़ के अग्रणी समाजसेवी तिलक राज मंगलम, रमन मेहरा, संतु भाई मानिक, अशोक जैन, डॉक्टर शरद जैन, मुरारीलाल अग्रवाल, मानिक जैन, कुंटू बाबू, जेके शर्मा, एचएन सोंधी, विनोद गर्ग, मुकेश अग्रवाल, सुरेश बगड़िया, कमल बगड़िया, राजीव बगड़िया, महेश बंसल, शंभू पटवारी, राजेश अग्रवाल, रामबाबू, विशाल सिंह, सुरेंद्र सोबती, अशोक अग्रवाल, किशोर जाजू, प्रभाकर अग्रवाल, संजीव चड्ढा, बबलू सैनी सहित अन्य ने बधाई दी है।

# भाजपा ने मनायी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** ब्रह्मऋषि धर्मशाला के सभागार में सोमवार को कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो की अध्यक्षत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी। मौके पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता मौके पर शिवकुमार महतो ने कहा कि अपने हर कार्य में अव्वल रहने वाला कैंट मंडल की ताकत आप सभी बूथ कार्यकर्ता है। जिसकी मदद से हीं हर कार्यक्रम सफल होता है। आगामी आम चुनाव को देखते हुए बूथ को कैसे और मजबूत किया जाये हमें इसपर ध्यान देना जरूरी है। अविनेश कुमार ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी जिसमे एक आम बुथस्तरीय कार्यकर्ता आगे चलकर बड़ा नेता, मंत्री अथवा विधायक बनता है। उन्होंने कहा की अन्य राजनीतिक पार्टियों की तरह यहां कोई शॉर्टकट अथवा पैरवी नही होती। क्योंकि यहां कार्यकर्ता हीं प्रधान होता है। इसलिए आज सभी बूथ के कार्यकर्ता अपने दायित्वों का अक्षरशः निर्वाहन करते रहें। ताकि आने वाला कल में आपकी पहचान एक दायित्ववान कार्यकर्ता की बने। क्योंकि पार्टी में ऐसे सैकड़ों विधायक, सांसद और मंत्री वर्तमान में उदाहरण के रूप में मौजूद हैं। जिन्होंने बूथ स्तर से अपना राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी। जिसमें स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हैं। विशिष्ट अतिथि संजय सिंह ने कहा कि आज विश्व में भाजपा की अलग पहचान उसकी अलग कार्यशैली और राष्ट्रवाद से ओतप्रोत कार्यकर्ताओं का संयमित व्यवहार के कारण संभव हो पाया है। जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता। हमे एकजुट होकर बूथ सशक्तिकरण पर ध्यान देने की जरूरत है।

**कौन थे उपस्थित**

बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री वसुध तिवारी, प्रो.संजय सिंह, निवर्तमान नगर अध्यक्ष राजीव पमदत्त, जिला मीडिया प्रभारी, सत्यजीत चौधरी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय जयसवाल, जुझारू नेता रोबिन गुप्ता, महामंत्री सूर्यवंश श्रीवास्तव, शीतल सिंह, अजीत गुप्ता, ब्रजेश पाठक, प्रो.आलोक सिंह, कुलजीत सिंह होरा, ऋषिकेश सिंह, मिथलेश मंडल, विंद्र शर्मा, आशुतोष तिवारी, सुमित अग्रवाल, शिवकुमार गुप्ता, कमलनाथ चौधरी, विनय कुमार गुप्ता, तरुण कुमार, शशि शेखर सिंह, विजय पाठक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महामाया टुंगरी मे हर्षोल्लास के साथ मना करम पर्व

# करम महज एक वृक्ष नहीं, ऐतिहासिक धरोहर है: मनोज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** महामाया टुंगरी कांकेबार में सोमवार को धूमधाम से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी करम परब मनाया गया। इस दौरान कथा वाचक बीएन ओहदार ने बताया कि करम महज एक वृक्ष नही है, ये आदिवासियों की ऐतिहासिक धरोहर है। आध्यत्म और जीवन का अभिन्न अंग है। करम परब महज एक वृक्ष नही है, बल्कि समस्त पृथ्वी और पुकराल को सजीव बनाये रखने का प्रतीकात्मक प्रयास है। आदिवासियों के जीवन दर्शन का हिस्सा है। करम परब जिसे जलवायु परिवर्तन और वैश्विक ऊष्मीकरण के वैकल्पिक इलाज की तरह देखा जा सकता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे नप उपाध्यक्ष मनोज महतो

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कु महतो तथा विशिष्ट अतिथि पार्षद प्रतिनिधि अरविन्द कुमार महतो, बासुदेव महतो, भोला महतो, बीरबल महतो, सीताराम महतो थे। मौके पर मनोज कुमार महतो ने कहा कि पर्व सभी बहनें अपने भाई की लंबी आयु के लिए करती है। दिनभर उपवास कर शाम में करमा पेड़ के डाल को घर के आंगन में रखकर पूरी रात पूजा अर्चना करती है। पूजा अर्चना के दौरान बहनें अपने भाई की लंबी उम्र के लिए भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश जी से विनती करती है। पूजा के दूसरे दिन सुबह करमा के डाल को नदी में प्रवाहित कर दिया जाता है। करमा परब को सफल बनाने मे सुरेश महतो, मुकेश महतो, शीतल प्रसाद, नुनुलाल महतो, झलकदेव महतो, टिकेंदर महतो, भुनेश्वर महतो, महेन्द्र महतो, जोगेंद्र महतो, डालचंद ओहदार, ईश्वर महतो, सुनील महतो, गोपाल महतो, आदि महिलाओं का भी भरपूर सहयोग रहा।

## पुलिस ने अवैध कोयला लदा पिकअप किया जब्त

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के लोहागेट डायवर्सन के पास सोमवार को अवैध स्टीम कोयला लदा एक पिकअप वैन को जब्त किया। साथ ही, मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि ओपी प्रभारी विनय कुमार को गुप्त सूचना मिली कि बीस माइल से अवैध कोयला लाद कर पिकअप वैन संख्या जेएच02एल-4115 कुजू की ओर जा रही है। इस पर उन्होंने कार्रवाई करते हुए डायवर्सन में घेराबंदी कर वैन को जब्त किया। वहीं, मौके से चालक सोहेल अंसारी पिता खुशबुद्दीन अंसारी चंदवा और अन्य एक सवार जिब्राइल अंसारी पिता बहालुद्दीन अंसारी बरकट्ठी निवासी को गिरफ्तार कर किया। पुलिस के समक्ष गिरफ्तार सोहेल व जिब्राइल ने बताया कि अवैध कोयला कारोबारी अजय नामक व्यक्ति द्वारा कोयला रांची भेजा जा रहा था।

## पतरातू थाना में नये प्रभारी ने दिया योगदान



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना में नये थाना प्रभारी राजदीप कुमार ने सोमवार को योगदान दिया। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि जनता की शिकायत पर त्वरित निष्पादन करना, अपराधीक गतिविधियों पर नियंत्रण करना जनता से मैत्रीपूर्ण वातावरण बनाया जायेगा वहीं उन्होंने तमाम थाना क्षेत्र वासियों को सहयोग करने की अपील की।

## आजसू पार्टी के महाधिवेशन को सफल बनाने को लेकर बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक रांची मोराबादी मैदान में होने वाला केंद्रीय महा अधिवेशन की तैयारी को लेकर आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड के पश्चिम जॉन की ग्राम और मोहल्ला प्रभारियों की बैठक आवासीय कार्यालय पीटीपीएस में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह व संचालन लक्ष्मीकांत महतो ने किया। इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा की पार्टी का केंद्रीय महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा। यह अधिवेशन झारखंड को एक नई दिशा देने का भी काम करेगा। केंद्रीय सचिव विजय विजय कुमार साहू ने कहा कि प्रखंड से हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता अधिवेशन में शामिल होंगे। इस मौके पर राजू कुमार, कोलेश्वर महतो अशोक पाठक, अजय रवि, राहुल कुमार कलाम अंसारी, मनोज राम जानकी मुंडा, राकेश विश्वकर्मा पुष्पा बखला, सरिता देवी, बबीता देवी, धनेश्वर महतो, राजकिशोर प्रसाद, विनोद प्रजापति, सुनील मुंडा, राजू मुंडा, अनिल पाठक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आजसू कार्यकर्ताओं की बैठक में अधिवेशन पर चर्चा



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** नयानगर बरकाकाना स्थित आजसू कार्यालय में पार्टी के पूर्वी जोन के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता हरेश राय और संचालन सुनील महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, वरिष्ठ नेता सुदर्शन महतो, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिरत्नम साहू, द्वारिका महतो, पंसस फरीद अंसारी शामिल हुए। बैठक में आगामी उनतीस सितंबर से एक अक्टूबर तक रांची मोहराबादी मैदान में आयोजित पार्टी के राज्य स्तरीय महाधिवेशन को सफल बनाने के लिये चर्चा किया गय। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि पार्टी के महाधिवेशन में पतरातू प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में ग्राम प्रभारी व पार्टी कार्यकर्ता रांची जायेंगे। विधानसभा प्रभारी चौधरी ने कहा कि रांची में आयोजित तीन दिवसीय महाधिवेशन राज्य की दिशा व दशा को तय करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में पार्टी नयी उर्जा के साथ पूरे झारखंड प्रदेश में उतरेगी। वही जिलाध्यक्ष साहू ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिये घर-घर जाकर पार्टी के निति सिध्दांतों को बतायेंगे। मौके पर रतन महतो, नसीम अंसारी, झलकु बेदीया, नागेन्द्र सोनी, अमर नायक, भरत प्रसाद, प्रकाश सोय, गोविंद कालिंदी, विशाल पासवान, सजीद नायक, नीरज पासी, अख्तर अंसारी, मिंकु दास, गुड्डू, शिव हरि, सरोज यादव, जितेंद्र पटेल, रामबाबू यादव, हुसैन अंसारी आदि उपस्थित थे।

## बासल थाना में नये प्रभारी ने किया पदभार ग्रहण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बासल थाना में नये थाना प्रभारी प्रभारी के रूप में सुरेंद्र कुमार कुंटीया ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे रामगढ़ थाना, कुजू और घाटो में योगदान दे चुके है। पदभार ग्रहण करने के बाद सुरेंद्र कुमार कुंटीया ने कहा कि क्षेत्र की विधि-व्यवस्था बनाये रखना व क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाना मेरा लक्ष्य होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में क्षेत्र में गैर कानूनी धंधा नहीं चलने दिया जायेगा। थाना प्रभारी श्री कुंटीया ने कहा कि पुलिस-पब्लिक के रिश्ते को मजबुत कर क्षेत्र में सौहार्द्रपूर्ण व भाईचारगी का माहौल कायम किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, राजनीतिक दल के नेताओं और ग्रामीणों से भी सहयोग करने की अपील की। इसके पूर्व पतरातू प्रखंड की उपप्रमुख बबीता पांडेय, बासल थाना के सब इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रसाद, दुधेश्वर सिंह, कृष्णदेव महतो, एएसआई विनोद कुमार, बलकुदरा पंचायत के पंसस राजू मुंडा, बासल यादव, शुशील मुंडा, रवि मुंडा, बालेश्वर करमाली, प्रेम करमाली सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व राजनीतिक दल के नेताओं ने नये थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार कुंटीया को बुके देकर देकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने प्रदभार ग्रहण करने के लिए बधाई देते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पूरा सहयोग करने की भी बात कही।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज- चतरा मुख्य मार्ग स्थित बालिका परियोजना उच्च विद्यालय के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सोमवार को लूना और मोटरसाइकिल के आपस में जोरदार टक्कर हो जाने के कारण घटी। जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल युवक कोबना गांव के नंदलाल केसरी का 20 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार और नावाडीह गांव के मो शहाबु का 16 वर्षीय पुत्र मो वारिस शामिल है। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गंभीर चोट रहने के कारण गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मोहम्मद वारिस गोदोवार की ओर से लूना लेकर हंटरगंज आ रहा था। वही अंकुश कुमार हंटरगंज से डुमरी जा रहा था। इसी दौरान दोनों में आमने-सामने टक्कर हो गया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों के चेहरे और सिर में गंभीर चोटें लगी है। चिकित्सकों के अनुसार अंकुश कुमार की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## सर्पदंश से छात्रा की हुई मौत

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डुमरी गांव में सर्पदंश से एक युवती की मौत हो गई। मृतका डुमरी गांव के नंदलाल साव की 14 वर्षीय पुत्री रीवा कुमारी है। रीवा अपने घर में सोई हुई थी। देर शाम तक जब रीवा नहीं जागी तो परिजन उसे उठाने गये तो वह नहीं उठी। परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। मृतका परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की नवमी कक्षा की छात्रा थी। वह ट्यूशन से आकर सोयी थी। इसी दौरान उसे सांप ने डस लिया। परिजनों द्वारा इलाज के लिए शेरघाटी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। उसके बाद भी परिजन संतुष्ट नही हुए और काफी झाड़ फूंक भी कराया। लेकिन उसे होश नहीं आया। मृतका घर की सबसे बड़ी बेटी थी। उसका अंतिम संस्कार सोमवार को डुमरी घाट पर किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इस घटना से गांव में शोक की लहर है।

# आतंकवाद से कैसे लड़ें

संयोग ही कहिए कि जब नयी दिल्ली में बार काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल लॉयर्स कॉन्फ्रेंस हो रही थी, आतंकवाद से निपटने के तरीकों को लेकर कनाडा और भारत आमने-सामने आ चुके थे। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस सुझाव की अहमियत विशेष रूप से बढ़ गयी कि इंटरनेशनल लॉयर्स कॉन्फ्रेंस को वैश्विक स्तर पर साझा लीगल फ्रेमवर्क तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। पीएम मोदी ने साइबर आतंकवाद, मनी लॉन्ड्रिंग, एआइ और उसके दुरुपयोग जैसे मसलों के संदर्भ में इसका जिक्र किया, लेकिन अन्य संदर्भों में भी यह उतना ही महत्वपूर्ण है। ताजा उदाहरण कनाडा प्रसंग का ही लिया जा सकता है, जिसे सभी संबंधित पक्षों ने महत्वपूर्ण माना है और अपने-अपने रुख पर पूरी गंभीरता से कायम हैं। हालांकि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोप इस लिहाज से निराधार और बेतुके हैं कि खुद उन्हें रिपोर्ट करने वाली जांच एजेंसियों ने भी अभी अपना काम पूरा नहीं किया है, वे जांच कर ही रही हैं। देश की संसद में सार्वजनिक तौर पर आरोप लगाने के बाद भी अभी तक कनाडा सरकार ने अपने पीएम ट्रूडो के आरोपों की पुष्टि करने वाला कोई सबूत पेश नहीं किया है। मगर इन सबको दरकिनार करते हुए और थोड़ी देर के लिए सही या गलत के सवाल से ऊपर उठते हुए देखा जाये तो इस प्रकरण से अंतरराष्ट्रीय महत्व का यह सवाल उभरता है कि एक देश की एकता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े मसले को अगर दूसरा देश वैचारिक अभिव्यक्ति की आजादी के चश्मे से देख रहा हो तो दोनों के नजरिए में एकरूपता कायम करने का क्या तरीका हो सकता है? भारत काफी पहले से कनाडा सरकार के सामने वहां सक्रिय खालिस्तानी तत्वों की गतिविधियों की शिकायत करता रहा है, लेकिन कनाडा सरकार इन सबको एक वाक्य के सहारे खारिज करती रही कि उसके देश में नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी मिली हुई है और वह उसमें कोई दखलंदाजी नहीं करना चाहती। यही मसला अन्य देशों के बीच भी अलग-अलग रूपों में जब-तब उभरता रहता है। यही वजह है कि सभी देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की गंभीरता को लेकर सहमति जताते हुए भी इससे निपटने के तरीकों पर अक्सर उलझे नजर आते हैं, क्योंकि आतंकवाद की उनकी परिभाषा और उसके अलग-अलग रूपों की व्याख्या में अपेक्षित एकरूपता नहीं आ पायी है। जाहिर है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहकर सही दिशा में संकेत किया है कि जब खतरा वैश्विक है, तो उससे निपटने का तरीका भी वैश्विक होना चाहिए। इस दिशा में जरूरी पहल का काम ग्लोबल लीगल फ्रैटर्निटी ही कर सकती है। उस लिहाज से इंटरनेशनल लॉयर्स कॉन्फ्रेंस इसके लिए उपयुक्त मंच है। अगर दिल्ली बैठक से इस दिशा में किसी ठोस शुरुआत का आधार बनता है, तो न केवल इस मंच की सार्थकता बढ़ेगी, बल्कि आतंकवाद से लड़ाई में मनुष्यता का पक्ष भी थोड़ा और मजबूत होगा।

**भारत काफी पहले से कनाडा सरकार के सामने वहां सक्रिय खालिस्तानी तत्वों की गतिविधियों की शिकायत करता रहा है, लेकिन कनाडा सरकार इन सबको एक वाक्य के सहारे खारिज करती रही कि उसके देश में नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी मिली हुई है और वह उसमें कोई दखलंदाजी नहीं करना चाहती।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आद्य सर संघचालक पपू डॉ हेडगेवार अपने जीवनकाल में राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए चल रहे सामाजिक, धार्मिक, क्रांतिकारी एवं राजनैतिक क्षेत्रों के सभी समकालीन संगठनों एवं आंदोलनों से सम्बध्द रहे एवं कई महत्वपूर्ण आंदोलनों का नेतृत्व भी किया। समाज के स्वाभिमानी, संस्कारित, चरित्रवान, शक्ति संपन्न, विशुध्द देशभक्ति से ओत-प्रोत, व्यक्तिगत अहंकार से मुक्त व्यक्तियों के ऐसे संगठन, जो स्वतंत्रता आंदोलन की रीढ़ होने के साथ ही राष्ट्र एवं समाज पर आने वाली प्रत्येक विपत्ति का सामना कर सके की कल्पना के साथ संघ का कार्य शुरू हुआ।**

# 2025 में अपनी यात्रा के 100 वर्ष पूरे कर लेगा आरएसएस



सुखदेव वशिष्ठ



**भारत वह देश है, जिसमें दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र अस्तित्व में आया, चाहे द्वारिका में श्री कृष्ण द्वारा किया गया हो या वैशाली का गणतंत्र हो। भारत का लोकतंत्र विश्व में सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसमें सत्ता का विकेंद्रीकरण, संघवाद, हमारी संसद, न्यायपालिका इत्यादि सभी गर्व करने लायक हैं।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2025 में अपनी यात्रा के 100 वर्ष पूरे कर लेगा। अपने 100 वर्ष की यात्रा में संघ ने अपने कार्य से समाज का विश्वास जीता है। यही कारण है कि जब मीडिया में आरएसएस को लेकर भ्रामक जानकारी आती है, तब सामान्य व्यक्ति चकित हो उठता है, क्योंकि उसके जीवन में आरएसएस सकारात्मक रूप में उपस्थित रहता है, जबकि आरएसएस विरोधी ताकतों द्वारा मीडिया में उसकी नकारात्मक छवि प्रस्तुत की जाती है। संघ ने लंबे समय तक इस प्रकार के दुष्प्रचार का खंडन नहीं किया। अब भी बहुत आवश्यकता होने पर ही संघ अपना पक्ष रखता है। आज स्वयं की प्रेरणा से राष्ट्र, समाज, देश, धर्म तथा संस्कृति की सेवा करने वाले एवं उसकी रक्षा कर उसकी अभिवृद्धी के लिए प्रामाणिकता तथा निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले स्वयंसेवकों के शुद्ध चरित्र के कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से किसी समय वैचारिक मतभेद रखने वाले भी असीम प्रेम करने लगे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आद्य सर संघचालक पपू डॉ हेडगेवार अपने जीवनकाल में राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए चल रहे सामाजिक, धार्मिक, क्रांतिकारी एवं राजनैतिक क्षेत्रों के सभी समकालीन संगठनों एवं आंदोलनों से सम्बध्द रहे एवं कई महत्वपूर्ण आंदोलनों का नेतृत्व भी किया।

**राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था, जब भी मैं निराशा होता हूं, तब इतिहास के पन्नों को पलट कर सत्य और प्रेम की जीत को दोहराने वाले तथ्यों का स्मरण करता हूं।**

समाज के स्वाभिमानी, संस्कारित, चरित्रवान, शक्ति संपन्न, विशुध्द देशभक्ति से ओत-प्रोत, व्यक्तिगत अहंकार से मुक्त व्यक्तियों के ऐसे संगठन, जो स्वतंत्रता आंदोलन की रीढ़ होने के साथ ही राष्ट्र एवं समाज पर आने वाली प्रत्येक विपत्ति का सामना कर सके की कल्पना के साथ संघ का कार्य शुरू हुआ।

**शाखा द्वारा सहज विकास** – संघ शाखा के संपर्क में आये बिना कार्य की वास्तविक भावना समझ में आनी मुश्किल है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा के अनूरूप संघ ने भगवा ध्वज को परम सम्मान के अधिकार-स्थान पर अपने सामने रखा है। संघ शाखा में आने से नेतृत्व के गुण पहले से ही विकसित होने लगते हैं। संघ शाखा में गट नायक, गण शिक्षक, मुख्य शिक्षक का दायित्व संभालते संभालते स्वयंसेवक में अनुशासन का भाव और नेतृत्व के गुण उभरने लगते हैं, जिससे उनका विकास होता रहता है। स्वयंसेवकों में कई नये गुण विकसित होते रहते हैं, जैसे शाखा में हर रोज गीत होता है, जिससे जो बच्चा जिसका स्वर अच्छा होता है, उसको गाने का मौका मिलता रहता है। शाखा में हर रोज कहानी, समाचार समीक्षा आदि के कार्यक्रम में स्वयंसेवकों का बौद्धिक स्तर भी निखरता है। शाखा में जाकर सभी को एक बड़ा परिवार मिलता है। अपने से बड़ों से मार्गदर्शन और स्नेह, छोटों की देखभाल और साथियों से सामंजस्य आदि के गुण मिलते हैं।

संघ द्वारा बच्चों और युवाओं के मानसिक शारीरिक विकास के लिए वर्ष में बाल शिविर, प्राथमिक शिक्षा वर्ग, संघ शिक्षा वर्ग, गीत प्रतियोगता, कहानी, खेल प्रतियोगिता, घोष आदि आयोजित करता रहता है। इस के अतिरिक्त राष्ट्रीय त्यौहारों को मनाने की परंपरा जो संघ ने विकसित की है, वास्तविक राष्ट्र जीवन के प्रति भाव जगाने की दृष्टि से एक प्रभावी माध्यम है। शाखा में अपने क्षेत्र में प्रत्येक परिवार किस प्रकार आदर्श परिवार बन सके, उसके सभी सदस्य संस्कारवान एवं देशभक्त हों, इसकी चिंता बराबर होती है। नेशनल काउंसिल ऑफ कनेडियन मुस्लिम्स द्वारा शेयर किया गया वीडियो।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर दुष्प्रचार किया जा रहा है कि भारत-कनाडा के बीच चल रहे विवाद के बीच कनाडा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगा दिया है। उस अकाउंट को खंगालने पर करीब दो दिन पहले अपलोड किया गया वीडियो मिला, जिस के नीचे मौजूद डिस्क्रिप्शन में बताया गया था कि नेशनल काउंसिल ऑफ कनेडियन मुस्लिम्स के सीइओ स्टीफन ब्राउन ने कनाडा के विश्व सिख संगठन के निदेशक मंडल के सदस्य मुखबीर सिंह के साथ मिल कर, भारत सरकार के एजेंटों द्वारा हरदीप सिंह निज्जर की कथित हत्या के जवाब में स्पष्ट कार्रवाई का आह्वान किया। आगे डिस्क्रिप्शन में लिखा गया है, हमने कनाडा के विश्व सिख संगठन की मांगों के अलावा चार अन्य मांगे भी रखी, जिनमें भारत से कनाडा के राजदूत को अविलंब वापस बुलाया जाना, कनाडा में भारत के राजदूत एवं उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा के निष्कासन की कार्यवाही जल्द शुरू करना, आधिकारिक रूप से भारत और कनाडा के बीच व्यापार पर रोक लगाना और क्रिमिनल कोड के तहत आरएसएस पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाना और उसके सदस्यों को कनाडा से बाहर किया जाना शामिल है। वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, नेशनल काउंसिल ऑफ कनेडियन मुस्लिम्स एक स्वतंत्र, गैर-पक्षपातपूर्ण और गैर-लाभकारी संगठन है। इसके सदस्य कनाडाई मुस्लिम हैं और देश के मुस्लिम समुदाय के हक के लिए आवाज उठाना और मानवाधिकारों की रक्षा करना उनका प्रमुख काम है। इसका मुख्यालय कनाडा की राजधानी ओटावा में है। नेशनल काउंसिल ऑफ कनेडियन मुस्लिम्स द्वारा इस प्रकार की मांग उनके गैर पक्षपातपूर्ण संगठन होने पर संदेह उत्पन्न करता है।उनकी मांग संघ के बारे में उनकी जानकारी का अभाव ही दिखाती है।

भारत वह देश है, जिसमें दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र अस्तित्व में आया, चाहे द्वारिका में श्री कृष्ण द्वारा किया गया हो या वैशाली का गणतंत्र हो। भारत का लोकतंत्र विश्व में सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसमें सत्ता का विकेंद्रीकरण, संघवाद, हमारी संसद, न्यायपालिका इत्यादि सभी गर्व करने लायक हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था, जब भी मैं निराशा होता हूं, तब इतिहास के पन्नों को पलट कर सत्य और प्रेम की जीत को दोहराने वाले तथ्यों का स्मरण करता हूं। इतिहास के पन्नों पर आतातायी और हत्यारे भी रहे हैं और कुछ पल के लिए वो अजेय भी दिखे लेकिन यह खास ख़्याल रखें कि अंत में उनका खात्मा हुआ है। जीत हमेशा सत्य की हुई है।

आशा है वायरल वीडियो में दिख रहे शख्स नेशनल काउंसिल ऑफ कनेडियन मुस्लिम्स के सीइओ स्टीफन ब्राउन संघ की शाखा में आ कर उसको समझने का प्रयास करेंगे और सिर्फ सनसनी फैलाने केलिये संघ का नाम लेने से बचेंगे।

## ओड़िशा/जमशेदपुर की खबरें

### भुवनेश्वर बाली यात्रा में 700 से ज्यादा स्टॉल खुलेंगे, बाली यात्रा 27 नवंबर से शुरू होगी




**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर बाली यात्रा को लेकर पुलिस आयुक्त सौमेंद्र प्रियदर्शी ने कहा कि इस वर्ष की बाली यात्रा को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाना चाहिए इस के साथ शांति और व्यवस्था के साथ समाप्त किया जाना चाहिये। 27 नवंबर से शुरू होगी भुवनेश्वर बाली यात्रा। इस बार बाली यात्रा 9 दिनों तक चलेगी। इसके साथ ही 700 से ज्यादा स्टॉल खोले जायेंगे। इस को लेकर बाली यात्रा समिति की पहली तैयारी बैठक बुलाई गयी और एक निजी मंडप में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष यशवंत ओझा ने की। भूवनेश्वर बाली यात्रा से एक महीने पहले बाली यात्रा क्षेत्र के पास एक अस्थायी पुलिस स्टेशन तैनात करने का वादा किया गया था। संस्थान के अध्यक्ष और उत्तर विधायक सुशांत राउत ने कहा कि इस वर्ष बाली यात्रा को ओडिशा के लोगों तक पहुंचाने के लिए सभी सरकारी और निजी सहयोग प्रदान किया जायेगा। उक्त बैठक में मुख्य तह प्रचार प्रसार, पार्किंग, ट्रैफिक व्यवस्था, ओडिशा कला संस्कृति, प्राचीन उड़िया नौवाणिज्य, पारंपरिक कार्यक्रम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि पर चर्चा हुई। इस वर्ष 700 से अधिक स्टॉल खोले जायेंगे. इसके साथ ही कचरा प्रबंधन के साथ-साथ शौचालय, प्रदूषण मुक्त के क्षेत्र में भी बीएमसी का सहयोग मांगा गया।

### भाजपाइयों ने मनायी प . दीनदयाल उपाध्याय की जयंती




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक व एकात्म मानववाद अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सम्पूर्ण भारतवर्ष उन्हें स्मरण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहा है। सोमवार को जमशेदपुर महानगर के चारों विधानसभा अंतर्गत कई मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती पूरे श्रद्धाभाव से मनायी गयी। जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा अंतर्गत बमार्माइंस मंडल के प्रेम नगर स्थित फुटबॉल मैदान में पार्टी की ओर से विधानसभा स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शामिल हुए। समारोह में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत पुर्वी विधानसभा के सातों मंडलों के हजारों कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में शामिल हुए। समारोह में पुर्वी विधानसभा अंतर्गत निवास करने वाले प्रदेश और जिला के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व अन्य कार्यकताओं ने प. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया एवं उनके बताये एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के पथ पर चलने का संकल्प लिया। उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के मंत्र में गांव, समाज और राष्ट्र के विकास का दर्शन था। वर्ष 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में 'भारतीय जनसंघ' की स्थापना हुई। 1952 में प्रथम अधिवेशन कानपुर में हुआ और दीनदयाल उपाध्याय जी महामंत्री बने तथा 1967 तक वे भारतीय जनसंघ के महामंत्री रहे।

### एससीबी में नया नियम : अब सभी मरीज, प्रसूता, दुर्घटना पीड़ित जमा करेंगे आधार कार्ड की जीरॉक्स कॉपी

**जो परिजन भर्ती के समय आधार जेरॉक्स जमा नहीं कर सके, वे इलाज के समय जमा कर सकते हैं।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कटक के एससीबी अस्पताल के लिए एक नया नियम आया है। अस्पताल के कई वार्डों में भर्ती और इलाज कराने वाले मरीजों के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। विभाग स्तरीय वार्ड, आईसीयू में चिकिश्चाधिन मरीज, दुर्घटना ग्रस्थ, प्रसूता, सभी आधार कार्ड की जेरॉक्स कॉपी जमा करेंगे। रिपोर्टों के अनुसार, एससीबी के नैदानिक विभागों के सभी प्रमुखों और वार्डों के प्रभारी नर्सिंग अधिकारियों को एक पत्र लिखा गया है। अस्पताल अधीक्षक ने सभी को नये नियमों के बारे में सूचित कर दिया है। अस्पताल अधीक्षक ने सभी को नये नियमों की जानकारी दे दी है। जो परिजन भर्ती के समय आधार जेरॉक्स जमा नहीं कर सके, वे इलाज के समय जमा कर सकते हैं। कई मरीजों के परिजन भर्ती होने के दौरान सही जानकारी नहीं देते, जिससे बाद में कई दिक्कतें देखने को मिलती हैं। किसी भी स्थिति में, यदि किसी की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिजनों को जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध होते हैं। पंजीकरण के समय उल्लिखित जानकारी के आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाता है। रजिस्ट्रेशन में गड़बड़ी के कारण मरीजों के परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर रोजाना कई समस्याएं अस्पताल अधीक्षक के पास पहुंच रही हैं। नतीजतन, लोगों को दस्तावेज जमा करने और अन्य दस्तावेजों पर पैसा खर्च करना पड़ता है। कहा गया है कि यदि आधार कार्ड जेरॉक्स को बेड हेड टिकट के साथ संलग्न कर वार्ड द्वारा रिकार्ड रूम में भेज दिया जाये तो अधिक परेशानी नहीं होगी।

### खासमहाल संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल में नाट्य कार्यशाला का हुआ समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** साहित्य, कला एवं रंगमंच के लिए समर्पित संस्कार भारती की जमशेदपुर महानगर इकाई के किशोर आयाम ह्यतरुण प्रभा की ओर से जमशेदपुर के खासमहाल स्थित संत जेवियर्स इंग्लिश हाई स्कूल में 12 से 17 वर्ष तक के तरुणों के लिए तीन दिवसीय अभिनय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया. अध्यक्ष डॉ रागिनी भूषण के मार्गदर्शन में 23 से 25 सितम्बर, तीन दिन चली इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को विजय भूषण द्वारा लिखित नशा मुक्ति नाटक जरा सोचिये के माध्यम से अभिनय की बारीकियों के साथ ही संवाद-सम्प्रेषण, नाटक कम्पोजीशन, पात्रों और चरित्र के अनुसार चहरे के हाव-भाव, (फेसियल एक्सप्रेशन) पात्रों का आपसी समन्वय आदि विषयों की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में झारखंड प्रांतीय नाट्य सह संयोजिका अनिता सिंह, जमशेदपुर इकाई के मंत्री अनुज प्रसाद, तरुण प्रभा की संयोजिका अरुणा भूषण ने तरुण विद्यार्थियों को अभिनय, नाट्यकला का प्रशिक्षण दिया। समापन समारोह में विद्यालय के निदेशक व प्रधानाध्यापक सुशील सिंह ने विद्यार्थी कलाकारों को अभिनय कार्यशाला में हुए नाटक के सफल मंचन और संस्कार भारती के किशोर आयाम तरुण प्रभा को शुभकामनाएं दीं एवं विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष डॉ रागिनी भूषण ने संस्कार भारती के आयाम तरुण प्रभा के उद्देश्यों और मूल्यों को उजागर करते हुए विद्यार्थी कलाकारों में अपने पाठ्यक्रम के साथ-साथ जीवन के मूल्यों को पहचानने और अपने जीवन में अनुशासन और अपना लक्ष्य निर्धारण करने के अलावा अभिनय के प्रति अभिरुचि जगाने को प्रेरित किया। महेंद्र लोधी, बिट्टू कुमार सिंह, अनुष्का प्रमाणिक, अमर सिंह, ऋषभ राज, बुलबुल बेरा, प्रतिमा कुमारी, स्मिता सिंह, पंकज तांती, खुशी सिंह, अलोक मांझी, आकृति मिश्रा, आस्था रजक, राज लक्ष्मी, मार्शल टुडू ने कार्यशाला में प्रशिक्षण लिया. समापन समारोह के अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा नाटक मंचन के पश्चात विद्यालय के निदेशक और प्रधानाध्यापक सुशील सिंह एवं संस्कार भारती की अध्यक्ष डॉ रागिनी भूषण ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये।

### टीएसडीपीएल में बोनस समझौता



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टीएसडीपीएल बारा यूनिट में श्री राकेश्वर पांडे के नेतृत्व में टीएसडीपीएल प्रबंधन और टीएसपीडीएल कर्मचारी यूनियन के बीच वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 20% बोनस पर लंबी बैठक के बाद समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। यूनियन के और से महासचिव अमन उपाध्यक्ष सचिदानंद, उपाध्यक्ष एस बी राणा, कार्यकारी अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, अध्यक्ष के सलाहकार राकेश कुमार, रंजन मिश्रा, सहायक सचिव अनीश झा, आर रवि, कोषाध्यक्ष रमेश चौधरी, दिनेश कुमार, त्रिदेव सिंह ने हस्ताक्षर किया। वही प्रबंधन टीम में करण लखानी,अश्वनी कुमार जीएम जमशेदपुर, बिजनेस हेड आनंद विवेक प्रमुख, एचआर एंड आईआर, मुकुंद भट्ट डिविजनल मैनेजर, कृष्ण कुमार वरिष्ठ प्रबंधक, एचआर और आईआर, प्रियंका पांडे वरिष्ठ प्रबंधक, मानव संसाधन और आईआर और सुभ्रो सान्याल - उप प्रबंधक, मानव संसाधन और आईआर शामिल। बोनस राशि 30 सितंबर 2023 तक कर्मचारियों के बैंक खाते में जमा कर दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए देय बोनस की अधिकतम राशि 1,11,806/ और देय न्यूनतम राशि 68,491/- है। पिछले वर्ष बोनस मद में 3.39 करोड़ रुपए की राशि बोनस मद में दी गयी थी। इस वर्ष बोनस मद में 3.81 करोड़ बोनस मद में दी जा रही है। ज्ञात हो की पिछले वर्ष भी 20% बोनस दी गई थी। साथ ही आज यूनियन और प्रबंधन के बीच वार्ता में कर्मचारियों और अपने परिवार के हित में कर्मचारियों के द्वारा 2000 रुपए की राशि देने पर 15 लाख का मेडिक्लेम व 23 लाख तक का एक्सीडेंटल पॉलिसी देने पर बैंक के सहयोग से प्रबंधन ने अपनी सहमति जताई। साथ ही आने वाले दिनों में टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी पर भी वार्ता के पश्चात सहमति बनने के आसार है। जिसका सीधा लाभ कर्मचारियों को होगा। बोनस हस्ताक्षर के बाद कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। कर्मचारियों ने अपने यूनियन नेताओं को बधाई दी। मौके पर अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने उचित मद में राशि को खर्च करने की बात कही है।

### कोवाली में उत्पाद विभाग का छापा, शराब बनाने का सामान बरामद, संचालक फरार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली में छापेमारी कर उत्पाद विभाग की टीम ने एक मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। टीम ने कोवाली थाना क्षेत्र के मरांगमाली गांव स्थित भरत सिंह सरदार के घर पर छापेमारी की और शराब बनाने का सामान समेत अन्य चीजें बरामद की। टीम ने मौके से 600 लीटर स्पिट, 22 लीटर तैयार शराब, कई विदेशी कंपनियों के शराब और भारी मात्रा में ढक्कन और खाली बोतल बरामद किया है। हालांकि छापेमारी में संचालक भरत सिंह मौके से फरार हो गया। टीम ने भरत सिंह के खिलाफ फरार अभियोग दर्ज किया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भंडरिया के परभन बाबा देवस्थान पर करम पर्व धूमधाम से मनाया गया



**भंडारिया (आजाद सिपाही)।** भादो मास की एकादशी को होने वाले भाई-बहन की रक्षा का पर्व करम भंडरिया के नौका गांव स्थित परभन बाबा देवस्थान पर धूमधाम से मनाया गया। कर्म पूजा के मौके पर प्रखंड के विभिन्न गांव बिंदा जोनहीखाड़, नगनाहा, परो, भंडरिया, मरदा, रामर कंजीया के बैगा पाहन अपने-अपने गांव से झंडा लेकर परभन बाबा देवस्थान पहुंच विधिवत पूजा अर्चना की। पूजा के पश्चात पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ रसिया रोपनी के द्वारा गीत नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। जिसका लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। करम पूजा में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता मनोज सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए करम पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाई बहन के प्रेम का प्रतीक जल जंगल जमीन से जुड़ा हुआ यह पर्व है। कार्यक्रम में उपरोक्त लोगों के अलावे सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, ठाकुर प्रसाद महतो, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, राजेश बर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, ब्रह्मदेव सिंह, वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष आनंन्दी सिंह, धनपत सिंह, जितन सिंह, विरेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के बैनर तले अंसारी समाज का जिला सम्मेलन आयोजित




**गढ़वा/ मेराल (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के बैनर तले रविवार को गढ़वा के नवादा मोड़ उत्सव गार्डन पार्क में जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में गढ़वा जिला के विभिन्न गांव से अंसारी बिरादरी के लोग सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष हिदायतुल्लाह अंसारी ने कहा कि अंसारी बिरादरी को अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक होने की जरूरत है। अंसारी समुदाय के लोग शिक्षित बनें तभी अपने हक और अधिकार को हासिल कर सकते हैं। उपाध्यक्ष ने कहा कि देश की आजादी से पहले मुस्लिम समाज के लोग लगभग 33 प्रतिशत नौकरी में थे। लेकिन आज कौमी नेताओं के चलते स्थिति बद से बदतर हो गई है, इसलिए समाज के लोगों को शिक्षित होने के साथ-साथ संगठित होने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए शुक्रिया अदा किया। इसके अलावा सम्मेलन में कई लोगों ने अपनी बातों को रखा। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव आदम अंसारी ने किया। मौके पर जिला संरक्षक नियाजउद्दीन अंसारी, आफताब अंसारी, रिजवान अंसारी, जमील अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, पूर्व मुखिया मोजिबुरहमान अंसारी, मुखिया इजहार अंसारी, महताब अंसारी, जिला परिषद सदस्य जैदुल्लाह अंसारी तथा विभिन्न प्रखंड से आए हुए प्रखंड अध्यक्ष एवं अंसारी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### मदरसा तब्लीगुल इस्लाम की बैठक में जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान डीजे नहीं बजाने का निर्णय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** इस वर्ष हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की जयंती के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूस-ए- मोहम्मदी के दौरान डीजे नहीं बजेगा। उक्त आशय का निर्णय आज सोमवार को शहर के मदरसा रोड स्थित दारुल उलूम अहले सुन्नत मदरसा तब्लीगुल इस्लाम गढ़वा में आयोजित एक बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी सह मदरसा तब्लीगुल इस्लाम के सदर डॉक्टर मोहम्मद यासीन अंसारी ने की। बैठक में कहा गया कि इस वर्ष जुलूस-ए-मोहम्मदी में किसी भी मोहल्ले से डीजे का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। लोगों ने कहा कि जुलूस अपने-अपने मोहल्ले से सुबह 8:00 बजे निकाल दें। वहीं 8:30 बजे तक शहर के मझिआंव मोड़ पहुंचे। जुलूस-ए-मोहम्मदी नात व दरूद शरीफ पढ़ते हुए निकाला जाएगा। बैठक में डॉक्टर मोहम्मद यासीन अंसारी के अलावे मदरसा के सेक्रेटरी हाजी निजामुद्दीन अंसारी, आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव सिराज खान, गढ़वा जिला अंजुमन के सदर जैनुल आबेदीन खान, वक्फ बोर्ड के शौकत कुरैशी, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, डॉक्टर असजद अंसारी, सिराज खान, अब्दुल मनान, साबिर अंसारी, मोहम्मद अकबर अंसारी, मोहम्मद मंसूर अंसारी, मासूम खान, फैजान रजा कादरी, तारिक अनवर, प्रिंस खान, नसीर खान, फरीद खान व अन्य उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** मंत्री मिथिलेश गणेश पूजा के विसर्जन में हुए शामिल, कहा

# भगवान गणेश की पूजा अर्चना करने से ऋद्धि सिद्धि की प्राप्ति व विघ्न-बाधा का हरण होता है

**पूजा आयोजन समिति के लोगों ने मुख्य अतिथि मंत्री मिथिलेश ठाकुर का किया भव्य स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड के हासनदाग गांव में स्टूडेंट फ्रेंड्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित गणेश पूजा विसर्जन के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मंत्री श्री ठाकुर ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि, खुशहाली, ऋद्धि सिद्धि की कामना की। इस दौरान मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अनिल चौधरी, संजय विश्वकर्मा, अविनाश चौबे, हरेंद्र चौधरी, मानदेव बैठा, गुपु चौधरी, गुलबास अंसारी, देवदत चौधरी, आशुतोष चौबे आदि ने संयुक्त रूप से मंत्री को माला पहनाकर तथा विधायक प्रतिनिधि हेमंत सिंह, नवीन जायसवाल, अजय प्रसाद गुप्ता, अनुज प्रसाद, जगजीवन राम, अनिल चौधरी आदि ने बुके देकर मंत्री का स्वागत किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भगवान गणेश की पूजा से लोगों में खुशहाली, संपन्नता, ऋद्धि सिद्धि की प्राप्ति के साथ विघ्न एवं बाधा का हरण होता है। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, ताहिर अंसारी, मनोज झा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, दीपमाला, अराधना सिंह, लालमणि साव, सुनील बैठा, राजु पासवान, विनोद चौधरी, शिवनारायण चौधरी, दिलीप गुप्ता, निलेश पांडेय, लाला प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

### विगत दस साल विधायक रहनेवाले लोग नारी शक्ति को अपमानित कर रहे हैं : मंत्री

मंत्री ने पूर्व विधायक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विगत दस साल विधायक रहने वाले लोग नारी शक्ति को अपमानित कर रहे हैं। एक ओर भाजपा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की नारा देती है, तो दूसरी ओर उसके पार्टी के पूर्व विधायक शक्ति स्वरूपा नारी शक्ति को ही अपमानित कर रहे हैं। मंत्री ने डीलरों को हिदायत देते हुए कहा कि सरकार की ओर से जन वितरण प्रणाली दुकान में डीलर को लगातार राशन मिल रहा है। पूर्व से बचे हुए राशन को डीलर अपने घर का राशन समझ रहे हैं। उन्होंने सभी डीलरों को अगस्त एवं सितंबर माह का पूरा राशन जनता के बीच वितरण करने की बात कही। मंत्री ने कहा कि विगत 70 वर्षों में जो भी विकास कार्य नहीं हो पाया था, आज चार साल की अवधि में उससे अधिक हो गया है। चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है।

## भाजपा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**पं. दीनदयाल उपाध्याय के बताये मार्ग पर चलकर आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है : ओम प्रकाश केशरी**

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गढ़वा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पंडित दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलकर एवं उनकी प्रेरणा से आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जानी जाती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच अंत्योदय जिसमें समाज के अंतिम वर्ग के चेहरे पर जब तक मुस्कान नहीं होगी तब तक मेरा देश विकासशील नहीं हो सकता। आज हम कह सकते हैं इनके बताए मार्ग पर चलकर आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्व गुरु बनाने की ओर अग्रसर हैं। आज पूरा विश्व भारत पर निगाहें जमा रखा है। आज भारत की विश्वसनीयता पूरे विश्व में बढ़ी है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री संतोष दुबे विवेकानंद तिवारी सुरेंद्र विश्वकर्मा मुन्ना तिवारी नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप अविनाश पासवान लक्ष्मीकांत पांडे रामउनय तिवारी संजय तिवारी विनय राम सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जायंट्स परिवार गढ़वा के सेवा सप्ताह का संयुक्त समापन समारोह आयोजित

**पदाधिकारियों ने कहा- गढ़वा शहर में जायन्ट्स के चार ग्रुप हैं जो पूरे साल पीड़ित मानवता की सेवा में लगे रहते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन की स्थापना दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से आयोजित सेवा सप्ताह के पश्चात जायन्ट्स परिवार गढ़वा का संयुक्त समापन समारोह जायन्ट्स अध्यक्ष कमलेश गुप्ता की अध्यक्षता में स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में संपन्न हुआ।

जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के आतिथ्य में हुए इस समापन समारोह में गढ़वा के सभी ग्रुप जायन्ट्स गढ़वा, गढ़वा सहेली, गढ़वा आस्था एवं यंग जायन्ट्स के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन केंद्रीय कमेटी सदस्य अजय कांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केसरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एमपी केसरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता एवं फेडरेशन पदाधिकारी सीमा केसरी ने दीप प्रज्वलित कर की। समापन समारोह में सभी ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक अपने ग्रुप के द्वारा किये गए सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किये। इस मौके पर जायन्ट्स पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि गढ़वा शहर में जायन्ट्स के चार ग्रुप हैं जो पूरे साल पीड़ित मानवता की सेवा में लगे रहते हैं। रक्तदान, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, स्वच्छता अभियान, प्रदूषण कम करने एवं प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, जलसंरक्षण, सड़क सुरक्षा, पौधरोपण आदि अनेक कार्य करता है जिससे गरीब मजदूरों तक उसका लाभ पहुचाने एवं समाज को जागरूक करने में जायन्ट्स हमेशा लगा रहता है।

कार्यक्रम में उपस्थित रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, लायंस क्लब के जोनल चेयरमैन उमेश अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए जायन्ट्स परिवार द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर जायन्ट्स के पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी, अशोक केशरी, राकेश केशरी, अवधेश कुशवाहा, मनोज केशरी सन रेडियो, चंदन चन्द्रवंशी, मनदीप सोनी, डॉ बीरेंद्र कुमार, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, दीपक केशरी, अशोक विश्वकर्मा, रितेश केशरी जायन्ट्स सहेली की अध्यक्ष रितु जायसवाल, फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी पूर्व अध्यक्ष लता गुप्ता, गायत्री गुप्ता, माला केशरी, शुषमा केशरी, रीना अग्रवाल, संध्या केशरी, रंजना जायसवाल, वीणा केशरी, संगीता गुप्ता, वन्दना सोनी, बिमला केशरी,वर्षा अग्रवाल, रीना केशरी जायन्ट्स आस्था के उपाध्यक्ष डॉ आशीष गुप्ता, विराट राजा, वेदप्रकाश शर्मा, यंग जायन्ट्स अध्यक्ष अंशित केशरी, प्रियांशु केशरी, मनीष केशरी आदि अनेक सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ग्रुप के सचिव चंद्रभूषण सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन मजीबुद्दीन खान ने किया।

### वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे पर वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस में अंगदान महादान पर सेमिनार आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में अवस्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन एवं वनांचल कॉलेज आफ साइंस (फार्मेसी) के संयुक्त तत्वावधान में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के उपलक्ष्य में वनांचल कॉलेज आफ साइंस में डिपार्टमेंट आफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉक्टर आदेश बावने ने अपने और अन्य डिपार्टमेंट के छात्र-छात्राओं को अंगदान महादान पर आयोजित सेमिनार में संबोधित किया। सेमिनार में अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अंगदान करने के प्रति अपनी इच्छा जताई। छात्रों के अनेक प्रश्नों के उत्तर देने के बाद www.nic.in या http//angdaan.org पर सभी छात्रों को अपना रजिस्ट्रेशन करके पुण्य का भागी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अंगदान महादान होता है और इसके लिए सभी को कृत संकल्प होना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों में डॉक्टर दिव्या तिरु, डॉक्टर पंकज, शिवकुमार ओझा, नितेश पाठक, राकेश कुमार सिंह, आनंद कुमार चौबे, ओम प्रकाश, अभिमन्यु तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों में सुधीर धर दुबे, बी. एन. सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बी.एड., डी.एल.एड., नर्सिंग, ए.एन.एम., जी.एन.एम. के छात्रों में रविशंकर, पूजा, आनंद, शशिकांत आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन शशिकांत सिंह यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन जनार्दन जी के द्वारा किया गया।

## किस्मती कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 15 लोगों ने रक्तदान कर नेत्रदान की दी सहमति

**रक्तदान तथा अंगदान से बचाई जा सकती है दूसरों की जिंदगी : डॉ अनिल साह**




**मेराल (आजाद सिपाही)।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित किस्मती कॉलेज ऑफ फार्मेसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही जागरूकता रैली निकालकर लोगों को अंगदान तथा रक्तदान के लिए जागरूक किया गया। शिविर में 15 लोगों ने रक्तदान किया, साथ ही 25 लोगों ने नेत्रदान के लिए अपनी सहमति दी। शिविर का उद्घाटन सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, संस्था प्रमुख डॉ अनिल साह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कॉलेज के संस्थापक सह निदेशक डॉ अनिल कुमार साह ने छात्र-छात्राओं और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान और अंगदान कर दूसरों की जिंदगी बचायी जा सकती है। अंगदान जीवित रहते हुए और मरने के बाद भी किया जाता है।

कॉलेज के निदेशक लव कुमार सिंह ने कहा कि अगर आप अंग दान कर के किसी की जान बचते हैं तो इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के फैकल्टी मनीष कुमार तिवारी, विकास कुमार मिश्रा, किंजल राठौड़, अंजनी कुमारी, ममता कुमारी, ओम विश्वकर्मा, विद्या भारती, चित्रलेखा, इंद्रजीत आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

### मां शेरावाली भंडारा के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित, कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मां गढ़देवी मंदिर के प्रांगण में मां शेरावाली भंडारा आयोजन समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जय मां शेरावाली भंडारा समिति के अध्यक्ष सुनिल पासवान उर्फ नागर ने की। जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से भंडारा करने हेतु निर्णय लिया गया। जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किया गया। एकम से दशमी तक प्रसाद वितरण, सप्तमी से दशमी तक भव्य विशाल भंडारा का आयोजन, अष्टमी के दिन महाप्रसाद के रूप में खीर का वितरण सहित अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। मौके पर अध्यक्ष सुनिल पासवान उर्फ नागर, पिंटू उर्फ ओला, सन्नी चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष अजित पासवान, पुनित जायसवाल, धनन्जय पासवान, रनथा नायक, संगम सिंह, कोषाध्यक्ष किशोर कुणाल, विवेक सिन्हा, सचिव विजय ठाकुर, प्रीतम गोड, सह-सचिव सुभाष गोड़, सचिन कुमार, आकाश बघेल, मंदन पटवा, अमित केशरी, विक्रम पटवा, चन्द्र बहादुर सिंह, संगठन मंत्री अतुल चंद्रवंशी, राजू चन्द्रवंशी, धीरज पासवान, रजत देव, विकाश सोनी, आर्यन राज, अंकित गोड, सुमन कांस्यकार, दीपक पहलवान, रोहित कुमार (छोटू) व्यवस्था प्रभारी भास्कर गोड़, कुश ठाकुर, सिद्धान्त कुमार, पवन चन्द्रवंशी, प्रिंस कुमार, पवन सोनी, विक्की गोड़, विकास गोड़, राजा सोनी, विकास पाठक, ध्रुव कुमार लक्की, संरक्षक राकेश पाल, शैलेंद्र कुमार पाठक, विकास कुमार माली, मुना रेडियो, मीडिया प्रभारी सौरभ कांस्यकार, अंशु कांस्यकार, विक्री गोड़, विकास जायसवाल, सक्रीय सदस्य इन्द्रबहादूर सिंह, निलेश ठाकुर, सुमित कमलापुरी, ओमप्रकाश गुप्ता, पिन्टू बंगाली, शुभम केशरी, पिन्टू पासवान, आदित्य कुमार, नीरज तिवारी, कुंदन चंद्रवंशी, मंटू चंद्रवंशी, गोविंद गोड़, कार्तिक कुमार, सुभाष दुबे, छोटन गोड़, देवराज, विक्की सोनी, आशीष गोड़, अभय, प्रकाश प्रिंस, कृष्ण मुरारी, चंदू कुमार, रिंकू, अंकित, गोलू, व्यवस्थापक रमाशंकर ब्रेजियर, राज पासवान, आर्यन राज, सुशील चंद्रवंशी, करण कुमार, तुषार कुमार, रोहित बघेल शामिल थे।

### वज्रपात से 11 बकरियों की मौत, मुआवजा की मांग

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के ग्राम रंकाकला हल्दिया पुल निवासी तीन बकरी पालकों की शुक्रवार को बारिश के दौरान बज्रपात से 11 बकरियों की मौत हो गई। जिससे बकरी पालकों को लगभग 60 हजार रुपये की क्षति होने का अनुमान है। इसमें रमजान अंसारी पिता कुर्बान अंसारी की 9 बकरी, अशोक राम पिता स्व. सुदेशी राम की एक बकरी एवं इस्लाम अंसारी पिता स्व. सरफूदीन अंसारी की एक बकरी शामिल है। रंकाकला मुखिया राजेश कुमार मद्धेशिया, वार्ड सदस्य दिनेश चंद्रवंशी एवं झामुमो के रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और पशुपालन विभाग के डॉ रंजीत डे को बुलाकर पोस्टमार्टम कराया एवं रंका सीओ शिव पूजन तिवारी एवं गढ़वा जिला सहाय शाखा की संगीता मैडम को सूचना देकर पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की।

**कार्यक्रम :** हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के तहत हाइकोर्ट के निर्देश के बाद नयी समिति के पुनर्गठन के लिए आमसभा आयोजित

# दूसरे पक्ष के रामचंद्र चंद्रवंशी के उपस्थित नहीं रहने से टल गया चुनाव

**27 सितंबर को झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड की विशेष बैठक के बाद ही होगा कोई निर्णय**

आजाद सिपाही संवादाता



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल स्थित बजरंगबली मदिर के प्रांगण में सोमवार को झारखण्ड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के तहत उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद नयी समिति के पुनर्गठन हेतु एक आम सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव कुमार तिवारी ने की। वहीं हजारों की संख्या में सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल में आस्था रखने वाले श्रद्धालु उपस्थित थे। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व ही चुनाव कराने आए संजीव दुबे ने उपस्थित भीड़ से राय मांगी। जहां भीड़ ने चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कही। वहीं अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकास दुबे भी अपने समर्थक के साथ पहुंचे थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां राजनीतिक व किसी व्यक्ति विशेष को धार्मिक स्थल पर नहीं होना चाहिए। जबकि राजद नेता सह सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल विकास समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह ने भीड़ के बीच खड़ा होकर लोगों को संबोधित करते हुए हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा जारी की गई सूचना व निर्देश के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि निर्देश के अनुसार पूर्व विकास समिति व पूर्व झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड की समिति की उपस्थिति में दोनों समिति के बीच न्याय अन्याय को देखते हुए चुनाव कराने का निर्देश प्राप्त है। हालांकि चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी चूंकि दूसरे पक्ष अर्थात झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल के अध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी उपस्थित नहीं थे। झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड की विशेष बैठक में 27 सितंबर को रखी गयी है, तब ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल कुछ कहने से असमर्थ हूं। उन्होंने कहा कि सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल को चारागाह नहीं बनने दूंगा। उन्होंने सतबहिनी माई में श्रद्धा रखने वाले सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को आश्वासन देते हुए कहा कि न्याय अवश्य मिलेगा। जबकि नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कहा कि सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल से मुझे काफी स्नेह है, न कि कोई स्वार्थ। उन्होंने कहा आमजन ने प्रार्थना कर तब मुझे अध्यक्ष बनाया था, जब इस तीर्थ स्थल में विकास का नाम शून्य था। जब मैं अध्यक्ष बना तो निःस्वार्थ भावना से निजी खर्च कर शून्य से शिखर तक विकास को पहुंचाया। इसमें एक-एक लोगों ने सहयोग किया। मौके पर पूर्व समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्रा, हरिनाथ चंद्रवंशी, अरुण सिंह, अजीज अंसारी, प्रखण्ड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, कुलदीप साह, जयगोविंद साह, रामपुकार प्रजापति, अयोध्या प्रजापति, सत्यनारायण सिंह, धर्मदेव ठाकुर, अरुण राम, विष्णुदेव साह, सूचित नारायण सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### चंद्रायन फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जमा दो उच्च विद्यालय के प्रांगण में चंद्रायन फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पलामू के करकटा बनाम गढ़वा के टड़हे के बीच खेला गया। करकटा की टीम ने टड़हे की टीम को तीन-दो गोल से हराकर मैच जीत लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी विकास दुबे थे। समाजसेवी ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। कहा फुटबॉल टूर्नामेंट की तरह इस मैदान पर क्रिकेट टूर्नामेंट का भी भव्य आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट के विजयी टीम को ट्रॉफी के साथ नगद 21 हजार व उप विजेता टीम को 11 हजार नगद दिया जाएगा। जबकि टूर्नामेंट के ओवरऑल खिलाड़ी को रेंजर साइकिल दी जाएगी। मौके पर अनूप कुमार, अरुण कुमार दुबे, चुनमुन दुबे, पंकज कुमार द्विवेदी, देव वंश दुबे सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

आजाद सिपाही

रांची, मंगलवार, 26 सितंबर, 2023

www.azadsipahi.in




## गरीबों का निवाला गटकने वाले डीलर हो जायें सचेत : अख्तर



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झामुमो युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह सदर प्रखंड बीस सूत्री सदस्य अख्तर अंसारी ने सदर प्रखंड क्षेत्र के सभी डीलर्स को चेतावनी देते हुए कहा है कि हेमंत सरकार गरीबों को उन्हें उनका हक अधिकार दिलाने में हर वक्त सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री के प्रयासों से गरीबों के बीच खाद्यान्न वितरण में अनियमितता और लीपापोती करने वाले डीलर कार्ड धारियों को शत प्रतिशत अनाज देने में अग्रणी भूमिका निभाने का विशेष कार्य करें नहीं तो कार्रवाई हेतु राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विभागीय सचिव को पत्राचार कर मांग रखी जायेगी। उन्होंने सदर प्रखंड क्षेत्र के सभी डीलरों को खाद्यान्न वितरण में पूरी पारदर्शिता बरतने और तय समय पर खाद्यान्न वितरण करने की बात कही है।

### भंडरा के उदरंगी में चेहल्लुम के अवसर पर अस्त्र-शस्त्र खेल नुमाइश का हुआ आयोजन

# आपकी उम्मीदों पर हर वक्त उतरूंगा खरा: डॉ इरफान

**बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाता है चेहल्लुम: दिलीप कुमार टोप्पो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उदरंगी में अंजुमन ए इस्लामिया चेहल्लुम कमिटी उदरंगी की जानिब से मेला टांड़ में अस्त्र शस्त्र खेल नुमाइश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज कलामे पाक के तिलावत से शुरू की गयी। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी और विशिष्ट अतिथि लोहरदगा जिला के पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो, झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमो नेता जनाब आजम अहमद, भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार थे। अतिथियों का पगड़ी पोशी और बुके और बैच देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि लोहरदगा के उदरंगी बस्ती में खेल नुमाइश का आयोजन होना बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि हमारी जब भी जरूरत महसूस हो हर वक्त आप सभी के साथ खड़ा रहूंगा। पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो ने कहा कि दीन को जिंदा रखने के लिए खुद को मिटाने वाले हजरत इमाम ए हुसैन और हजरत इमाम ए हसन के आदर्शों पर चलकर हमें अपने राष्ट्र के विकास हेतु सभी वर्ग के लोगों को भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उदरंगी के नौजवान और बड़े बुजुर्ग, नन्हें बच्चों में जो उत्साह और हुनर है काफी काबिले तारीफ है। पूर्व डीसी दिलीप कुमार टोप्पो ने कहा कि जब कभी मेरी आवश्यकता हो आपके बीच रात दिन उपलब्ध रहेंगे।



**खेल नुमाइश में कुल 21 अखाड़ा ने लिया भाग**

लोहरदगा जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत उदरंगी में आयोजित खेल नुमाइश प्रतियोगिता में लोहरदगा, रांची, गुमला जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 21 टीमों के होनहार खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया। इस दौरान अस्त्र शस्त्र खेल नुमाइश प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम हयात नगर माराडीह, हिरही कर्बला चौक, गौसिया नगर सेन्हा, गरीब नवाज कुरसे, ख्वाजा गुलजार नगर लोहरदगा, हुसैनी अखाड़ा बंडा, सुरसा मस्जिद चौक समेत अन्य जगह के खिलाड़ियों ने भाग लेकर एक से बढ़कर एक कलाबाजी को प्रस्तुत किया। इधर अस्त्र शस्त्र खेल नुमाइश प्रतियोगिता के दौरान पुलिस प्रशासन और ड्रोन कैमरा के द्वारा चप्पे चप्पे पर पैनी नजर रखा गया था। मौके पर सलमान अंसारी, सदर मुमताज अंसारी, सेक्रेटरी गुलाम मुस्तफा अंसारी, खजांची हसीबुल अंसारी, झामुमो नेता तेवारी उरांव, समाजसेवी असीम टोप्पो, उदरंगी मुखिया परमेश्वर महली, भंडरा मुखिया इंद्रदेव उरांव, समाजसेवी परमेश्वर के अलावा पूरे ग्राम उदरंगी वासियों का अहम योगदान रहा।

## इंडोर रायफल शूटिंग क्लब का उद्घाटन कल

**प्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री आयेगी लोहरदगा, मंत्री और सांसद के साथ करेंगी उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला रायफल एसोसिएशन के तत्वावधान में दिनांक 27 सितंबर को अपराह्न 2.00 बजे से बलदेव साहू महविद्यालय स्थित इंडोर रायफल शूटिंग क्लब का उद्घाटन किया जायेगा। मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव, डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा, कुलपति रांची विश्वविद्यालय रांची, धीरज प्रसाद साहू सांसद, फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री की गरिमामय उपस्थिति में उद्घाटन समारोह संपन्न होना है। साथ ही मुंबई के प्रसिद्ध कलाकार प्ले बैक सिंगर अमित गुप्ता अपनी पूरी टीम के साथ संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करेगें।

उक्त जानकारी लोहरदगा जिला रायफल एसोसिएशन के महासचिव सूखैर भगत ने दी। उन्होंने सभी लोहरदगा वासियो, प्रबुद्धजनो से उदघाटन समारोह में आने की अपील की है।

## हिंदुस्तान स्काउट्स और गाइड्स एसोसिएशन ने मनायी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भारत रत्न पं दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती हिन्दुस्तान स्काउट्स और गाइड्स-एसोसिएशन, लोहरदगा ईकाई के द्वारा साधना दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्काउट्स के बच्चों के बीच खेल को प्रोत्साहित करने हेतु फुटबाल और जर्सी का वितरण किया गया। स्काउट्स के बच्चों को संबोधित करते हुए स्काउट्स और गाइड्स एसोसिएशन की राज्य सचिव शांति कुमारी ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही मनीषियों ने गुरुकुल आश्रम शिक्षा व्यवस्था के तहत स्काउटिंग और गाइड्स की शिक्षा दिया जाता रहा है। एसोसिएशन के जिला सचिव अनिल उरांव ने कहा कि व्यवहारिक शिक्षा देना ही हमारी साधना है। धन्यवाद ज्ञापन ग्रुप लिडर सुमित उरांव ने किया।

## हृदय गति रुकने से सहायक पुलिस की हुई मौत



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। लातेहार जिला पुलिस बल में तैनात सहायक पुलिस की रविवार देर रात हृदय गति रुकने से मौत हो गयी। मृतक तारकेश्वर प्रजापति पिता रामदीप प्रजापति छिपादोहर थाना अंतर्गत चुंगरु पंचायत के नावाडीह गांव का रहने वाला था। वह पंजाब नेशनल बैंक बेतला में ड्यूटी करता था। रात करीब 9 बजे तबियत खराब होने पर आनन फानन में परिजनों ने नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा मे भर्ती कराया। जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार को शव को छिपादोहर थाना लाया गया जहां पर पुलिस अधिकारी बरवाडीह सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सब इंस्पेक्टर रंजीत राम, काशी महली, एएसआइ राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों और जवानों द्वारा 2 मिनट मौन धारण किया गया। और बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि जवान की मौत होना मन को बहुत बिचलित कर रहा। जितना भी सम्भव हो पायेगा हरसंभव मदद करने का प्रयास किया जायेगा हम सभी परिवार वालो के साथ है।

## पर्व-त्योहार आपस में मिल जुल कर रहने का संदेश देता है : पीडीजे

**पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाया गया कर्मा त्योहार**



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन बक्सीडीपा में प्राकृतिक पर्व करमा के अवसर में पुलिस मेन्स एसोसिएशन व पुलिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में धूमधाम के साथ करमा पर्व मनाया गया. वही महिला पुलिस कर्मियों द्वारा करम डाली का पूजन किया गया। करमा पर्व महोत्सव पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र बहादुर पाल और पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने पूजा स्थल पर पहुच कर पुलिसकर्मियों का उत्साह बढ़ाया। मौके पर पीडीजे ने कहा कि पर्व त्यौहार आपस मे प्रेम और भाईचारा के साथ मिल जुलकर रहने का संदेश देता है। सभी लोग शांति व सौहार्द के साथ खुशी से त्यौहार मनायें और आपस मे एक साथ मिल जुलकर रहने का प्रयास करें। वही पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई भी पर्व त्यौहार के दौरान हुड़दंगी न करें और सोशल मीडिया या अन्य किसी भी तरह से गलत पोस्ट कर अफवाह न फैलायें। कहा कि शांति भंग कर पर्व त्यौहार में माहौल बिगाड़ने वालों का खैर नही। उनके खिलाफ नियम संगत कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। सभी लोगों से शांति व सौहार्द से मन और उत्साह के साथ पर्व मनाने का अपील किया गया। मौके पर सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा, पुलिस निरीक्षक मंटु कुमार के अलावे पुलिस लाइन के सभी पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## पुलिस और खनन विभाग की कार्रवाई में अवैध गिट्टी लोडेड दो हाइवा जब्त

**वैध चालान और कागजात नहीं होने कारण उसे जब्त कर खनन नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला खनन विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त औचक जांच और छापामारी में अवैध गिट्टी लोडेड दो हाइवा ट्रक जब्त किया गया। छापामारी की भनक लगते ही नदी घाट से अवैध बालू उत्खनन करने वाले लगभग आधा दर्जन ट्रैक्टर मौके से फरार होने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार बालू और खनिज के अवैध दोहन और परिवहन को लेकर पुलिस और खनन विभाग लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके तहत सदर थाना क्षेत्र के जोरी गांव में रविवार के मध्य रात्रि जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद और सदर थानेदार अनिल उरांव के द्वारा जांच किया गया। जांच में गिट्टी लोडेड दो हाइवा न जेएच 13 ई 4205 व जेएच 13 ई 3526 को रोक कर उनके संबंधित कागजातों की जांच की गयी। जांच में हाइवा चालक की ओर से कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं किया गया। इस पर हाइवा में लोडेड खनिज को अवैध मानकर खनन विभाग ने जब्त किया। छापमारी से खनिज व बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया। इस संदर्भ में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने बताया कि जांच के दौरान दो गिट्टी लोडेड हाइवा की जांच की गयी। वैध चालान और कागजात नहीं होने कारण उसे जब्त कर खनन नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है। एसडीओ ने कहा कि, खनिज और बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाने को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन गंभीर है।

## श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने की बैठक



बारियातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल का एक बैठक सोमवार को हिन्दू धर्मावलंबियों के साथ प्रखंड अध्यक्ष झुलन भगत की अध्यक्षता में किया गया। इसके पश्चात जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष बिरेंद्र ने बताया कि शौर्य रथ यात्रा बारियातू श्रीराम मंदिर परिसर में दिनांक 3-10-2023 को लाया जायेगा। रथ यात्रा को सफल संचालन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड संयोजक पवन कुमार सह संयोजक मदन प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, चंदन प्रसाद, शंकर राणा को बनाया गया।

## मनरेगा योजना के तहत संचालित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में जिला लोकपाल पदाधिकारी इंदु तिवारी की अध्यक्षता में प्रखंड कर्मियों के साथ मनरेगा योजना द्वारा संचालित विकास कार्यो का समीक्षा बैठक किया गया। आयोजित बैठक में लोकपाल पदाधिकारी द्वरा प्रखंड क्षेत्र में संचालित मनरेगा योजना के अंतर्गत आमबागवानी, डोभा, दीदी बाड़ी सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में निर्देश हुए कहा कि प्राक्कलन के अनुसार मनरेगा योजना कार्य करें और अधिक से अधिक मजदूरों को कार्य दे जिसे पलायन रुके, साथ ही कहा गया कि मजदूरों को किसी प्रकार की समस्या होती है। तो कार्यालय में आ कर या फोन के माध्यम से संपर्क करें जिससे समस्या का समाधान किया जायेगा तथा प्रखंड कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा गया कि मजदूरों का मजदूरी भुगतान ससमय करें मौके पर बीपीओ निलेंद्र कुमार, जेई मनु कुमारी, संजीत कुमार, एई विशाल मिंज के अलावे सभही प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## बदला गांव में मिला 10 फीट लंबा अजगर



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र बदला गाँव में दस फिट लंबा अजगर सांप मिला। जिसे पकड़ कर ग्रामीणो ने वन विभाग को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार सुखसागर पांडेय का तालाब के समीप खेत मे करमा डाली गाड़ते समय अजगर को ग्रामीणों ने देखा। अजगर को देख ग्रामीणो में भय का माहौल था। वही डब्लू अन्सारी ने साहस का परिचय देते हुए अजगर को पकड़ा जिसे वह वन विभाग को सुरक्षित सौप दिया। मौके पर वार्ड सदस्य सुखसागर पाण्डेय, लाल विक्रम नाथ शाहदेव, छोटू, सरोज राम, भागीरथी गोप, अमित पांडेय सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## कुडू में मनरेगा कूप निर्माण में बरती गयी भारी अनियमितता

**लाभुक कर्ज लेकर बनाया कूप, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक ने निकाल ली राशि**



**लोहरदगा।** कुडु प्रखंड के ककरगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम फुलसुरी मे शिव चरण बैठा के मनरेगा कूप निर्माण में भारी गड़बड़ी की गयी है। कूप निर्माण में लाभुक शिव चरण बैठा द्वारा 34,950 रुपये राशि की सामग्री खरीददारी में खर्च किया गया, उस राशि को भी तत्कालीन पंचायत सचिव व रोजगार सेवक लाभुक को नहीं दिया। लाभुक बाजार से कर्ज लेकर कूप निर्माण मे खर्च किया था। जब तारीख 9 से 15-03-2023 तक सोशल ऑडिट टीम काकरगढ़ पंचायत का ऑडिट किया, तब फुलसुरी निवासी लाभुक शिव चरण बैठा का कूप निर्माण मे गड़बड़ी उजागर हुआ। कूप निर्माण में कार्य से अधिक बिल पंचायत सचिव व रोजगार सेवक ने निकाल लिया है। कूप की गहराई 24 फीट है। चौड़ाई 12 फीट है। कूप का पटाई 10 इंच मोटा किया गया है और 15 इंच मोटाई का बिल बनाया गया है, दिखाने के लिए उपर में तीन फीट 15 इंच मोटाई दिखाया गया है और राशि की हेराफेरी की गयी है। इस मामला को टीम लीडर राम चरण साहू द्वारा पंचायत जन सुनवाई मे भी नहीं लाया गया। वही तारीख 20-09-2023 को प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई में भी मामला को सामने नहीं रखा गया, जो भ्रष्टाचार को दर्शाता है। यह मामला को मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी से लिखित शिकायत की गयी है। यह मामला तत्कालीन पंचायत सचिव दिलीप लकड़ा के समय का है। इस अनियमितता मे प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मेट और कनीय अभियंता की मिलीभगत बतायी जाती है। लाभुक ने बताया कि इनके द्वारा सोशल ऑडिट टीम को मैनेज किया गया। जिस कारण जन सुनवाई मे मामला नहीं पहुचाया गया।

## हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में मनायी गयी करम पूजा



भंडरा /लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भाई-बहनों का त्योहार करमा प्रखंड मुख्यालय सहित सभी गांवों में धूमधाम के साथ करम पर्व मनाया गया। सोमवार को गांव के पहान, पुजार व महतो सहित ग्रामीणों द्वारा करम डाली काट कर लाया गया। करम डाली लाकर अखरा सहित अन्य जगहों पर करम डाली को स्थापना किया गया। इस मौके पर करम डाली के स्वागत में खास गाना धुस्का देबौ, पुआ देबाऊ करम डाली के गया गया। करम पर्व को लेकर प्रखंड के धनामुंजी, गड़रपो, कसपुर, आकाशी, उदरंगी, भंडरा, भौरों, सेमरा, पलमी, जमगाई सहित सभी गांवों में उत्साह का माहौल देखा गया ।

## तेतरतर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने रितेश वर्मा और सचिव दिवेश साहू




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शहरी क्षेत्र के मुद्रिका हाल के प्रांगण में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता जयशंकर मिश्रा व संचालन निश्चय वर्मा ने की। बैठक में पिछले वर्ष के आय-व्यय पर चर्चा की गयी। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया।मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा -अर्चना की जायेगी। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष रितेश कुमार(कुणाल), सचिव दिवेश साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रितेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष शुभम जायसवाल को बनाया गया है। नई कमेटी से कहा गया है कि कमेटी का विस्तार जल्द कर पूजा अर्चना धूमधाम से मनाया जाये। मौके पर उदय बर्मन, बिरेंद्र गुप्ता, विकास, शशि, आशीष, अमित, शुभम, राजकुमार सहित समिति के संरक्षक और सदस्य मौजूद थे।

## धोती-साड़ी योजना में डीलर ने दस रुपये अवैध वसूली की

**तीन माह में एक माह का राशन देने की शिकायत**

**बीडीओ ने कहाः दस रुपये वापस करायें जायेंगे, यदि राशन नहीं मिला है तो दिलाया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने भुसाढ़ गांव भ्रमण के दौरान राशनकार्ड धारियों से धोंती साड़ी योजना में डीलर द्वारा दस रुपए अवैध वसूली करने तथा तीन माह में एक माह की राशन देने कि शिकायत किया है। उन्होंने राशनकार्ड धारियों से मिलकर इस मामले की जानकारी ली, कार्ड धारियों ने बताया कि राशन डीलर शिद्धेश्वर गंझु के दुकान संचालक ने दो बार अंगुठा लेकर धोंती साड़ी दिया। इसके एवज में प्रत्येक कार्ड धारी से बीस रुपए की जगह तीस-तीस रुपये वसूले गये, पंसस ने दस रुपये अधिक लेने के मामले पर जब डीलर के दुकान संचालक से पूछा तो उन्होंने बताया कि धोंती साड़ी में अलग से दस रुपये खर्च हो जाता है, दस रुपये खर्च के बारे में राशनकार्ड धारियों को बता दिया गया है। फिर भी किसी को एतराज है तो दस रूपया वापस कर दिया जायेगा। तीन माह में एक माह की राशन देने की शिकायत मामले में डीलर के संचालक ने बताया कि सिर्फ सितंबर माह का राशन का वितरण नहीं किया गया है। गुरुवार को वितरण कर दिया जायेगा। पंसस ने इस पुरे मामले से प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार को फोन पर अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा है कि दस दस रुपये राशनकार्ड धारियों को वापस कराये जायेंगे, जांच की जायेगी यदि राशन नहीं मिला है तो उन्हें दिलाया जायेगा। इधर बताते चले की प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ किसी जन वितरण दुकानदार के शिकायत करने पर उनके द्वारा यह कहा जाता है कि यह काम कर दिया जायेगा और जन वितरण प्रणाली दुकानदार पर किसी तरह का कोई कार्रवाई नहीं होता है। पूर्व में हटाप पंचायत के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार प्रमोद टोप्पो पर ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय में आकर शिकायत किया था परंतु अभी तक कोई ठोस निर्णय प्रशासन के तरफ से नहीं लिया गया है उसे समय भी प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा कहा गया था कि दुकानदार राशन बेच दिया है तो उसे कार्ड धारी को देना पड़ेगा यह कैसी बात है।

## भाजपाइयों ने मनायी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता




**महुआडांड़।** भाजपा मंडल कार्यालय में सोमवार को मंडल महामंत्री जमुना प्रसाद के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जंयती मनाया, कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। जमुना प्रसाद ने कहा एकात्म मानववाद पर विशेष जोर देने वाले समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ने की कोशिश के साथ उनके आदर्शों पर चल रहे भाजपा पार्टी, उनको याद करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय मानव जाति को सर्वश्रेष्ठ माना और सभी को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया। दीनदयाल जी ने छात्र जीवन से ही पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय और माता का नाम रामप्यारी था। उनके पिता रेलवे में सहायक स्टेशन मास्टर थे और माता धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। दीनदयाल 3 वर्ष के भी नहीं हुए थे, कि उनके पिता का देहांत हो गया और उनके 7 वर्ष की उम्र में मां रामप्यारी का भी निधन हो गया था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आएं, आजीवन संघ के प्रचारक रहे। 21 अक्टूबर 1951 को डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में 'भारतीय जनसंघ' की स्थापना हुई। 1952 में इसका प्रथम अधिवेशन कानपुर में हुआ और दीनदयाल उपाध्याय जी इस दल के महामंत्री बने तथा 1967 तक वे भारतीय जनसंघ के महामंत्री रहे। सन् 1967 में कालीकट अधिवेशन में उपाध्याय जी भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए और मात्र 43 दिन बाद ही 10/11 फरवरी 1968 की रात्रि में मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गयी। वे आजीवन संघ के प्रचारक रहे। हमें इनके बताये गये रास्ते पर, विचारों व आदर्शों पर चलना चाहिए। मौके पर जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, मोहन यादव, दिलीप प्रसाद, प्रशांत सिंह, दिलीप जायसवाल, नागेश मुण्डा, सत्यनारायण प्रसाद, हीरा लाल प्रसाद,अमीत जायसवाल उर्फ भोल्टु और दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर के किशोर वर्ग ने लहराया परचम



**किशोर वर्ग ने 9 स्वर्ण तथा 7 रजत जीत कर पाया सर्वोच्च स्थान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** प्रांतीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर गुमला के भैया-बहनों ने खेल प्रशिक्षक आचार्य संजय कुमार के नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण तथा 7 रजत पदक प्राप्त किया। अंजनी कुमारी तथा नरेंद्र कुमार त्रिकूद में प्रथम स्थान पर रहे। अंजली कुमारी लंबी कूद में तथा अंशु कुमार पैदल चाल 5 किलोमीटर में प्रथम स्थान पर रहे। जहां 4गुणा400 रिले दौड़ आयुष कुमार, अंशु कुमार, सोनू कुमार तथा नरेंद्र कुमार को प्रथम स्थान वही 4.गुणा 100 रिले दौड़ में सोनू कुमार, नरेंद्र कुमार, मनीष उरांव तथा आयुष कुमार को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। सोनू कुमार यादव को 100 मीटर एवं 200 मी. की दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ तथा अंजली कुमारी को 200 मीटर की दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेता टीम आगामी 17 से 19 अक्टूबर 2023 को रजरप्पा में होने वाले क्षेत्रीय प्रतियोगिता में शामिल होगी। टीम की इस सफलता से पूरे विद्यालय परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने पूरी टीम को बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और लगन से यह सभी भैया-बहन निरंतर प्रगति पथ पर गतिमान रहेंगे। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार साहू तथा अशोक मुकुल, सचिव विजय बहादुर सिंह, सहसचिव त्रिभुवन शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा तथा समस्त अधिकारी बृंद ने सभी भैया-बहनों को शुभकामनाएं दी तथा आगे आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए उत्साहवर्धन किया।

# दिल्ली में लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के लिए आहूत राष्ट्रीय सम्मेलन में शरीक होंगे जेएनडी के संयोजक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** देश की राजधानी दिल्ली के संविधान क्लब में 29 सितंबर को होने वाले लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन में झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भी भाग लेंगे। राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के प्रगतिशील व न्यायप्रिय सोच वाली छोटी-छोटी पार्टियों व संगठनों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें भाग लेकर झारखंड नवनिर्माण दल की ओर से देश व संविधान बचाने के लिए तथा भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं का हल निकालने की कोशिश में आगे बढ़ रहे तमाम प्रगतिशील ताकतों के साथ एकजुटता जाहिर की जाएगी। राष्ट्रीय कन्वेंशन में स्वराज इंडिया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र यादव के अलावे देशभर के कई दिग्गज नेता भाग लेंगे।

# कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक और जिला प्रभारी का गुमला आगमन 27 को



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत 27 सितंबर को गुमला आयेंगे। यह जानकारी कांग्रेस के ज़िला महामंत्री सन्तोष गुप्ता गुड्डु ने दी। उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा प्रभारी के साथ साथ लोकसभा संयोजक प्रदीप तुलसियान एवं गुमला जिला प्रभारी अजय नाथ शाहदेव भी होंगे। संतोष गुप्ता ने बताया कि तीनों पदाधिकारियों का आगमन 27 सितंबर को समय 11.00 बजे परिसदन गुमला में होना निश्चित है। इस दौरान वे जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, पीसीसी डेलीकेट, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, अल्पसंख्यक कांग्रेस, सेवा दल, एससी प्रकोष्ठ, आदिवासी कांग्रेस सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे एवं आगामी लोकसभा चुनाव एवं संगठनिक सशक्तिकरण पर चर्चा करेंगे।

## कार्यक्रम : जिला भाजपा कार्यालय में मनायी गयी पंडित दीनदयाल की जयंती

# भाजपाइयों ने पं. दीनदयाल को श्रद्धासुमन अर्पित कर अंतिम व्यक्ति के विकास का लिया संकल्प

**पं. दीनदयाल का संपूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण में समर्पित था : विजय मिश्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जन्म जयंती सोमवार को मनाई गयी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प देते हुए श्रद्धासुमन अर्पित कर अंतिम व्यक्ति के विकास का संकल्प लिया।

मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा ने कहा आकाश सा व्यक्तित्व लिए राष्ट्र के लिए समुद्र की गहराई सी सोच रखने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का विचार देकर राजनीति की नई परिभाषा दी। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण में समर्पित हो गया। उन्होंने कहा कि उनकी दूरगामी सोच ने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बना दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसंघ के दो सांसद से 303 सांसद देश सेवा को अपना लक्ष्य मानकर राष्ट्र को आगे ले जाने के लिए काम कर रहे हैं।

मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता भूपन साहू, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल, निर्मल गोयल, राधेश्याम कुशवाहा, ओमप्रकाश साहू, कौशलेंद्र जमुआर, संजय वर्मा, अरविंद मिश्रा, बालकेश्वर सिंह, शंभू सिंह, गौरी किंडो, गुड्डी नंदा, सुधीर नंद आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आधे धंसे हुए घर में रहने को विवश हैं सोसो महली टोली की रामी टोप्पो, किसी ने नहीं ली सुध

**मिशन बदलाव की टीम पीड़िता से मिलने के बाद बीडीओ को मामले से कराया अवगत, समस्या के समाधान का मिला आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर प्रखंड के सोसो महली टोली में रामी टोप्पो का घर भारी बारिश होने की वजह से ध्वस्त हो गया है। इस घटना में उसकी बेटी भी दब गई थी। बहुत मुश्किल से पड़ोसियों के सहयोग से वापस निकाला गया और उसको गम्भीर चोटें भी आयीं। उसके इस घर में दो-तीन बकरी के बच्चे भी दब कर मर गए। अभी यह परिवार बहुत आर्थिक विकट परिस्थितियों से गुजर रहा है। बचा खुचा घर कभी भी ध्वस्त होकर पुनः उसके जान-माल को हानि पहुंचा सकता है। यह खबर सुन कर मिशन बदलाव की टीम उस महिला से मिल कर उसका हाल जाना। उस महिला ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि मेरा घर कभी भी बरसात में गिर सकता है और अब हम कहां जायें क्योंकि हमारे पास खाना के लिये राशन नहीं है और मेरे बेटे पलायन मजदूर हैं। ईंट भट्टे में मजदूरी करने दूसरे राज्यों में गए हैं। पति भी रिक्शा चलाकर जीवन व्यतीत करते थे और उनकी भी मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद मिशन बदलाव की टीम ने पहल करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम आवेदन बनाया और उन्हें दूरभाष पर महिला की सभी समस्याओं से अवगत कराया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि फील्ड विजिट कर सभी समस्याओं का समाधान के लिये सहयोग करेंगे।

# दस दिन से लापता युवक का शव कुएं से बरामद

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया थाना अंतर्गत तुरीबीरा गांव स्थित एक कुएं में सोमवार सुबह एक व्यक्ति का शव देखे जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान लोटवा टोंगरीटोली निवासी 35 वर्षीय वीरेंद्र इंदवार, पिता रंजीत पॉल इंदवार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी अनुसार वीरेंद्र पिछले 15 सितंबर दिन शुक्रवार शाम करीब 8 बजे से अपने घर से लापता था। इस संबंध में वीरेंद्र के बड़े भाई कोर्नेलियुस इंदवार ने बसिया थाने में आवेदन देकर पुलिस प्रशासन से अपने लापता भाई को ढूंढने में मदद करने की गुहार लगाई थी। सोमवार सुबह जब तुरीबीरा स्थित कुएं में शव देखे जाने की सूचना मिली तो वीरेंद्र के परिजन भी वहां पहुंचे और शव की पहचान की। घटना की सूचना पर बसिया थानेदार छोटू उरांव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेजा।

# रंका प्रखंड में अखिल भारतीय आदिवासी सभा ने धूमधाम से करम पर्व मनाया

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



रंका। रंका प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरदरी बागीचा में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के तत्वावधान में प्रकृति पर्व करमा सोमवार को बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को आदिवासी समाज के रशिया एवं रोपनी महिला पुरुषों ने मांदर के थाप पर गीत व नृत्य गाते झुमते स्वागत किया और कार्यक्रम स्थल पर ले गए जहां मंत्री मिथिलेश ठाकुर, गढ़वा जिला युवा अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू, पूर्व प्रमुख जयोति लकड़ा, मुखिया खालिद अंसारी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मांदर बजाने वाले रशिया एवं नृत्य करने वाले रोपनी को वाद्ययंत्र मांदर, धोती एवं महिलाओं को साड़ी उपहार के रूप में प्रदान किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि करमा पर्व झारखंड सहित पूरे देश में श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है। यह प्रकृति का पर्व है। जिसका पवित्र संबंध बहनों के द्वारा भाइयों की सुरक्षा के साथ-साथ प्रकृति की सुरक्षा भी करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड झारखंड विधानसभा से पारित कर केन्द्र सरकार को भेजा गया था जिसे केन्द्र की सरकार ने मंजूरी नहीं दी है। केन्द्र की सरकार झारखंड के आदिवासी मूलवासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है।

इस अवसर पर रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, प्रखंड सचिव इरफान अंसारी, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह युवा प्रखंड सचिव पप्पू यादव, मुकेश तिवारी, बाद रहबर अंसारी, प्रखंड राजद अध्यक्ष अकबर अंसारी, जगदीश टोप्पो, बुधन यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हर्ष व्यक्त : एफजेसीसीआइ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को चेंबर ने दी बधाई

# किशोर मंत्री के अध्यक्ष बनने से गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स को और भी बल मिलेगा : दामोदर कसेरा

**गुमला के हैं नव निर्वाचित अध्यक्ष किशोर मंत्री व महासचिव अमित माहेश्वरी**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गुमला।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्री में सत्र 2023- 24 के लिए किशोर मंत्री को अध्यक्ष और अमित माहेश्वरी को महासचिव चुने जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। बताते चलें कि सत्र 2023-24 के लिए 24 सितंबर को एफजेसीसीआइ का आम चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में किशोर मंत्री अपनी टीम के साथ शानदार विजय हासिल की। किशोर मंत्री इससे पिछले सत्र में भी अध्यक्ष थे। किशोर मंत्री पहले व्यक्ति हैं जो लगातार दो बार अध्यक्ष पद पर बने रहे। किशोर मंत्री मूल रूप से गुमला के निवासी हैं लेकिन कई सालों से रांची में रहकर व्यवसाय कर रहे हैं। किशोर मंत्री की टीम ने 19/2 से जीत हासिल कर एक इतिहास रचा और सत्र 2023- 24 के लिए फिर से अध्यक्ष बने। दूसरी तरफ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के लिए गुमला निवासी अमित माहेश्वरी अपने प्रतिद्वन्दी को हराकर शानदार जीत हासिल की। अमित माहेश्वरी इससे पहले भी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रह चुके हैं। इन दोनों की जीत पर गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स की तरफ से चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने बधाई दी। दामोदर कसेरा ने कहा कि किशोर मंत्री एक कुशल व्यवसायी और मधुर स्वभाव के व्यक्ति हैं। उनकी इतनी बड़ी जीत उनकी ईमानदारी, कुशलता और कार्य क्षमता को दर्शाती है। किशोर मंत्री के अध्यक्ष बनने से गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स को और भी बल मिलेगा। गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स पहले भी फेडरेशन के साथ तालमेल बना कर काम करता रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल, सचिव बब्लू वर्मा, सह सचिव नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुनिलाल साहू, पीआरओ प्रणय साहू व आदित्य गुप्ता, मीडिया प्रभारी मो. इम्तेयाज, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अशोक जैसवाल, पवन अग्रवाल, विनोद केसरी, विजय द ग्रेट, दिलीप कुमार मंत्री, ओम प्रकाश साहू, सोहन लाल अग्रवाल, अमित पोद्दार, दीपक कुमार गुप्ता, रमेश कुमार चीनी, शशि प्रिया बंटी, पदम साहू, मोहम्मद शब्बू, अनमोल गुप्ता, अमित महेश्वरी, महेश कुमार लाल, सरजू प्रसाद हिमांशु केसरी, कार्यकारिणी के राजेश लोहानी, ज्योति कुमारी, विकास सिंह, अजय सिंह राणा, गुरमीत सिंह, अमित मंत्री गोलू, दिलीप कुमार गुप्ता, राहुल केसरी, गुन्नू शर्मा, रितेश गुप्ता, पंकज खण्डेलवाल, प्रतीक अग्रवाल, विजय शंकर दास, बृज फोगला, अजय कुमार, संजीव मालानी, प्रदीप सोनी के अलावा ललिता गुप्ता, सोनी भगत, शुष्मा गुप्ता, आनन्द गुप्ता, श्यासम गुप्ता, कृष्ण कुमार बब्लू, शंकर जाजोध्या व प्रदीप खण्डेलवाल आदि शामिल हैं।

# चान्हो में वज्रपात से दो की मौत, सात घायल

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो थाना क्षेत्र के नकटा पहाड़ में दो कार में सवार होकर घूमने पहुंचे अठ युवाओं की टोली सोमवार की शाम वज्रपात की चपेट में आ गयी। घटना लगभग 5 बजे शाम की बताया जा रही है। वज्रपात की चपेट में आने से मो. अफाहुल (27) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं सात अन्य घायल हो गये। घायलों में मुबाशिर सुहैल मोहम्मद सदीक, मोहम्मद आमिर मोहम्मद अतीक, मोहम्मद आसिफ तथा एक अन्य व्यक्ति शामिल है। सभी घायलों को स्थानीय पुलिस एवं ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चान्हो में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना में थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर स्थित गांव में रोशनी उरांव (14) की मौत हो गयी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# भदौली कुदरा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विक्रांत सिंह और सचिव बने विक्रम ताम्रकार



**सिसई (आजाद सिपाही)।** भदौली कुदरा दुर्गा पूजा समिति गठन को लेकर रामवतार जायसवाल की अध्यक्षता में धर्मशाला में बैठक हुई। बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर वर्ष 2023-24 के दुर्गा पूजा संचालन हेतू पूजा समिति का गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से पूजा समिति के अध्यक्ष विक्रांत सिंह व सचिव विक्रम ताम्रकार को बनाया गया। वहीं समिति के संरक्षक रामोतार जायसवाल, सचीन वर्मा, भोला जायसवाल, बाबूलाल सिंह खेरवार, सनंत केशरी, पुरुषोतम ताम्रकार, गौतम ताम्रकार, प्रभात साहू, जमुना पंसारी, बसंत गुप्ता, जवाहर जायसवाल,उपाध्यक्ष हेमंत गुप्ता व रामानंद सिंह, कोषाध्यक्ष संदीप चौधरी, सह कोषाध्यक्ष मनीष पांडे, मिडिया प्रभारी रंजन ठाकुर, राजेन्द्र सिंह, पूजा प्रभारी किशन सिंह, अभिषेक साहू, विशाल कुमार, धीरज साहू, अजय केशरी, विकास कुमार पंडा, मिक्की केशरी, तारक केशरी, कार्यकारी सदस्य सुदामा वर्मा, राजन कुमार, चमरु महतो, गोपाल ताम्रकार, मुकेश साहू, शिवनारायण गोप, धनश्याम साहू, विनय वर्मा, राजेश साहू, मनोज श्रीवास्तव, पवन केशरी, विजय साहू, विकास साहू, तेज नारायण सिंह, लक्ष्मण महली का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

# 34वां प्रांतीय खेलकूद समारोह में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्रों ने परचम लहराया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** विद्या भारती सिंदरी में आयोजित 34वां प्रांतीय खेलकूद समारोह में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के छात्रों ने परचम लहराया है। इस प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता (एथलेटिक्स) में एकलव्य विद्यालय बसिया के 17 छात्रों ने भाग लिया और 27 पदक जीता। इस प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, चक्का फेंक, रिले-4गुणा100, गोला फेंक, भाला फेंक, त्रिकूद बाधा दौड़, पैदल चालन, क्रॉस कंट्री दौड़ आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एकलव्य मॉडल विद्यालय बसिया के विद्यार्थियों ने 6 स्वर्ण, 11 रजत, 10 कांस्य पदक प्राप्त किये। इसके अतिरिक्त ओवरऑल चैंपियनशिप में जहां बाल वर्ग में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया को पूरे प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं किशोर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। सिंदरी से विद्यालय वापस आने पर सभी खिलाड़ी छात्रों का गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया गया। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पालकोट प्रखंड अहीर समाज की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर की गयी चर्चा



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड अहीर समाज को संगठित करने को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में समिति विस्तार के अलावे समाज में हो रहे छोटे-बड़े विवादों का निपटारा करने, नये पनप रहे विवादों को पूर्व में ही सुलझाने का प्रयास करने व समाज के असहाय तथा जरूरतमंद लोगों की हरसंभव मदद करने, सभी पंचायत में अहीर समाज की पंचायत स्तरीय समिति का गठन कर पंचायत स्तरीय सामाजिक संगठन को मजबूत करना आदि विभिन्न मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से अहीर समाज से रामु गोप जिला महासचिव गुमला, मनोज यादव पालकोट प्रखंड अध्यक्ष, अर्जुन ग्वाला प्रखंड सचिव, संजीव गोप प्रखण्ड कोषाध्यक्ष, महावीर गोप प्रखंड उपाध्यक्ष, मनोज गोप पंचायत सचिव, सुनील गोप पंचायत सचिव बाघमा, राजकुमार गोप युवा कार्यकर्ता, टेंगरिया, आनंद गोप युवा कार्यकर्ता, नंदू गोप, मनोज गोप, कुलदीप गोप, बालमोहन गोप, कुलदीप गोप, शिवचंद गोप, अर्जुन गोप, श्रवण गोप, बिकी गोप, दीपक गोप, बालका, बंधु गोप, नीलम देवी, संतोषी, सुजाता, आशा, करुणावती, अनीता, मुन्नी, अंजनी, बिहानी, जावा, अंशु, लगनी, सुकरो, नानु, बिनदे, बिशनू, सावित्री, मनोज, महावीर, सोमरा गोप आदि मौजूद थे।

# शिवशक्ति संघ दुर्गा पूजा कमेटी का गठन, अध्यक्ष बने विजेद्र पासवान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नगवां मोहल्ला स्थित शिवशक्ति संघ दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक प्राथमिक विद्यालय में हुई। जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ पूजा का आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक में नए पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। जिसमें विजेन्द्र पासवान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पंकज रजक व मनीष शर्मा, सचिव दीनदयाल पासवान, हिमांशु रंजन एवं छोटू चंद्रवंशी, महामंत्री मुनि शर्मा, संगठन मंत्री राजेश विश्वकर्मा, युगेश कुमार, रूपेश पासवान, व्यवस्थापक आकाश पसवान, छोटू गुप्ता, राहुल कुमार, आदित्य कुमार, फंटूश कुमार, मीडिया प्रभारी बबलू पासवान, आर्यन पासवान, पंकज पासवान को जिम्मेवारी सौंपी गई। वहीं कार्यकारणी सदस्य के रूप में रामकुमार ठाकुर, विशाल चंद्रवंशी, चिंटू चंद्रवंशी गौतम शर्मा, विजय गुप्ता, देव कुमार, धरमजीत सिंह, पिंटू बिंद, श्रीराम कमलापूरी, मोनू चंद्रवंशी, उज्वल कुमार, शिव कुमार, रवि कमलापुरी, अमन कुमार, प्रेम कुमार, करण कुमार का मनोनयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुकेश कुमार ने की। बैठक में मोहल्ले के काफी संख्या में युवा उपस्थित थे।

### भाजपा सरकार में गांव-गांव हो रहा सड़कों का निर्माण, पहुंचायी जा रही बिजली : विधायक

# शक्ति उपकेंद्र से चार दर्जन गांव को मिलेगी निर्बाध बिजली : वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के गांधीपुर में 33/11 विद्युत शक्ति उपकेंद्र का उद्घाटन सोमवार को पलामू सांसद वीडी राम, विधायक आलोक चौरसिया और जिप सदस्य ने संयुक्त रूप से किया। उक्त विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण लगभग 2.50 करोड़ रुपए की लागत से टाटा पावर लिमिटेड द्वारा किया गया है। इससे अब इस उपकेंद्र से दो फीडर 11केवी पथरा एवं 11केवी पूर्वडीहा फीडर के माध्यम से लगभग 49 गांवों को


विद्युत शक्ति उपकेंद्र का उद्घाटन करते सांसद वीडी राम, विधायक आलोक चौसरिया व अन्य।

निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इस अवसर पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पिछले वर्षों के दौरान पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। हर तरफ विकास कार्य निरंतर जारी है जिसका परिणाम आने वाले कुछ वर्षों में दिखाई देगा। इस नए सब-स्टेशन के चालू होने से आसपास के क्षेत्र के 49 गांवों को गुणवत्तापूर्ण, विश्वसनीय और निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। अब इन ग्रीडों से जुड़े उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। केंद्र की मोदी सरकार गांव-गांव तक बिजली पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। वहीं, विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि भाजपा सरकार में गांव-गांव तक सड़कों का निर्माण हुआ है। बिजली पहुंचाई जा रही है जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलव चौरसिया, विभाकर नारायण पांडेय, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, सोमेश सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दूबे, ईश्वरी पांडेय, आनंद सिंह, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, राघवेंद्र तिवारी, जय दूबे, पूर्वडीहा मुखिया पप्लू दूबे, विकास दूबे अगस्त दूबे, जितेंद्र दूबे, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं विद्युत विभाग के कई कर्मी आदि उपस्थित रहे।

# देवरी सोन नदी पर पुल बनने से हुसैनाबाद का होगा चहुंमुखी विकास : कमलेश सिंह

- विधायक ने कहा- हुसैनाबाद वासियों का सपना पूरा होगा, देवरी सोन नदी पर बनेगा पुल
- डीपीआर तैयार करने के लिए निकाली गई निविदा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मेहनत बेकार नहीं जाती। एक दिन रंग जरूर लाती है। इस कहावत को सच कर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दिखा दिया है। तीन सितंबर 2022 में विधायक ने दिल्ली में मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर सोन नदी पर देवरी से देवीपुर तक पुल निर्माण कराने की मांग रखी थी। दो फरवरी, चार मार्च और 22 मई 2023 को डाक और ईमेल के माध्यम से पुनः पत्र लिखकर सड़क एवं परिवहन मंत्री को अपनी मांग को दोबारा


विधायक कमलेश कुमार सिंह।

रखा, जिसके जवाब में सड़क एवं परिवहन मंत्रायल ने जल्द संज्ञान लेने का आश्वासन दिया था। अब हुसैनाबाद विधायक ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और स्थानीय सांसद वीडी राम का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देवरी देवीपुर पुल निर्माण कार्य का डीपीआर तैयार करने के लिए निविदा निकाल दी गई है। वह दिन दूर नहीं जब हुसैनाबाद के लोगों को रोहतास और उत्तर प्रदेश जाने में 100 किलोमीटर की दूरी कम हो जायेगी। कहा कि रोहतास और नौहट्टा प्रखंड का बाजार डेहरी ऑन सोन की जगह हुसैनाबाद हो जायेगा। जिससे हुसैनाबाद का सर्वांगीण विकास होगा और रोजगार के साधन विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि बंद जपला सीमेंट कारखाने की वजह से देवरी का व्यापार समाप्त हो चुका था। अब वहां रौनक लौट जायेगी। विधायक ने कहा कि इच्छा शक्ति हो तो कोई काम असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आने वाले दुर्गापूजा और दीपावली पर हुसैनाबाद वासियों के लिए केंद्र सरकार का एक बड़ा तोहफा है। उन्होंने पुल निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने पर हुसैनाबाद समेत पलामू व रोहतास की जनता को बधाई दी है।

## भाजपाइयों ने मनायी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा की ओर से नगर व ग्रामीण मंडल के सभी बूथों पर सोमवार को एक साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी। मुख्य कार्यक्रम विश्रामपुर जोड़ा मंदिर परिसर में हुआ। जहां भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। जयंती समारोह की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बनन राम व संचालन महामंत्री संतोष राम ने किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, शिववंश मिश्रा, महामंत्री मनीष कुमार, बेबी देवी, रजनीश चंद्रवंशी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सत्यम शोनी, सुनील चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, अर्चना देवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय ठाकुर, विकाश चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय साह, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मेहता, धर्मेन्द्र कुमार, गोपाल सोनी, एससी मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र भारती, गिरधारी साव, भिखारी साव आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी की अध्यक्षता में तोलरा, भंडार व बघमनवा पंचायत के कई बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी। जहां पंडित जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर संजय चंद्रवंशी, उपेंद्र तिवारी, पंकज तिवारी, विनय चंद्रवंशी और अरुण चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

## एके सिंह कॉलेज में एनएसएस का दो दिवसीय स्थापना दिवस कार्यक्रम संपन्न




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जपला एके सिंह कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय स्तरीय दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सूर्यमणि सिंह और संचालन डॉ प्र0 आलोक रंजन व प्रो कमलेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ प्रदीप कुमार आदि अतिथियों ने किया। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एकल व सामुहिक नृत्य व संगीत, एकांकी, स्लोगन ,पेंटिंग, रंगोली और भाषण आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निपी विश्वविद्यालय के 12 कॉलेज के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ प्रदीप कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस पर विषय से संबंधित विस्तृत प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रो अशोक कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, स्नेहलता कुमारी, सरस्वती रंजन, प्रशिक्षा राज, रामसुभग सिंह, सीमा कुमारी, लीना कुमारी, शशिभूषण सिंह, डॉ शिव कुमार विश्वकर्मा, ओमप्रकाश सिंह, मुकेश कुमार सिंह, इंदिरा सिन्हा, रेखा सिंह आदि थे।

## आकर्ष आनंद बने झारखंड चेंबर के रीजनल उपाध्यक्ष, व्यवसायियों ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची में हुए झारखंड चेंबर के चुनाव में आकर्ष आनंद को झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के रीजनल उपाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया। इस पर पलामू, लातेहार, गढ़वा, नगर चेंबर, मेदिनीनगर व्यावसायिक संघ, डाल्टनगंज चेंबर, लायंस क्लब और रोटरी क्लब आदि संस्थाओं के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने



बधाई दी है। चेंबर के वरिष्ठ सदस्य कृष्णा अग्रवाल ने कहा कि आकर्ष आनंद शहर के जाने-माने युवा व्यवसायी है। वे सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं। सभी को साथ लेकर चलने वाले हैं। चेंबर परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। वहीं, व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने कहा कि समाज में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना चाहिए यही कल के भविष्य हैं। समाजसेवी नवल तुलस्यान ने आकर्ष आनंद को बधाई देते हुए कहा कि और भी युवक व्यवसाई घराने आगे आए हम सभी का हमेशा मार्गदर्शन मिलेगा। चार्टर्ड अकाउंटेंट सरस जैन ने भी आकर्ष आनंद को बधाई दी है। डाल्टनगंज चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया ने कहा कि वे हमेशा से युवाओं को आगे लाने के समर्थक रहे हैं। यही समाज के भविष्य हैं। हमारा चेंबर हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा।

## सगालीम-आसेहार मुख्य सड़क का निर्माण जल्द शुरू नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन : ओंकार नाथ



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के सगालीम-आसेहार मुख्य सड़क की हालात के लिए पांकी के पूर्व और वर्तमान दोनों विधायक दोषी हैं। दोनों को सार्वजनिक रूप से खुद को दोषी मानते हुए यहां के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उक्त बातें आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे सगालीम-आसेहार मुख्य पथ के बीचों बीच बैठ कर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दोनों केवल जनता को ठगा ही है। एक ठेकेदारी के लिए परेशान है तो दूसरा कमीशन के लिए। इन दोनों के बीच आम जनता पीस रही है, लेकिन ओंकारनाथ जायसवाल चुप बैठने वाला व्यक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सड़क की दुर्दशा पर जल्द ही सगालीम में एक दिवसीय धरना का आयोजन कर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने की कोशिश की जायेगी। कहा कि वे पांकी विधानसभा के सभी इलाके के हालात पर नजर रखते हैं। वे दिन रात लोगों के आवाज को बुलंद करने के लिए विधानसभा में घूमते रहते हैं और समस्या को उठाते रहते हैं। इसी आलोक में सगालीम- आसेहार सड़क पर भी वे सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। वहीं, आप नेता कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि सगालीम-आसेहार मुख्य सड़क जर्जर होने से दर्जनों गांव के लोगों के आवागमन में काफी कठिनाइ होती इस मौके पर नंदकिशोर यादव, अरुण वर्मा, दीपू मेहता, सुमित यादव, उदय पासवान, मुकेश राम, संबूल हुसैन, अक्षय कुमार, धर्मेंद्र प्रजापति और प्रदीप प्रजापति आदि थे।

# आरक्षण नहीं तो किसी से गठबंधन भी नहीं : मुकेश


वीआइपी के सुप्रीमो मुकेश साहनी का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

आरक्षण संकल्प यात्रा के तहत हुसैनाबाद में वीआईपी की जनसभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** कपूर्री मैदान में सोमवार को विकासशील इंसान पार्टी का आरक्षण संकल्प यात्रा सह जनसभा कार्यक्रम आयोजित हुआ। पार्टी कार्यकर्ताओं ने गाजे-बजे के साथ अतिथियों का स्वागत किया। वहीं पार्टी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कहा कि निषाद समाज पसीना बहाने के लिए नहीं है। बल्कि अपने बच्चों, परिवार समाज के भविष्य के लिए जागरूक भी हो गया है। आज दिल्ली, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में निषादों को आरक्षण मिल रहा है। लेकिन बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश में हमारे समाज को आरक्षण नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि आरक्षण नहीं तो गठबंधन नहीं। उन्होंने निषाद समाज के भविष्य को लेकर हाथों में गंगा जल देकर संकल्प दिलाया। इस मौके पर रमाशंकर चौधरी, मनोज कुमार निषाद, जगदीश कुमार चौधरी, अनिल कुमार चौधरी, दिनेश प्रसाद चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, धनजंय चौधरी, राजकुमार चौधरी, प्रदेश सचिव राजेन्द्र चौधरी, अरविंद कुमार चौधरी, सूरज प्रसाद चौधरी, सुरेश चौधरी, पूर्व मुखिया सुंदरी देवी, सुनीता देवी आदि मौजूद थे।

# पत्रिका बच्चों की संवेदनाओं का सकारात्मक प्रतीक: सुरजीत कुमार



स्कूल की प्रत्रिका अविराम का विमोचन करते गणमान्य लोग।

संत मरियम विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'अविराम' का विमोचन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर के नावाटोली में स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'अविराम' का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्रामपुर सह सदर एसडीपीओ सुरजीत कुमार के अलावा सुभाष चंद्र मिश्रा, शिक्षक परशुराम तिवारी, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार अग्रवाल, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, पत्रिका के संपादक विनोद सागर, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कवि हरिवंश प्रभात, शायर एमजे अजहर, कवयित्री किरण राज आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सुरजीत कुमार ने कहा कि 'अविराम' पत्रिका बच्चों की संवेदनाओं का सकारात्मक प्रतीक है, जिसमें बच्चों ने अपनी भावनाओं को रचनाओं के रूप में व्यक्त किया है। वहीं, एससी मिश्रा ने कहा कि संत मरियम विद्यालय पलामू जिले का एकमात्र ऐसा विद्यालय है जो नित नये कीर्तिमान स्थापित करने की क्षमता रखता है। मंच-संचालन कर रहे परशुराम तिवारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कवि हरिवंश प्रभात, एमजे अजहर, किरण राज आदि ने कविता पाठ कर बच्चों का ज्ञानवर्धन एवं उत्साहवर्धन किया। अविनाश देव द्वारा विनोद सागर समेत अन्य अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित भी किया गया। आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अविनाश देव ने कहा कि आप बड़ों के आशीर्वाद व मार्गदर्शन से हम अपने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए इतना कुछ नया प्रयोग कर पा रहे हैं।

हमारा एक ही मकसद है कि पलामू शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन उप प्रधानाचार्य एसबी साहा ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, रीना देव, पलामू के सुप्रसिद्ध लोकगायक श्याम जी, मनोज कुमार प्रजापति, ललन प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# हिंदूवादी संगठनों की बैठक, शौर्य जागरण रथ यात्रा को लेकर चर्चा


बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते लोग।

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित पंचमुखी मंदिर परिसर में सोमवार को हिंदूवादी संगठनों की बैठक हुई। जिसमें अयोध्या में स्थित राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विश्रामपुर में आ रही शौर्य जागरण रथ यात्रा को लेकर विशेष चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल व संचालन संतोष गुप्ता ने किया। बैठक में शौर्य जागरण रथ यात्रा के आगमन की रूप रेखा तैयार की गई।

संघ के लोगों ने बताया कि विश्रामपुर में 30 सितंबर की सुबह 8.30 बजे शौर्य जागरण रथ यात्रा का आगमन होगा। जो बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर के पास विशेष पूजा अर्चना के बाद नगर भ्रमण करते हुए पंचमुखी मंदिर प्रांगण में पहुंचेगा। इस दौरान सांसद वीड़ी राम, स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी आदि बड़े-बड़े संत व धर्मप्रेमी मौजूद रहेंगे। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के राजकुमार मेहता, आरएसएस के अमितेश्वर दयाल, मोनू बक्सराय, अनुज गुप्ता, अमित कुमार सोनी, विकास कुमार, सिंकू चंद्रवंशी, राजू केशरी, शशि ठाकुर, अंश सोनी व अभिषेक झा आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



हांगझोऊ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सोमवार को फाइनल में श्रीलंका को हराकर पहली बार स्वर्ण बदक जीता। वहीं, बांग्लादेश ने पाकिस्तार को बराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

### महिला क्रिकेट में स्वर्णिम सफलता : फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराया, तितास ने झटके 3 विकेट

# भारत ने श्रीलंका को दिया 117 रनों का लक्ष्य, 97 रन ही बना सकी टीम

पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश ने जीता कांस्य पदक

एजेंसी

**हांगझोऊ।** हांगझोऊ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सोमवार को स्वर्ण पदक जीत लिया है। फाइनल यानी स्वर्ण पदक के मुकाबले में भारत ने श्रीलंका के सामने 117 रन का लक्ष्य रखा था। भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 116 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा 46 रन की पारी खेली। वहीं, जेमिमा रोड्रिग्स ने 42 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 97 रन ही बना सकी। भारत के लिए तितास साधु ने तीन विकेट और राजेश्वरी गायकवाड़ ने दो विकेट लिए। इस तरह टीम इंडिया ने फाइनल मुकाबला 19 रन से जीत लिया और सोना अपने नाम किया। बतातें चलें कि यह भारत का एशियन गेम्स के क्रिकेट इवेंट में पहला मेडल है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने किसी एशियन गेम्स में हिस्सा नहीं लिया था। वहीं, तीसरे स्थान के लिए मैच में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

### भारतीय पारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही थी। शेफाली वर्मा 15 गेंदों में नौ रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद स्मृति ने जेमिमा के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को रानावीरा ने तोड़ा। उन्होंने मंधाना को आउट किया। मंधाना ने 45 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 46 रन की पारी खेली। वहीं, ऋचा घोष नौ रन, दो मैचों के प्रतिबंध के बाद टीम में वापसी कर रहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर दो रन, पूजा वस्त्राकर दो रन बनाकर आउट हुईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने 40 गेदों में पांच चौके की मदद से 42 रन की पारी खेली। दीप्ति और अमनजोत एक-एक रन बनाकर नाबाद रहीं। श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी, सुगंदिका कुमारी और इनोका रानावीरा ने दो-दो विकेट लिए।

### श्रीलंकाई पारी

जवाब में श्रीलंका की टीम की शुरूआत भी खराब रही थी। तितास साधु ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए चमारी अटापट्टू (12), अनुष्का संजीवनी (1) और विश्मी गुणारत्ने (0) को पवेलियन भेजा। इसके बाद हसिनी परेरा और निलाक्षी डि सिल्वा ने चौथे विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी निभाई। पूजा ने निलाक्षी (23) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। राजेश्वरी ने हसिनी (25) को आउट किया। दीप्ति ने ओशादी राणासिंघे (19), देविका वैद्य ने कविशा दिलहारी (5) और राजेश्वरी ने सुगंदिका कुमारी को आउट कर श्रीलंका की उम्मीदों को समाप्त कर दिया। भारत की ओर से तितास ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए।



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 26 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



**कार्यक्रम :** हर विधानसभा के लिए प्रभारी नियुक्त कर सभा की सफलता के लिए भाजपाइयों ने झोंकी ताकत

# बाबूलाल मरांडी का धनबाद दौरा आज से

- संकल्प यात्रा के छठे चरण का करेंगें शुभारंभ
- हर विधानसभा में टिकट के दावेदार कराएंगे अपनी शक्ति का एहसास, पोस्टर और बैनरों से पटा शहर

मो शब्बीर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने संकल्प यात्रा के छठे चरण की शुरूआत धनबाद कोयलांचल से शुरू करने जा रहे हैं। छठे चरण में वह धनबाद, बोकारो और गिरिडीह जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में सभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर बाबूलाल मरांडी मंगलवार को जिले के निरसा विधानसभा पहुंचेंगे और जनसभा को आयोजित करेंगे। इसी दिन सिंदरी विधानसभा के बलियापुर में भी सभा करेंगे।

रात में विश्राम के बाद बुधवार को झरिया और धनबाद विधानसभा क्षेत्र में सभाएं होंगी। गुरुवार को वे बोकारो जिला में प्रवेश कर जाएंगे और वहां अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में सभा करने के बाद गिरिडीह जायेंगे। इसे लेकर तीनों जिलों के भाजपा जनप्रतिनिधियों सहित तीनों जिलों से संबंधित प्रदेश और जिला के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्षों के साथ धनबाद के कोयलानगर में 4 सितंबर को प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह की मौजूदगी में बैठक भी हुई थी।

## विधायक राज ने किया सभास्थल का निरीक्षण, तो रागिनी ने मीडिया के सामने रखी रूपरेखा




पत्रकारों को कार्यक्रम की जानकारी देती रागिनी सिंह व अन्य।



सभास्थल का निरीक्षण करते धनबाद के विधायक राज सिन्हा व अन्य सहयोगी।

### संकल्प यात्रा की सफलता के लिए भाजपाइयों ने झोंकी ताकत

संकल्प यात्रा की सफलता के लिए जिलेभर के भाजपाइयों ने पूरी ताकत झोंक दी है। हर विधानसभा में सभा को लेकर प्रचार प्रसार जोर शोर से चल रहा है। कार्यक्रम की सफलता के लिए क्षेत्र के विधायक या पिछले चुनाव में प्रत्याशी रहे नेताओं के नेतृत्व में दो प्रभारी नियुक्त किया गया है। सभी मंडल अध्यक्षों को भीड़ जुटाने की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। इसके अलावे महानगर व ग्रामीण जिला अध्यक्ष अलग-अलग अपने कार्य क्षेत्र के विधानसभा कार्यक्रम की सफलता को लेकर निगरानी कर रहे हैं। लगातार सभास्थल का निरीक्षण, कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों का दौर जारी है।

### आइएनडीआइए और सरकार निशाने पर

मंगलवार और बुधवार को धनबाद की धरती से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी राज्य सरकार और आइएनडीआइए गठबंधन पर निशाना साधेंगे और जिले के सभी नेता व कार्यकर्ता में जोश भरेंगे। इसके अलावे झारखंड सरकार की नाकामियों और केंद्र सरकार की उपलब्धियों से लोगों को अवगत करायेंगें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के आदिवासी वोटरों को भी रिझाने की कोशिश करेंगे।

### कार्यकर्ताओं को देंगे वोट बैंक बढ़ाने का मंत्र

संकल्प यात्रा के दौरान दो दिनों के प्रवास में बाबूलाल मरांडी हर विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय कार्यकर्ताओं से भी रूबरू होंगे। स्थानीय स्तर पर पार्टी को मजबूत कर वोट बैंक बढाने का मंत्र देंगे। साथ ही कर्मियों को भी टटोलेंगे, ताकि चुनाव से पहले पार्टी के अंदर की खामियों को दूर कर सकें।

### पोस्टर और बैनरों से पट गया शहर

कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी ने अपनी ओर से पूरी ताकत लगा रखी है। हर विधानसभा में जगह-जगह प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में तोरण द्वार, ढोल नगाड़े की तैयारी है। इसी बहाने हर विधानसभा में आगामी चुनाव में टिकट की दावेदारी मजबूत करने की भी नेताओं की तैयारी है। कहीं प्रदेश अध्यक्ष को सभास्थल तक ले जाने के लिए बाइक जुलूस, तो कहीं पद यात्रा की तैयारी है। हर विधानसभा में एक से बढ़कर एक पंडालों का निर्माण कराया जा रहा है। चुनाव में टिकट पाने की मंशा रखने वाले सभी नेतागण संकल्प यात्रा के बहाने प्रदेश अध्यक्ष को अपनी अपनी शक्ति का एहसास कराने की तैयारी में जुटे हैं।

### विधायक राज ने किया सभास्थल का निरीक्षण

सोमवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा ने 27 सितंबर को गोल्फ ग्राउंड में आयोजित प्रदेश अध्यक्ष की सभा को लेकर जिले के पदाधिकारियों के साथ सभास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच और सभा में पहुंचने वाले कार्यकर्ता और भाजपा समर्थकों की बैठने की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। साथ ही जरूरी दिशा निर्देश भी दिया। वहीं झरिया की सभा को लेकर कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रागिनी सिंह में संवाददाता सम्मेलन कर प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रमों और तैयारी की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, उपाध्यक्ष मानस प्रसून आदि मौजूद थे।

### वोट बैंक बढ़ाने और खोई सीट पाने की हो रही है तैयारी

2019 विधानसभा चुनाव में धनबाद जिला अंतर्गत 6 विधानभसा सीट में निरसा से अपर्णा सेन गुप्ता, बाघमारा से ढुल्लू महतो, धनबाद से राज सिन्हा और सिंदरी इंद्रजीत महतो ने भाजपा से अपनी जीत दर्ज की थी। जबकि टुंडी से झामुमो के मथुरा महतो और झरिया से कांग्रेस की पूर्णिमा निरज सिंह ने जीत दर्ज की थी। ऐसे में भाजपा का प्रयास है कि टुंडी और झरिया सीट फिर से भाजपा की झोली में आये और इसके अलावे जिन विधानसभा में भाजपा के जीत का मारजिंग कम था उसे भी बढ़ाया जाए।

## बेरमो में जगह-जगह हुई करम पूजा

## बहनों ने की भाइयों की मंगलकामना



आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के सभी क्षेत्रों में सोमवार को करम डाली की पूजा कर हर्षोल्लास के साथ करमा पर्व मनाया गया। फुसरो नगर परिषद के कारो बस्ती, मकोली, कल्याणी, करगली बाजार, सुभाष नगर, जवाहर नगर, चलकरी, अंगवाली, फुसरो, पिछरी, चंद्रपुरा, भंडारीदह, तुपकाडीह, चांदो, ढोरी बस्ती के भेडमुक्का, मधुकनारी, राजाबेडा, पटेल नगर, सोतारडीह, बडकीटांड, सिंगार बेडा, भलचौथी आदि स्थानों के ग्रामीण क्षेत्रों में घर के बने पकवान अक्षत व धूप से करम डाली की पूजा अर्चना कर करमा पर्व मनाया गया। महिलाओं व युवतियों ने भाइयों के लंबी उम्र की कामना को लेकर उपवास रखा। देर रात में अखड़ा में करम डाली गाड़ कर बहनों ने पूजा की। दर्जनों अखाड़ों में महिलाओं व युवतियों ने मांदर की थाप पर 'आज रे करम गोसाई... देहू-देहू करम गोसाई देहू आशीष गो..., आदि गीतों पर नृत्य किया। भाई-बहन के स्नेह और प्रेम की निशानी के रूप में भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि को हर प्रतिवर्ष यह पर्व मनाया जाता है। सात दिनों से चल रहे इस पर्व के अंतिम दिन बहनों ने निर्जला उपवास रखकर और शाम को आंगन में करम पौधे की डाली गाड़कर पूजा अर्चना की और बड़ो से आशीर्वाद लिया। इस दौरान करमा गीत से पूरा वातावरण गूंजयमान हो उठा। सुबह से ही गली-मोहल्ले में रंग बिरंगी लाइटों से सजावट कर अखड़ा को सजाया गया। डीजे साउंड से करमा का गीत पूरा क्षेत्र गुंजयमान रहा। कहा जाता है कि करमा पूजा भाई-बहन की अटूट प्रेम का प्रतीक है। करमा पर्व झारखंड वासियों की पहचान है। यह प्रकृति से जुड़ा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार करमा और धरमा नामक दो भाइयों ने अपनी बहन की रक्षा के लिए जान को दांव पर लगा दिया था। दोनों भाई गरीब थे और उनकी बहन भगवान से हमेशा सुख-समृद्धि की कामना करते हुए तप करती थी। बहन के तप के बल पर ही दोनों भाइयों के घर में सुख-समृद्धि आई थी। इस एहसान के फलस्वरूप दोनों भाइयों ने दुश्मनों से बहन की रक्षा करने के लिए जान तक गंवा दी थी। इसी के बाद से इस पर्व को मनाने की परंपरा शुरू हुई थी।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा से राज्य को मिलेगी नयी दिशा : अमित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने संकल्प यात्रा को लेकर बोकारो के बड़ा खटाल, गांधी मैदान सेक्टर-8, चास के गुजरात कॉलोनी और भोजपुर कॉलोनी में बैठक की। जिसमें लोगों को 29 सितंबर को बोकारो विधानसभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की होने वाली संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए लोगों को आमंत्रित किया। अमित ने कहा कि बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा इस बार झारखंड की राजनीतिक दशा एवं दिशा तय करेगी। राज्य के सभी विधानसभाओं में संकल्प यात्रा को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। झारखंड की जनता राज्य की भ्रष्ट सरकार से उब चुकी है। इस लिए बोकारो में भी यह संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगा। बड़ा खटाल में बैठक की अध्यक्षता विक्रम यादव, सेक्टर 8 में जीतेंद्र कालिंदी, गुजरात कॉलोनी में राजकुमार एवं भोजपुर कॉलोनी में मोनू सिंह ने की। बड़ा खटाल में आयोजित बैठक के दौरान ही कुमार अमित ने उपस्थित लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी सुना। इस मौके पर श्रीकांत राय, शशि, विक्की, सुकुर कालिंदी, सुजीत कुमार, विकाश, उदय तिवारी, अमित दूबे, अजय सिंह, अभिषेक तिवारी, पिंटू रजक, अरूण, लालबाबू, चंद्रप्रकाश, पिंटु यादव, छोटु सिंह आदि उपस्थित थे।

## मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों को लेकर चास में प्रदर्शनी का आयोजन

भाजपाइयों ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** जिला भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल में की गई उपलब्धियों का चास मारवाड़ी धर्मशाला में प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बोकारो भाजपा के जिलाध्यक्ष भरत यादव और संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने किया। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। वहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती धूमधाम से मनाई। चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात में 15 साल और प्रधानमंत्री के रूप में 9 साल तक सेवा भाव में किये गए कार्यों के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। वहीं, बोकारो जिला अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि भाजपा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मना रही हैं। इसके तहत कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य किया जा रहा। इस मौके पर विनय कुमार सिंह, रोहित लाल सिंह, अंबिका ख्वास, आरती राणा, शशि भूषण ओझा मुकुल, कमलेश राय, जिला महामंत्री जयदेव राय, शंकर रजक, अर्चना सिंह, मुकेश राय, धीरज झा, अविनाश कुमार, टिंकू तापडि़ा, पन्नालाल कांदू, हरिश सिंह, मनोज सिंह, सनातन सिंह, अनिल सिंह मंतोष ठाकुर, श्यामलोचन सिंह, ऋषव राय, श्यामलिका दूबे, विक्की राय, रंजू देवी, पीयूष गौरव, सुनीता देवी, विक्रम सिंह, मारुति नंदन, ममता गोस्वामी, अनिता देवी, प्रकाश प्रामाणिक, उमेश शर्मा, विकाश अग्रवाल, ललन शर्मा, संदीप टुन्ना, पंकज सिंह, बुलेट, प्रदीप गोराई और धर्मेंद्र महथा आदि मौजूद थे।

## नेत्र जांच शिविर का आयोजन




**कतरास (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील फाउंडेशन झरिया डिवीजन और शंकर नेत्रालय के सहयोग से सोमवार को बाघमारा ब्लॉक के लोहापिट्टी पंचायत सचिवालय में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन टाटा स्टील झरिया डिवीजन के चीफ (सिजुआ ग्रुप) मयंक शेखर ने किया। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में यह चौथा मोतियाबिंद शिविर आयोजित किया गया है। स्क्रीनिंग 21 से 24 सितंबर तक चली और सर्जरी 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होगी। कुल 253 मामलों की जांच की गई है, जिनमें से 85 मामलों को सर्जरी के लिए रेफर किया गया है। शिविर का संचालन शंकर नेत्रालय के डॉ सुजॉय सरकार और डॉ मेघना सेन ने किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज के गांवों में रहने वाले उन वृद्ध लोगों तक पहुंचना है, जो मोतियाबिंद से पीड़ित हैं और आर्थिक रूप से कमजोर होने की वजह से इलाज नहीं करा पाते। इस मौके पर डॉ पीएन सिंह, बिपिन चौधरी, शंकर राव, मनीष सिंह, सुनीता देवी, आशा देवी, अनिता देवी आदि थीं।

## लोयाबाद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा ईद मिलादुन्नबी



हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस की तैयारियों को लेकर बैठक करते लोग।

- सर्वसम्मति से 16 पंचायत की बैठक में लिया गया निर्णय
- सभी जुलूस को सामूहिक हुआ में होना होगा शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद की 16 पंचायत की बैठक रविवार की देर शाम लोयाबाद मदरसा अल जामेअतुल कादरिया अजीजूल उलूम हाल में हुई। कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी पंचायतों के सदर सचिव और सदस्य मौजूद थे। सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 28 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी (हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस) हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर निकाली जाने वाली जुलूस-ए-मुहम्मदी में सिर्फ दो लाउडस्पीकर और माइक होगा। जुलूस में लोग खुद नात पढ़ते चलेंगे। ईदगाह मैदान में आयोजित सामूहिक दुआ में सभी जुलूस को शामिल होना जरूरी है। सभी मस्जिद के इमाम साहब ईदगाह मैदान में आयोजित सामुहिक दुआ में शिरकत करें और देश में अमन व सुकून शांति तरक्की और भाईचारे के लिए दुआ करेंगे। मौके पर कमेटी के महामंत्री मो असलम मंसूरी, हाजी अब्दुल रउफ, गुलाम जिलानी, सज्जाद राशीद मुर्तजा अंसारी, फुरकान अंसारी, शमसुद्दीन खान, परवेज अंसारी, मो आजाद, आसवी मो आजाद इरफान खान, शकील अंसारी, मो जमालउद्दीन अख्तर अंसारी, सिकंदर ए आजम और बब्लू अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

### गांव में घुसा हाथियों का झुंड, दहशत में लोग

**नावाडीह (आजाद सिपाही)।** बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड अंतर्गत खरपीटो पंचायत के अरगामो गांव में जंगली हाथियों का झुंड गया गया। इसकी संख्या 35 से 40 है, जिसमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं। हाथियों का झुंड में गांव की ओर जाने का प्रयास कर रहा है इससे ग्रामीण दहशत में है। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और जंगली हाथियों के झुंड को जंगल की ओर वापस भेजने का प्रयास कर रही है। इस दौरान जंगली हाथियों ने कई धान के खेतों को बर्बाद कर दिया है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सोमवार को इस्पात भवन के कमेटी रूम में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य महाप्रबंधक (सी ई डी) शालिग्राम सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के वरीय अधिशासी शामिल हुए। बोकारो स्टील प्लांट द्वारा संचालित विभिन्न स्कूलों में स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक बनाने के लिए स्वच्छता ही सेवा विषय पर निबंध, ड्राइंग व लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## झिंझी पहाड़ी शिव मंदिर में करम पर्व का आयोजन

## भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है कर्म पर्व : राजेंद्र




**कतरास (आजाद सिपाही)।** झींझी पहाड़ी शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार को करम एकादशी के पूर्व संध्या पर करम महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों करममैती उपवासी व सैंकड़ों महिलाएं शामिल हुई। इस दौरान पारंपरिक गीतों पर नृत्य भी की। सर्वप्रथम झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो 100वीं जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर करम/जावा गीतों से सभी ने नृत्य प्रस्तुत कर संगीतमय माहौल बना दिया। झामुमो नेता राजेंद्र प्रसाद राजा ने कहा कि करम पर्व प्राकृति मूलक एक आदि एवं झारखंड का द्वितीय सबसे बड़ा लोकपर्व है। जिसे भादो शुक्ल एकादशी के दिन बहनें अपने भाई की रक्षा व उन्नति की कामना के साथ मनाती हैं। भाई-बहन के अटूट प्रेम बंधन और रक्षा के प्रतीक करम पर्व बिना तंत्र मंत्र एवं कर्मकांड के सामूहिक रूप से गीतों के माध्यम से मनाया जाता है। इस पर्व में उत्तम कृषि एवं फसलों की रक्षा की कामना की जाती है। करमा-धरमा की कहानी, सात तरह की बीज, जावा डाली, करमडाल आदि जो करम पर्व में उपयोग होता है। पूरा आयोजन कतरास इप्टा के मो नासिर खान के निर्देशन एवं विष्णु कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर झामुमो सह बीसीकेयू केंद्रीय सचिव कंचन महतो, शत्रुघ्न महतो, साधन महतो, भैरवनाथ महतो, माणिक महतो,रुपा कुम्हार, छोटेलाल दास, प्रवीण कुम्हार, कमल दास, रुपेश महतो, सुभाष महतो, शक्ति महतो, शंकर महतो, अमर मोदक, कुशध्वज महतो, कार्तिक कुम्हार, संतोष महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने मजदूरों से किया आंदोलन को सफल बनाने का आग्रह



आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा आहूत 5-7 अक्टूबर (तीन दिवसीय) हड़ताल को सफल बनाने के लिए नेताओं ने करगली फिल्टर प्लांट, जीएम यूनिट, पीओ कार्यालय करगली और कारो परियोजना में पीट व गेट मीटिंग की। वक्ताओं ने कहा कि कोयला मजदूरों के 11वें वेतन समझौते पर ग्रहण लग गया है। ऐतिहासिक समझौता के तहत मजदूरों के वेतन में सम्मानजनक वृद्धि हुई और यह कोयला मजदूरों की संघर्ष और ट्रेड यूनियन नेताओं की दूरदर्शिता का परिणाम है। लेकिन कुछ अल्पबुद्धि कोयला अधिकारियों को मजदूरों की बेहतर जिंदगी अच्छी नहीं लगती है। डीपीई के गाइडलाइन का हवाला देते हुए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दिया और वेतन समझौता पर रोक लग गया। कोयला मजदूर अपने खून पसीना बहा कर उत्पादन कर देश को ऊर्जा से सशक्त करते हैं। इसलिये अपने अधिकार की रक्षा करने के लिए उन्हें 5 से 7 अक्टूबर तक तीन दिवसीय हड़ताल में शामिल होने का आग्रह किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आउट सोर्स के मजदूरों से भी बात कर पूरे क्षेत्र में हड़ताल को मुकम्मल तौर पर सफल बनाया जायेगा। मीटिंग में इंटक के श्यामल कुमार सरकार, सुबोध सिंह पवार, सीटू के विजय कुमार भोई, मनोज पासवान, श्यामनारायण सतनामी, कुणाल कुमार, पंकज महतो, बीएमएस के रामनिहोरा सिंह, दिलीप मारिक, एचएमएस के शुशील सिंह, राहुल सिंह, शंकर नायक, एटक के सुरेश शर्मा, आफताब आलम, मनोज मंडल, मो आजाद, एक्टू के पंचानन मंडल सहित मो नौशाद, जानकी साव, सतेंद्र हसदाह, काजल मित्रा आदि मौजूद थे।

## न्यूज रील्स

### भाजपा विधायक के फ्लैट में युवक ने की आत्महत्या

**लखनऊ (आजाद सिपाही)।** लखनऊ में भाजपा विधायक योगेश शुक्ला के सरकारी फ्लैट में युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। 24 साल का श्रेष्ठ तिवारी विधायक के मीडिया सेल में नौकरी करता था और विधायक के सरकारी फ्लैट नंबर-804 में रहता था। पुलिस के मुताबिक गर्लफ्रेंड से कहा-सुनी के बाद श्रेष्ठ ने आत्महत्या की। वारदात के वक्त गर्लफ्रेंड फ्लैट के गेट पर खड़ी थी। उसे वीडियो कॉल करते हुए वह फंदे पर लटक गया। लड़की ने पुलिस को इसकी सूचना दी।

### केरल में कुत्ते खाकी वर्दी पर झपटते हैं

**कोट्टायम (आजाद सिपाही)।** केरल के कोट्टायम में पुलिस 24 सितंबर की रात एक संदिग्ध ड्रग्स तस्कर के घर छापेमारी के लिए पहुंची थी। जैसे ही पुलिस घर में दाखिल हुई, कई हिंसक कुत्तों ने टीम पर हमला कर दिया। जब तक टीम ने कुत्तों पर काबू पाया, घर में मौजूद लोग फरार हो गये। दरअसल इन कुत्तों को खाकी रंग के कपड़े पहने हुए लोगों पर हमला करने की ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे ड्रग्स माफिया को वहां से भागने का मौका मिल जाये।

# प्रमुखता से सुनी जाती है लोगों की शिकायत : मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मो सरकार ने जन शिकायतों के निवारण को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। कोविड महामारी से पहले, मुख्यमंत्री कार्यालय भुवनेश्वर में जनता की शिकायतें सुनता था और उनके समाधान के लिए कदम उठाता था। सारे राज्य के कई हिस्सों से लोग मुख्यमंत्री शिकायत कक्ष में आते थे और अपनी शिकायतें दर्ज कराते थे और हमारी मजबूत शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से उनका निवारण किया जाता था। राज्य के सर्वोच्च कार्यालय तक जाकर शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था लोगों के मन में व्यवस्था के प्रति विश्वास पैदा कर रही थी। कोविड के दौरान हुई सख्ती के कारण मुख्यमंत्री शिकायत कक्ष लगभग 2 वर्षों तक बंद रहा। स्थिति सामान्य होने के बाद एक बार फिर से काम शुरू हो गया। जो भी हो, कोविड के बाद शिकायत कक्ष में आने वाले लोगों की संख्या और शिकायतों की औसत संख्या में गिरावट आई है। 2 साल के कोविड प्रतिबंधों के कारण शिकायतों के निवारण में समस्या आ रही थी और मैंने इसे लोगों के घरों के पास मुख्यमंत्री शिकायत कक्ष में ले जाने के बारे में सोचा। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये हैं कि मुख्यमंत्री कार्यालय कम समय में राज्य के सभी ब्लॉकों और शहरी क्षेत्रों तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ का प्रबंधन



मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा किया जाता है और मेरे निर्देशन में मुख्यमंत्री कार्यालय ने राज्य के कई जिलों में विकेन्द्रीकृत सुनवाई की। **तो माननीय मंत्री बनाम अधिकारी का मुद्दा कहां उठता है।** विभागीय स्तर पर शिकायतों के निवारण में मंत्रियों ने विभागाध्यक्ष के रूप में हमेशा प्रमुख भूमिका निभाई है। यह उच्चतम स्तर पर टीम वर्क है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में पेशेवर ढंग से किया जाता है। लोगों की शिकायतों का उचित समाधान करना और जनता को सर्वोत्तम संतुष्टि प्राप्त करना हमारा उद्देश्य है। यदि सभी 57 हजार शिकायतकर्ता (उनमें से अधिकांश सांप्रदायिक शिकायतें हैं) भुवनेश्वर में मुख्यमंत्री के शिकायत कक्ष में आए थे, तो उन्होंने यात्रा और आवास पर कितना खर्च किया होगा उन्हें कितनी मजदूरी का नुकसान हुआ होगा मुख्यमंत्री शिकायत कक्ष द्वारा लोगों के घर जाकर शिकायतें एकत्र करने से लोगों के पैसे और समय की बचत हुई है।

## हेलीकॉप्टरों के उपयोग के संबंध में

मैं यहां स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अगर हम हेलीकॉप्टर का उपयोग किए बिना सड़क मार्ग से जाते तो हमें डेढ़ साल लग जाते। किसी भी इंसान के लिए हर दिन अलग-अलग जगहों पर 3 से 5 बैठकें करना और लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच बैठक करना असंभव है। पिछले साढ़े तीन साल में हमने हेलीकॉप्टरों के इस्तेमाल पर 40 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। हेलीकॉप्टर के इस्तेमाल पर हर महीने औसतन एक करोड़ से डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होते रहे हैं। पिछले छह महीनों में, लोगों तक पहुंचने के लिए हेलीकॉप्टरों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया है, जिसकी औसत लागत एक करोड़ रुपये से 1.5 करोड़ रुपये प्रति माह है। हेलीकॉप्टरों के इस्तेमाल पर अत्यधिक खर्च के आरोप पूरी तरह से झूठे और मनगढ़ंत हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय पूरी तरह से पेशेवर तरीके से राज्य के कई निर्वाचन क्षेत्रों में शिकायतों की सुनवाई कर रहा है। इस सुनवाई के दौरान लोगों को सरकार की कई योजनाओं की जानकारी दी जाती है। क्षेत्र में चल रही कई परियोजनाओं को इसके लिए धन की मंजूरी के बारे में सूचित किया गया है। मैंने विशेष रूप से निर्देश दिया था कि लोगों की शिकायतों का निवारण समयबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए। मैं माननीय मंत्रियों, जिला प्रशासन, मुख्यमंत्री कार्यालय, सरकार के विभिन्न विभागों और उन सभी लोगों को ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं जिन्होंने लोगों की शिकायतों को सुनने के लिए विभिन्न स्थानों पर व्यावसायिकता के साथ कदम उठाये। विपक्षी सदस्यों को भी खुश होना चाहिए क्योंकि उनके क्षेत्र की कई शिकायतें दूर हो गयी हैं। मुझे समझ नहीं आता कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए उठाये गये कदमों का कोई विरोध कैसे कर सकता है इस तरह के विरोध प्रदर्शन जनविरोधी हैं और जनता ऐसे रवैये का उचित जवाब देगी। जो भी हो, हम सब जनता के सेवक हैं। जनता की शिकायतें सुनना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## लोग खुश हैं, जन प्रतिनिधि खुश हैं

विपक्ष के सदस्यों को केवल राजनीतिक कारणों से असंतुष्ट नहीं होना चाहिए। मेरी सरकार के लिए लोग पहले हैं। लोगों की समस्याओं का समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और मैं इसे सर्वोत्तम बनाने के लिए काम करना जारी रखूंगा।

### 6 माह के भीतर प्रदेश में 190 से अधिक स्थानों पर सुनवाई आयोजित की गयी

प्रतिदिन 3 से 5 स्थानों पर शिकायतें सुनी गयी और इस प्रक्रिया में मुख्यमंत्री कार्यालय को लोगों से 57442 आवेदन प्राप्त हुए और अब तक 43536 आवेदनों पर निर्णय लिया गया है। इस संपूर्ण प्रणाली को तकनीकी जानकारी के अनुप्रयोग द्वारा पारदर्शी रूप से संपादित किया गया है। इन सभी आवेदनों और उन पर की गयी कार्रवाई के साथ-साथ निर्णय के कई चरणों का पूरा विवरण जनगणना पोर्टल पर डाल दिया गया है। देरी के बावजूद, बार-बार चर्चा के माध्यम से चिंता के मुद्दों को हल करने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं और हमें उम्मीद है कि लंबे समय से चले आ रहे इन ऐतिहासिक मुद्दों को अगले 2 से 3 महीनों में हल कर लिया जायेगा। शिकायतकर्ताओं को लिखित उत्तर दिये जा रहे हैं और मो सरकार के माध्यम से फोन कॉल के माध्यम से उनके विचार भी एकत्र किये जा रहे हैं। मैं दृढ़तापूर्वक कह सकता हूं कि यह देश में किसी भी सरकार की सबसे अच्छी सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली है। आपको याद होगा कि मैंने कोविड काल में मुख्यमंत्री कार्यालय की उस टीम को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई स्थानों पर कोविड प्रबंधन की निगरानी के लिए भेजा था। जब हर कोई घर के अंदर कैद था, मुख्यमंत्री कार्यालय की टीम ने उनके जीवन को बाधित कर दिया और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक जिले से दूसरे जिले की यात्रा की और कोविड की स्थिति की निगरानी की और लोगों के विचार लिए। इस प्रणाली ने हमें त्वरित निर्णय लेने में मदद की है और हमने अपने नागरिकों का बहुमूल्य जीवन बचाया है और अन्य राज्यों की भी मदद की है। अब मैं इस व्यवस्था को लेकर आपकी राजनीतिक आलोचना के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। मुख्यमंत्री शिकायत कक्ष हमेशा मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा चलाया जाता है और भुवनेश्वर में इस प्रणाली में माननीय मंत्रियों को शामिल होने की कोई आवश्यकता नहीं है। शिकायत मिलने पर उसे संबंधित विभाग को भेज दिया जाता है।

## सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षणार्थी को मिला प्रमाणपत्र




**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** एमसीएल जागृति महिला मंडल, बुर्ला की ओर से आस-पास गांव के 14 महिलाओं को 6 महीने का सिलाई व कढ़ाई प्रशिक्षण प्रदान किया गया और प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें प्रामणपत्र प्रदान किया गया। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने उपाध्यक्षाओं सरिता पटेल, रश्मि बेहुरा और अंजली बापट की उपस्थिति में 14 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती पद्मजा सिंह ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार में जोड़ने के लिए महिला मंडल द्वारा सिलाई-कढाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे वे स्वयं रोजगार क्षम बन सके ।

## सीएसआर अभियान के सर्वोत्तम उपयोग के लिए एनटीपीसी-इआर-मुख्यालय को गोल्ड अवार्ड



**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनसंपर्क परिषद (पीआरसीआई) ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व अभियान की श्रेणी में एनटीपीसी पूर्व क्षेत्र-द्वितीय मुख्यालय को गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया। यह पुरस्कार 21 सितंबर 2023 को नयी दिल्ली में आयोजित पीआरसीआई ग्लोबल कम्युनिकेशन कॉन्क्लेव के दौरान प्रदान किया गया था। यह पुरस्कार एनटीपीसी की सीएसआर योजना के तहत पहल की मान्यता में है। क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (ईआर) पार्थ मजूमदार ने इस उपलब्धि के लिए ईआर- मुख्यालय टीम की सराहना की है।

## भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल की जयंती मनायी




पंडित दीनदयाल की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

**राजधनवार, गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सोमवार को भाजपाइयों ने धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में मनायी। भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह सहित भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान श्री सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय जनसंघ की नींव वर्ष 1951 में रखी तथा 1967 में जनसंघ के अध्यक्ष का प्रभार भी संभाला। उन्होंने छात्र जीवन से ही पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया था और एकात्म मानववाद तथा अंत्योदय पर विशेष जोर दिया था। कहा कि एकात्म मानववाद तथा अंत्योदय के विचारों के प्रेणता पंडित दीनंदयाल उपाध्याय एक नाम ही नहीं बल्कि एक विचारधारा थे।


# वेदांता एल्युमीनियम ने फायर मॉक ड्रिल का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** भारत में एल्युमीनियम के सबसे बड़े उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने हाल ही में झारसुगुड़ा के डीएवी स्कूल में एक व्यापक फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। ड्रिल का उद्देश्य स्कूल की अग्नि आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाना और आग से संबंधित आपात स्थितियों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए समुदाय के सदस्यों को अग्नि शमन विधियों से परिचित कराना था। मॉक ड्रिल में शिक्षकों और स्कूल प्रशासकों के अलावा 1000 से अधिक छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में आग बुझाने के उपकरण और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर व्यापक जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल की शुरूआत आग बुझाने वाले यंत्रों के व्यावहारिक प्रदर्शन के साथ हुई, इसके बाद एक नकली आग निकासी प्रक्रिया के साथ छात्रों को प्रभावी निकासी तकनीकों के बारे में शिक्षित किया गया। वेदांता एल्युमीनियम अक्सर सामुदायिक नेताओं, स्थानीय संगठनों और सरकार के साथ सहयोग करता है। सुरक्षा प्रथाओं पर जागरूकता बढ़ाने के लिए ओडिशा सरकार के कारखाने और बॉयलर निदेशालय जैसे निकाय। इसने अपने कर्मचारियों को गहन प्रशिक्षण प्रदान करने, वास्तविक जीवन के परिदृश्यों का बारीकी से अनुकरण करने और ज्ञान प्रतिधारण को बढ़ावा देने के लिए उन्नत विस्तारित वास्तविकता (एक्सआर) आधारित प्रौद्योगिकियों को भी तैनात किया है। इससे पहले, कंपनी ने झारसुगुड़ा में अपने परिचालन में एक अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण पार्क का भी उद्घाटन किया था। कंपनी की औद्योगिक और अग्नि सुरक्षा टीमों को संयंत्र में कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों को आग के खतरों, उनकी रोकथाम और शमन के लाइव, व्यावहारिक सुरक्षा प्रदर्शन की सुविधा प्रदान करने में मदद करना। वेदांता एल्युमीनियम की सुरक्षा-प्रथम संस्कृति पर बोलते हुए। वेदांता लिमिटेड-एल्युमीनियम बिजनेस के सीओओ, सुनील गुप्ता ने कहा, वेदांता में, हम उन समुदायों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं जिनकी हम सेवा करते हैं। इसलिए, सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता हमारे संचालन से परे हमारे समुदाय के सदस्यों तक भी फैली हुई है। फायर मॉक ड्रिल जैसी पहल के माध्यम से, हमारा उद्देश्य नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं को आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल के साथ सशक्त बनाते हुए सुरक्षा जागरूकता की संस्कृति पैदा करना है, जिससे समुदाय में भी सुरक्षा तैयारियों को बढ़ावा मिले। डी.ए.वी. स्कूल के प्रिंसिपल पी.के. पांडा ने कहा, इतने बड़े पैमाने पर इस मॉक ड्रिल का आयोजन करने के लिए मैं वेदांता के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं।



























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**